CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 05°C


हल्द्वानी, शुक्रवार 16 जनवरी 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 142 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com माघ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 26 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वाशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर खेल टाइम्स



भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में: पाकिस्तान पेज 12

# 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले: मोदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

### 28वें CSPOC का पीएम ने किया उद्घाटन

### 42 देशों के 61 स्पीकर्स शामिल



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

पीएम मोदी ने कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। दुनिया का नंबर-2 स्टील प्रोड्यूसर है। दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है। दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। दुनिया का तीसरा बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संभाल रहे हैं। इसमें कॉमनवेल्थ के 42 देशों से 61 स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन 14 से 16 जनवरी यानी तीन दिनों तक चलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्लील कंटेंट के बीच X ने किया नियमों को सख्त

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट की शिकायतों के बाद अपने नियमों को सख्त करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट ग्रोक के लिए नए सुरक्षा नियम लागू किए हैं। एक्स ने नए नियमों के तहत असली लोगों की आपत्तिजनक कपड़ों में तस्वीरों को संपादित करने पर रोक लगाना, चित्र बनाने की सुविधा सिर्फ पेड उपभोक्ताओं तक सीमित करना और ऐसे इलाकों में जियोब्लॉकिंग शुरू करना शामिल है जहां ऐसा कंटेंट गैर-कानूनी है, जो उपभोक्ता सुरक्षा और कानूनी पालन के प्रति प्लेटफॉर्म की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। एक्स ने कहा कि हमने ग्रोक खाते को बिकनी जैसे आपत्तिजनक कपड़ों में असली लोगों की तस्वीरों को संपादित करने से रोकने के लिए तकनीकी उपाय लागू किए हैं।

### मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर से धरोहर को मिटाना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर मोदी योगी की डबल इंजन सरकार देश की सदियों पुरानी विरासत को ध्वस्त कर घोर पाप कर रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि इस ऐतिहासिक और सदियों पुरानी धरोहर पर बुलडोजर का इस्तेमाल देश की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करना है और ऐसा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास के नाम पर चंद लोगों के हित के लिए काशी की धार्मिक पहचान मिटाने पर लगे हैं। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बनारस में मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर सदियों पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

### चुनावी राज्यों की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी असम, तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारी में जुट गई है, जहां अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव संभावित है। इन राज्यों के नेताओं को एक-एक करके दिल्ली बुलाया जा रहा है और पहली बैठक 16 जनवरी को होगी। कांग्रेस असम विधानसभा चुनाव में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही वजह है कि पार्टी के बड़े नेताओं को लगातार बड़ी जिम्मेदारी असम में दी जा रही है।

# आई-पैक: ईडी अफसरों पर नहीं होगी FIR

## सुप्रीम कोर्ट ने प.बंगाल सरकार व डीजीपी को जारी किया नोटिस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** कोलकाता में बीते आठ जनवरी को आई-पैक के कार्यालय और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर हुई प्रवर्तन निदेशालय की रेड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को दो हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। अदालत ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक रहेगी। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी के काम में दखल नहीं दे सकती। कोर्ट ने सीसीटीवी समेत सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा है कि वह इस मामले में नोटिस जारी कर तथ्यों की जांच करेगी। कोर्ट ने कोलकाता हाईकोर्ट में ईडी की याचिका की सुनवाई के दौरान हुई अव्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि एजेंसी 14 जनवरी को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान ईडी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईडी ने आरोप लगाया कि कोर्ट रूम में बार-बार माइक बंद हो रहा था, जिससे पक्ष रखने में दिक्कत आई। इसके अलावा, सुनवाई के दौरान भीड़ जुटाने के लिए बसों और गाड़ियों की व्यवस्था की गई थी। ईडी के अनुसार, हालात ऐसे हो गए थे कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को आदेश देना पड़ा कि वकीलों के अलावा किसी अन्य को कोर्ट में प्रवेश न दिया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि भीड़ ऐसे बुला ली गई थी, जैसे कोई प्रदर्शन स्थल जंतर-मंतर हो। कोर्ट ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए मामले की जांच का संकेत दिया। ईडी ने कोर्ट में आरोप लगाया कि रेड के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व अहम दस्तावेजों को जबरन अपने साथ ले गईं। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की पीठ को बताया कि कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बंगाल के डीजीपी और बड़ी पुलिस टीम भी मौजूद थी।

### पूर्व मंत्री लखमा व अन्य को दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा और करोड़ों रुपये के शराब घोटाले से जुड़े अन्य आरोपियों को गुरुवार को अंतरिम जमानत देते हुए निर्देश दिया कि उनकी याचिकाओं को विस्तृत विचार के लिए मुख्य मामलों के साथ सूचीबद्ध किया जाए।

पीठ ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की और याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

**अगली सुनवाई तीन फरवरी को होगी, कोर्ट ने स्पष्ट किया अगली सुनवाई तक ईडी अफसरों के खिलाफ FIR पर रोक रहेगी**



### फिल्म 'जन नायकन' पर सुनवाई से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अभिनेता विजय की फिल्म 'जन नायकन' संबंधी याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और याचिकाकर्ता को मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष जाने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने इस मसले पर उच्च न्यायालय को 20 जनवरी तक निर्णय लेने का निर्देश भी दिया।

# ईरान से भारतीय नागरिकों को निकालने की तैयारियां शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** ईरान में पिछले 15 दिनों से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों के चलते स्थिति बेहद ही भयावह हो गई है। भारत सरकार ईरान में फंसे नागरिकों को निकालने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, भारत सरकार नागरिकों को वापस लाने के लिए शुक्रवार से अभियान शुरू कर सकती है।

सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय ईरान में मौजूदा अस्थिर स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और उन भारतीय नागरिकों की घर वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए व्यापक तैयारियां कर रहा है, जो भारत लौटने के इच्छुक हैं। ईरान में पिछले 15 दिनों से विरोध प्रदर्शनों और हिंसा का सिलसिला जारी है, जिसने वहां की आंतरिक स्थिति को अत्यंत गंभीर बना दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, सुरक्षा की दृष्टि से स्थिति अब भयावह स्तर तक पहुंच गई है। इससे वहां रह रहे विदेशी नागरिकों, विशेषकर भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस उभरती हुई परिस्थिति को देखते हुए, केंद्र सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर अपने नागरिकों को वहां से निकालने की योजना को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ईरान में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए शुक्रवार से एक विशेष अभियान की शुरुआत कर सकती है। विदेश मंत्रालय वर्तमान में उन नागरिकों का डेटा और विवरण जुटाने और व्यवस्था करने की प्रक्रिया में है, जो वर्तमान परिस्थितियों के कारण भारत वापस आने की इच्छा रखते हैं। ईरान में अस्थिरता का यह दौर पिछले महीने के अंत में ईरानी मुद्रा रियाल की कीमतों में भारी गिरावट के बाद शुरू हुआ। आर्थिक संकट से उपजा यह असंतोष अब एक व्यापक राजनीतिक आंदोलन में बदल चुका है, जो ईरान के सभी 31 प्रांतों में फैल गया है। ईरान में वर्तमान में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं और टेलीफोन लाइनें भी केवल रुक-रुक कर काम कर रही हैं। इस संचार अवरोध के कारण, तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर भारतीय छात्रों और अन्य नागरिकों से संपर्क कर रहे हैं।

### ईरान से गुजरने वाली कई भारतीय उड़ानें रद्द, अन्य के मार्ग बदले

**नई दिल्ली।** भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने ईरान के ऊपर से गुजरने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी हैं जबकि कई अन्य के मार्गों में बदलाव किया गया है। ईरान द्वारा वाणिज्यिक उड़ानों के लिए उसके हवाई क्षेत्र को बंद किए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। टाटा समूह की एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ईरान में बने घटनाक्रम, उसके बाद हवाई क्षेत्र बंद किए जाने और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर उस क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों के मार्ग बदले गए हैं, जिससे उड़ानों में देरी हो सकती है। उसने कहा है कि जिन उड़ानों के मार्ग बदलना फिलहाल संभव नहीं है उन्हें रद्द कर दिया गया है। उसने यात्रियों को हवाई अड्डों के लिए निकलने से पहले उड़ान की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी है और इस असुविधा के लिए खेद जताया है।

**आज से शुरू होगा भारत वापस लाने का अभियान**




### दिल्ली में एयर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह एयर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकरा गया। एयरलाइन ने बताया कि घने कोहरे में एयरबस ए350 विमान को पार्किंग के लिए ले जाया जा रहा था, तभी यह घटना हुई। हादसे में विमान के इंजन को नुकसान पहुंचा है। विमान में सवार सभी पैसेंजर और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। एयरबस ए350 की फ्लाइट एआई 101 दिल्ली से न्यूयॉर्क के बीच चलती है। ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण फ्लाइट को अपना मार्ग बदलना पड़ा और वह वापस दिल्ली लौट आई थी।

# श्रीनगर में पारा माइनस 5.2 डिग्री, डल झील जमी

## राजस्थान में -3 डिग्री, हरियाणा में शून्य के करीब तापमान

**उत्तराखंड के दो जिलों में स्कूल बंद**



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी जारी है। कश्मीर में न्यूनतम तापमान पिछले कई दिनों से शून्य से नीचे है। इसके कारण बुधवार को प्रसिद्ध डल झील और कश्मीर के कई जल स्रोत जम गए।

श्रीनगर में मंगलवार की रात न्यूनतम तापमान -5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, राजस्थान में भी तापमान माइनस में पहुंच गया है। बुधवार को हिल स्टेशन माउंट आबू में तापमान माइनस 3 डिग्री रहा। सीकर के फतेहपुर में तापमान 0.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। राज्य में 19 जनवरी से हल्की बारिश की संभावना है। पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने हरियाणा में गलन बढ़ा दी है। यहां 8 जिलों में बुधवार को पारा 8 डिग्री तक गिर गया। हिसार में सर्दी का पिछले दो साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री दर्ज हुआ। हिसार में 15 जनवरी, 2025 को 3.5 डिग्री और 16 दिसम्बर, 2024 को 1.1 डिग्री तक पहुंचा था। उत्तराखंड के हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में भीषण सर्दी के कारण गुरुवार को 12वीं क्लास तक के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट है। यहां नदी और झरनों में पानी जम गया है।

# दिल्ली में सर्दी का सितम जारी न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में लगातार पांचवें दिन भी शीतलहर की स्थिति बनी रही। मौसम केंद्र सफदरजंग में गुरुवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस इलाके में मौसम का सबसे कम तापमान है।

मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार पालम में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिल्ली में सबसे कम और सामान्य से लगभग पांच डिग्री सेल्सियस नीचे है। ठंड का असर पूरी राष्ट्रीय राजधानी में देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार आयानगर में न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड पर 3.4 डिग्री सेल्सियस और रिज में न्यूनतम तापमान 4.5 सेल्सियस दर्ज किया गया। गौरतलब है कि मौसम विभाग वास्तविक न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो जाने पर शीतलहर के तौर पर परिभाषित करता है।

### दिल्ली में घने कोहरे के कारण 20 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर और देश के अन्य शहरों में घने कोहरे के कारण गुरुवार को यहां आईजीआई हवाई अड्डे पर 20 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं, जबकि 100 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है। आईजीआई हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली आने वाली 11 और यहां से जाने वाली भी इतनी ही उड़ानें रद्द हैं। इसके अलावा आगमन और प्रस्थान की कुल 100 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है।

## संक्षिप्त समाचार

### काशी एक्सप्रेस ट्रेन में बम की धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** काशी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की झूठी सूचना देकर सनसनी फैलाने वाले आरा.पी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सहायक पुलिस आयुक्त कुंवर प्रभात सिंह ने गुरुवार को बताया कि वाराणसी और मऊ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जीआरपी ने आरोपी राजेश शुक्ला को मुंबई से पकड़कर वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन लाया है। यह राजेश शुक्ला की तीसरी ऐसी हरकत है। इससे पहले वह दो बार इसी प्रकार की फर्जी बम धमकी दे चुका है और जेल भी जा चुका है। सिंह ने बताया कि आरोपी ने 18 नवम्बर 2025 और 6 जनवरी 2026 को प्रयागराज कंट्रोल रूम पर फोन कर काशी एक्सप्रेस में बम रखे होने की झूठी सूचना दी थी।

### सुरक्षा एजेंसियां करेंगी संयुक्त आपदा प्रतिक्रिया अभ्यास

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मशहूर स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सार्वजनिक सुरक्षा उपायों के तहत सुरक्षा बलों के जवान गुरुवार को संयुक्त रूप से आपदा तैयारी और सुरक्षा प्रतिक्रिया रिहर्सल करेंगे। इस संयुक्त अभ्यास में पुलिस, सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल होंगे। इसका मकसद एजेंसियों के बीच तालमेल को मजबूत करना और प्रतिक्रिया की तैयारी का आकलन करना है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि यह रिहर्सल पूरी तरह से एहतियाती है और इसका मकसद भाग लेने वाली सेनाओं के बीच तैयारी के स्तर, प्रतिक्रिया तंत्र और इंटर-एजेंसी तालमेल का आकलन करना है। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान, सुरक्षाकर्मी इलाके में और उसके आसपास एरिया डोमिनेशन, रूटीन तलाशी और सार्वजनिक सहायता गतिविधियां करते हुए देखे जा सकते हैं।

### मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के मौके पर किया ऐलान

# 2027 चुनाव में अकेले अपने दम पर लड़ेगी बसपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के मौके पर लखनऊ स्थित बसपा प्रदेश मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बसपा आगामी चुनाव किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अकेले दम पर मैदान में उतरेगी। इस दौरान उन्होंने ब्लू बुक के 21वें संस्करण का विमोचन भी किया।

गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस करते हुए मायावती ने कहा कि बसपा सुप्रीमो ने साफ कहा कि गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, क्योंकि अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में बसपा सभी चुनाव अकेले लड़ेगी। जब अपर कास्ट का भरोसा पूरी तरह बसपा पर हो जाएगा, तब गठबंधन पर विचार होगा, लेकिन इसमें अभी समय लगेगा। मायावती ने आरोप लगाया कि प्रदेश की मौजूदा और पूर्व की सरकारें बसपा सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं, लेकिन उससे आमजन को कोई वास्तविक लाभ नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि बसपा को रोकने के लिए भाजपा, कांग्रेस और अन्य जातिवादी दल लगातार भ्रम फैलाकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ता इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बीजेपी सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं। इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र में भाजपा और कांग्रेस के विधायक अपनी उपेक्षा से नाराज होकर जुटे थे। बसपा ने ब्राह्मण को भागीदारी दी। लखनऊ में भाजपा ब्राह्मण विधायकों की बैठक को लेकर उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार में ब्राह्मणों की स्थिति अच्छी नहीं है। हमारी सरकार में ब्राह्मणों का सम्मान किया गया। ब्राह्मणों को किसी भी पार्टी की बाटी चोखे की जरूरत नहीं है। भाजपा में ब्राह्मण समाज की उपेक्षा है। कुछ यही हाल सपा और कांग्रेस में है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य समाज का बसपा सरकार पूरा ध्यान रखेगी। बसपा ने हमेशा ही उनका सम्मान किया है। बसपा ऐसी पार्टी है जिसने सभी जातियों और धर्मों का सम्मान किया है। सुश्री मायावती ने सरकारों पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांशीराम के मरने पर राष्ट्रीय शोक नहीं घोषित किया। उनकी उपेक्षा की गई। दूसरी जातियों के साथ मुस्लिम समाज के साथ अन्याय हो रहा।

### पांचवीं बार बनेगी बीएसपी की सरकार



- कहा: गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है
- जन्मदिन के अवसर पर बुलाई गई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान शार्ट सर्किट होने से हाल में धुआं पसरा

### मुख्यमंत्री ने मायावती को दी जन्मदिन शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने कहा कि प्रभु श्री राम से वह सुश्री मायावती के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय व्यक्तित्वों का अनुभव और योगदान लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई शुभकामनाओं के बाद राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्रों से भी सुश्री मायावती को बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है। उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाया। गौरतलब है कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के अवसर पर एक अहम प्रेस कांफ्रेंस कर प्रदेश की राजनीति में बड़ा संदेश दिया।

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी बनाना जरूरी: बिरला

**नई दिल्ली, वार्ता**



- 28वें राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में बोले लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा में उपसभापति

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने की संसदीय चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासनी अधिकारियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुभव साझा करने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि इससे समाज के हर वर्ग तक कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा और संसदीय प्रक्रिया को ज्यादा विचार विमर्श तथा पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

श्री बिरला तथा श्री हरिवंश ने गुरुवार को यहां संसद भवर परिसर के संविधान सदन में 28वें राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपनी उन खूबियों से बना है जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की योजनाओं पर निष्पक्ष विचार-विमर्श होता है और फिर उसका पूरा लाभ समाज के हर वर्ग को मिलता है। उनका कहना था कि यही कारण है कि भारत आज दुनिया में लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व नेतृत्व में हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया निरंतर मजबूत हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है और लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को मजबूत करने में वैश्विक नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संसदीय सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का प्रभावी मंच है और इसमें जो सुधार हुए हैं, उसी का परिणाम है कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है। भारत की संसद ने सात दशकों से अधिक की यात्रा में जन-केंद्रित नीतियों, कल्याणकारी कानूनों और निष्पक्ष निर्वाचन प्रणाली के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाया है, जिससे प्रत्येक नागरिक की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित हुई है और इससे लो.कतंत्र में लोगों की आस्था बढ़ी है। श्री बिरला ने कहा कि संसद और सरकार के साझा प्रयासों से अनावश्यक कानूनों को हटाया गया और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप नीतियां बनाई गईं, जिसके परिणामस्वरूप देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

### नैतिक एआई और जिम्मेदार सोशल मीडिया समय की आवश्यकता

एआई और सोशल मीडिया ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की दक्षता-कार्यकुशलता का जिक्र किया और कहा कि इनके दुरुपयोग से गलत सूचना और सामाजिक विभाजन जैसी चुनौतियां भी सामने आई हैं इसलिए नैतिक एआई और जिम्मेदार सोशल मीडिया समय की आवश्यकता है। उनका कहना था कि भारत की संसद और विधान मंडलों में डिजिटल तकनीक और एआई का उपयोग बढ़ रहा है। पेपरलेस व्यवस्था और साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म ने पारदर्शिता, दक्षता और उत्तरदायित्व की नई मिसाल कायम की है। लोकसभा अध्यक्ष ने संसदों की निष्पक्षता और जनता के विश्वास को लोकतंत्र की आत्मा बताया।

# उत्तर प्रदेश में बनेंगे छह नॉर्थ-साउथ हाईवे कॉरिडोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उत्तर-दक्षिण दिशा में सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार छह नए नॉर्थ-साउथ हाईवे कॉरिडोर विकसित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन प्रस्तावित कॉरिडोर परियोजनाओं को सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है। इनके निर्माण से प्रदेश के कई जिलों में आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार इन कॉरिडोरों के विभिन्न पैकेजों के कार्ययोजना प्रस्तावित किए जा चुके हैं। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिसे दो वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित छह कॉरिडोर उत्तर प्रदेश के उत्तर और दक्षिणी हिस्सों को सीधे जोड़ेंगे। इनमें प्रमुख रूप से इकौना (श्रावस्ती) से प्रयागराज तक लगभग 262 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर शामिल है, जो गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या और सुलतानपुर से होकर गुजरेगा। इस मार्ग को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे के रूप में विकसित किए जाने की योजना है। इसी तरह लखीमपुर-सी तापुर- लखनऊ-नवाबगंज- लालगंज- चौडारा-जौनिया-ललौली होते हुए बांदा तक एक अन्य लंबा कॉरिडोर प्रस्तावित है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 502 किलोमीटर बताई जा रही है।

# सेना दिवस पर सैन्यकर्मियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 78वें सेना दिवस पर सेना के जवानों, अधिकारियों और उनके परिवार.जनों को शुभकामनाएं दी हैं।



श्रीमती मुर्मू ने गुरुवार को अपने संदेश में कहा कि सेना दिवस पर हमारे बहादुर सैनिकों, सेवानिवृत सैनिकों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई। भारतीय सेना हमारे देश की एकता, संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने में दृढ़ है। हमारे सैनिक हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं और आपदाओं और मानवीय संकटों के दौरान जरूरी मदद देते हैं। आपकी अटूट 'राष्ट्र प्रथम' भावना हर भारतीय को प्रेरित करती रहती है। मोदी ने अपने संद.ेश में कहा कि सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के साहस और दृढ़ प्रतिबद्धता को सलाम करते हैं। हमारे सैनिक निस्वार्थ सेवा का प्रतीक हैं, जो सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प के साथ देश की रक्षा करते हैं। प्रधानमंत्री ने कर्तव्य की वेदी पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम उन लोगों को गहरे सम्मान के साथ याद करते हैं जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की कर्तव्यनिष्ठा पूरे देश में विश्वास और कृतज्ञता की भावना पैदा करती है। रक्षा मंत्री ने सेना दिवस के गौरवशाली अवसर पर भारतीय सेना के बहादुर जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश भारतीय सेना के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करता है।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# लगातार तीसरी तिमाही में बना निर्यात का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता**

वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर देश का कुल निर्यात लगातार तीसरी तिमाही में नए रिकॉर्ड स्तर पर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में कहा गया है कि अक्टूबर-दिसम्बर 2025 के दौरान देश का कुल निर्यात किसी भी तीसरी तिमाही का नया रिकॉर्ड है।

पहली और दूसरी तिमाही में भी संबंधित तिमाही के निर्यात का उच्चतम स्तर रहा था। इस प्रकार यह पूरे नौ महीने का नया रिकॉर्ड है। आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में अप्रैल से दिसम्बर तक देश का कुल निर्यात 634.26 अरब डॉलर रहा। इसमें 4.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं आयात भी 4.95 फीसदी बढ़कर 730.84 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार,



कुल व्यापार घाटा 9.21 फीसदी की वृद्धि के साथ 96.58 अरब डॉलर रहा। इसमें वस्तुओं का निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर और सेवाओं का 6.46 प्रतिशत बढ़कर 303.97 अरब डॉलर दर्ज किया गया। वहीं वस्तु आयात 5.90 प्रतिशत बढ़कर 578.61 अरब डॉलर और सेवा आयात 1.48 प्रतिशत बढ़कर 152.23 अरब डॉलर पर रहा।

पहले नौ महीने की अवधि में अमे.रिका को वस्तुओं का निर्यात 9.75 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 65.88 अरब डॉलर दर्ज किया गया। चीन को वस्तु निर्यात में 36.68 फीसदी का उछाल आया और यह 14.25 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल से दिसम्बर के दौरान, गैर-पेट्रोलियम वस्तु निर्यात 5.51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 288.16 अरब डॉलर और आयात 9.45 प्रतिशत बढ़कर 443.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पेट्रोलियम आयात में 4.25 प्रतिशत की कमी आई है और यह 135.43 अरब डॉलर दर्ज किया गया। अप्रैल-दिसम्बर के दौरान भारत से सबसे ज्यादा निर्यात होने वाली वस्तुओं में अभियांत्रिकी वस्तुएं, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं शीर्ष तीन पर रहीं। वहीं, आयात के मामले में पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उनके उत्पाद शीर्ष पर रहे। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और सोने का आयात रहा।मूल्य में 49.39 अरब डॉलर के सोने का आयात किया गया।

# दिसम्बर में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** निर्यात के मुकाबले आयात में तेज बढ़ोतरी से देश का वस्तु व्यापार घाटा दिसम्बर 2025 में बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल दिसम्बर में यह 20.63 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसम्बर 2025 में वस्तु निर्यात 1.88 प्रतिशत बढ़कर 38.51 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं वस्तु आयात 8.67 फीसदी की वृद्धि के साथ 63.55 अरब डॉलर हो गया। सेवाओं का निर्यात एक साल पहले के 36.97 अरब डॉलर से घटकर 35.50 अरब डॉलर रह गया। सेवाओं के आयात में भी कमी आई है और यह 17.80 अरब डॉलर की तुलना में 17.38 अरब डॉलर रह गया। इस प्रकार, सेवाओं और वस्तुओं को मिलाकर कुल निर्यात 74.01 अरब डॉलर और कुल आयात 80.94 अरब डॉलर रहा। इसमें सालाना आधार पर निर्यात घटा है जबकि आयात बढ़ा है। कुल व्यापार घाटा दिसम्बर 2024 के 1.46 अरब डॉलर से बढ़कर 6.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी के दाम बढ़े, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी गिरावट रही। चीनी की कीमतों में तेजी देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 55 रुपये घटकर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 23 रुपये सस्ता हुआ और 2,862 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 12 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल की कीमत 29 रुपये और चना दाल की 23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल के दाम 29 रुपये घटे। मसूर दाल 25 रुपये और उड़द दाल 20 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 66 रिंगिट उतरकर 3,993 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.59 प्रतिशत गिरकर 50.53 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।



स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 89 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति 66 रुपये और सरसों तेल 15 रुपये फिसल गया। पाम ऑयल छह रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 62 रुपये और सोया तेल छह रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वहीं, चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7790.64 रुपये, मसूर काली 8144.86 रुपये, मूंग दाल 10088.51 रुपये, उड़द दाल 10421.39 रुपये, तुअर दाल 10642.28 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.30 रुपये और चावल 3759 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3313.21 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.26 रुपये और गुड़ 4979.20 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# कश्मीर में नए पश्चिमी विक्षोभ से पहले रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार से नए पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना से पहले कश्मीर में ज्यादातर जगहों पर रात के तापमान में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी ठंड का कहर जारी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक श्रीनगर में कल रात न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछली रात के 5.2 से ज्यादा है।

कश्मीर का गेटवे शहर काजीगुंड के तापमान में भी थोड़ी बढ़ोतरी हुई, जो पहले के 5.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 4.7 पर आ गया। दक्षिणी कश्मीर में कड़ाके की ठंड जारी रही। पुलवामा और शोपियां सबसे ठंडे इलाके रहे, दोनों में तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, हालांकि यह पिछली रात के 7.0 डिग्री सेल्सियस और शोपियां के 7.5 से बेहतर था। पहलगाम पर्यटक रिसॉर्ट में तापमान 5.0 से. रिकॉर्ड किया गया, जो एक रात पहले 6.0 डिग्री सेल्सियस था। दूसरे पर्यटक स्थल गुलमर्ग में भी तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पहले 3.8 से. था, जबकि सोनमर्ग में पिछली रात के 2.2 से तेजी से गिरकर 5.8 डिग्री सेल्सियस हो गया। उत्तरी कश्मीर में, कुपवाड़ा में तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो 6.2 से बेहतर है। बुधवार को प्रदेश का मौसम अनिश्चितता वाला रहा जहां जम्मू शहर बर्फ से ढके रिसॉर्ट गुलमर्ग से भी ज्यादा ठंडा हो गया। जम्मू में अधिकतम तापमान सिर्फ 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो शहर के इतिहास में चौथा सबसे कम तापमान था। इस बीच श्रीनगर में अधिकतम तापमान 13.3 से. रिकॉर्ड किया गया, पहलगाम में 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि गुलमर्ग में 8.2 रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में 16 जनवरी से प्रदेश में कम से कम तीन हफ्ते का पश्चिमी विक्षोभ आने की उम्मीद है एवं अगले दो दिनों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान है। विभाग ने कहा कि 19 और 20 जनवरी को कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। 22 से 24 जनवरी तक, ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी के साथ मौसम आमतौर पर बादल छाए रहने की उम्मीद है। 23 और 24 जनवरी के दौरान चिनाब घाटी, उदमपुर, रियासी और दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश या बर्फबारी की भी संभावना है।

# योगी ने अर्पित की गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी

**गोरखपुर, वार्ता**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार महायोगी गुरु गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई।



इस अवसर पर उन्होंने शिवावतार महायोगी से लो.कमंगल तथा सभी नागरिकों के सुखमय-समृद्धमय जीवन की प्रार्थना की। महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मीडियाकर्मियों से बात.चीत में कहा कि बुधवार से ही पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र धर्मस्थलों पर जाकर आस्था को नमन कर रहे हैं। गोरखपुर में बुधवार को लाखों श्रद्धालुओं ने महायोगी भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। उन्होंने कहा कि इस पव पर लाखों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के संगम में आस्था की पवित्र डुबकी भी लगाई। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला लगातार आज गुरुवार को भी जारी है। योगी ने कहा कि आज गुरुवार को गोरखपुर में भगवान गोरखनाथ जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन पंक्ति में लगकर श्रद्धापूर्वक खिचड़ी चढ़ा रहे हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी प्रात: 4 बजे गोरखनाथ मंदिर की विशिष्ट पूजा संपन्न होने के उपरांत भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पर्व और त्योहारों की परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। वास्तव में सूर्यदेव इस जगत की आत्मा हैं। जगतपिता सूर्य की उपासना का यह पर्व, हर प्रकार के शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए प्रशस्ति तिथि माना जाता है। आज के बाद सनातन धर्म की परंपरा में सभी मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्य का जो अयन वृत्त है। ज्योतिषीय परंपरा के अनुसार वह 12 विभिन्न भागों में विभाजित है। एक राशि से दूसरी राशि में सूर्यदेव के संक्रमण को संक्रांति कहा जाता है और जब धनु राशि से मकर राशि में भगवान सूर्य का संक्रमण होता है, तो यह मकर संक्रांति कहलाता है। मकर राशि से अगले छह माह तक यानी मिथुन राशि तक सूर्य भगवान उत्तरायण रहेंगे। उत्तरायण का जो समय होता है, उसमें दिन बड़े और रात्रि छोटी होती है। जीवंतता के लिए सूर्य का प्रकाश कितना महत्वपूर्ण है और भारत की ऋषि परंपरा ने इसे कितना महत्व दिया है, इसका अनुमान इस पर्व के माध्यम से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति एक ऐसा पर्व है, जो देश के अंदर पूरब, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण, सभी हिस्सों में अलग-अलग नाम व रूप में आयोजित होता है।

### योगी ने मकर संक्रांति व पोंगल पर्व पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक आस्था और जगत पिता भगवान सूर्य की उपासना के पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पवित्र संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालु भगवान भास्कर की कृपा से अभिभूत हों और मां गंगा, यमुना व सरस्वती का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मकर संक्रांति लोक आस्था, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक परंपराओं का महापर्व है, जो सामा.जिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नयन का संदेश देता है।

# यूसीसी में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी

■ धामी मंत्रिमंडल की बैठक में पर्यटन की नियमावली पर भी मुहर
■ विभिन्न विभागों के 19 प्रस्ताव रखे गए, उपनल कर्मचारियों को लेकर भी फैसला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में गुरूवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगी है, जिसमें मुख्य रूप से उपनल कर्मचारियों को लेकर मंत्रिमंडल की बैठक में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। साथ ही उपनल कर्मचारी के हक में निर्णय लिया गया है। बैठक में समान कार्य समान वेतन पर सहमति बनी है, जिसका लाभ कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से मिलेगा।

बैठक में विभिन्न विभागों के 19 प्रस्ताव रखे गए। उत्तराखण्ड पर्यटन की नियमावली को भी मंजूरी मिली है। कैबिनेट बैठक में यह भी कहा गया कि बीएनएस की धारा 330 में दो पक्षों के सहमत होने पर विशेषज्ञ की जरूरत नहीं है। उसका एक फॉरमेट बनाने के लिए नियमावली को मंजूरी दी गई। बैठक के महत्वपूर्ण फैसलों में से यूसीसी में संशोधन को मंजूरी का फैसल सबसे अधिक महत्वपूर्ण समझा जा रहा है। सरकार ने कहा है कि इसको लेकर अध्यादेश आएगा। बैठक में कहा गया कि जनवरी 2025 से पूर्व शादी वालों को छूट देते हुए उनके लिए यह निर्णय लिया गया है कि अब उन्हें छह माह के बजाय एक साल में कराना होगा विवाह पंजीकरण। सरकार ने बताया कि रजिस्ट्रार जनरल अब अपर सचिव लेवल के अधिकारी होंगे। समय से काम न करने पर फाइन के बजाय पेनाल्टी किया गया। केदारनाथ धाम में एक पायलट प्रोजेक्ट बनेगा। इसमें गोबर व चीड़ की पत्तियों से बायो मास पैलेट बनेंगे। पर्यटन विभाग करेगा। मंत्रीमंडल के फैसलों की जानकारी सचिव मुख्यमंत्री शैलेश बगोली ने दी। इस अवसर पर अपर सचिव मुख्यमंत्री बंशीधर तिवारी मौजूद रहे।

## समान कार्य समान वेतन का लाभ मिलेगा

दस साल उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के तहत 10 साल पूरे करने वाले कर्मचारियों को समान कार्य समान वेतन का लाभ मिलेगा। इस तरह से उपनल के करीब सात हजार कर्मचारियों को समान कार्य समान वेतन का लाभ मिलेगा। वहीं अब से सिर्फ भूतपूर्व सैनिकों के परिजनों को उपनल में नौकरी मिलेगी। दरअसल, साल 2018 में उपनल कर्मियों को उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया था। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उपनल कर्मियों को नियमितीकरण करने का आदेश दिया था। हालांकि उत्तराखंड हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार, सुप्रीम कोर्ट चली गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट से भी सरकार को कोई राहत नहीं मिली। मतलब सुप्रीम कोर्ट में भी सरकार की याचिका खारिज हो गई थी।

## कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले

- पेराई सत्र 2025-26 के लिए 270 करोड़ की शासकीय प्रतिभूति यानी स्टेट गारंटी को मंजूरी। अब चीनी मिलें ऋण ले सकेंगी।
- चीनी मिलों के गन्ने के मूल्य को मंजूरी। 405 रुपये अगेती के मिलेंगे।
- निर्वाचन विभाग में सेवा नियमावली को मंजूरी।
- उत्तराखंड संस्कृत अकादमी का नाम उत्तराखंड संस्कृत संस्थानम होगा।
- यूकॉस्ट के तहत अल्मोड़ा व चंपावत के साइंस सेंटर के लिए 6-6 पद स्वीकृत किए गए।
- 2024-25 की ऊर्जा विभाग की रिपोर्ट सदन में रखी जाएगी।
- वन निगम की रिपोर्ट सदन में रखने पर मुहर। निगम के वित्तीय वर्ष 2021-22 व वर्ष 2022-23 के वार्षिक लेखों की सम्परीक्षा राज्य विधानसभा के पटल रखे जाने का अनुमोदन किया गया।
- बागवानी मिशन के तहत एंटी हेलनेट पर भारत सरकार की 50 प्रतिशत के साथ अब राज्य से 25 प्रतिशत अतिरिक्त मिलेंगे।
- दून विवि में हिन्दू अध्ययन केंद्र के तहत 6 पदों (4 अकादमी,2 अन्य) को स्वीकृति दी गई।
- उपनल कर्मचारियों के लिए पूर्व में चरणों में समान कार्य समान वेतन के 12 वर्ष के बजाय 10 वर्ष पूरे करने वालों को समान कार्य समान वेतन कर्मचारियों को मिलेगा। 2018 से पूर्व के बाकी को भी अलग से लाभ मिलेगा।
- सतेंद्र कुमार बनाम सीबीआई के तहत एनडीपीएस, पॉक्सो, के तहत विशेष न्यायालय बनेंगे। 16 न्यायालय बनेंगे, जिसमें 144 पद स्वीकृत हैं। देहरादून हरिद्वार नैनीताल और उधमसिंह नगर में 7 एडीजी, 9 एसीजेएम स्तर के न्यायालय होंगे।
- उत्तराखंड की विधानसभा के शीतकालीन सत्र के लिए सीएम को निर्णय के लिए अधिकृत किया गया।
- खनन विभाग: नंधौर व अन्य नदियों में खनन का आदेश संशोधित किया गया है।
- विभिन्न खेल प्रतियोगिता के लिए विधायक स्तर की चौंपियन ट्रॉफी और एक लाख, सांसद स्तर पर चैंपियनशिप ट्राफी और 2 लाख, राज्य स्तर पर 5 लाख और ट्रॉफी मिलेगी।
- ब्रिडकुल रोपवे, टनल व कैविटी पार्किंग, ऑटोमेटेड या मेकैनिकल पार्किंग भी बनाएगा।
- उत्तराखंड पर्यटन की नियमावली को मंजूरी, होम स्टे योजना का लाभ स्थानीय को ही मिलेगा। स्थायी निवास जरूरी होगा। ब्रेड एन्ड ब्रेकफास्ट पंजीकरण नियमावली 2026 प्रख्यापित किए जाने का अनुमोदन किया गया।

## पीएम की शिलान्यास की गयी परियोजनाओं को लेकर प्रगति समीक्षा

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने गुरूवार को सचिवालय में प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न अवसरों पर शिलान्यास की गयी परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने विभिन्न विभागों के अंतर्गत इन योजनाओं से सम्बन्धित भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी ली।

मुख्य सचिव ने सम्बन्धित विभागों को इन परियोजनाओं की निरन्तर निगरानी कर निर्धारित समय पर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जो परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, परन्तु अभी लोकार्पण नहीं हुआ है, ऐसी परियोजनाओं का शीघ्र से शीघ्र लोकार्पण कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को परियोजना का उचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि गतिमान परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराया जाए। इसके लिए सम्बन्धित विभाग प्रो एक्टिव होकर कार्य करें।

मुख्य सचिव ने कहा कि एक से अधिक विभागों से सम्बन्धित परियोजनाओं को विभाग आपसी तालमेल के साथ समस्याओं का निस्तारण कर परियोजना को पूर्ण कराएं। उन्होंने नियोजन विभाग को भी प्रधानमंत्री के शिलान्यास से सम्बन्धित परियोजनाओं की नियमित रूप से मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश दिए हैं। बैठक के दौरान बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विभिन्न विभागों की 22015.76 करोड़ लागत की कुल 91 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है, जिनमें से 18 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं। 06 का लोकार्पण हो चुका है, 12 लोकार्पण होना अभी बाकी है। 73 परियोजनाओं का कार्य विभिन्न स्तरों पर गतिमान है।

## सुबह शाम ठंड का सितम फिर भी धधक रहे जंगल



■ वन विभाग के लिए बनी चुनौती, भालू और वनाग्नि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** सर्दी के सितम के बीच जंगलों में लगातार आग की घटनाएं सामने आ रही हैं। अब मुखेम और बाडाहाट रेंज समेत यमुना, टोंस के जंगलों में आग धधक गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन टीम ने आग बुझाने में जुटे हैं।

गौरतलब है कि जिले में लंबे समय बारिश और बर्फबारी न होने सूखे की स्थिति बनी हुई जिससे वनों में आग धधक रही है। बदलते जलवायु परिवर्तन के कारण एक ओर जहां वनाग्नि की घटनाएं हो रही वहीं भालुओं की शीतनिद्रा में खलल पड़ गया है। जिससे भालू लगातार ग्रामीणों पर हमले कर रहे हैं। अब वन विभाग के लिए चुनौती बनी है कि ग्रामीणों को भालू के हमलों से बचाएं कि वनो को आग से?

बता दें कि नववर्ष के शुरुआती दिनों में भी सुबह शाम ठंड का सितम जारी है। तापमान दो डिग्री तक पहुंच रहा है। लेकिन इसके बाद भी जंगलों में आग की घटनाएं सामने आ रही है। अब जिला मुख्यालय से मुखेम रेंज समीप जंगल में आग लगी हुई है।

आग लगने से वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है। इधर, वरूणावत पर्वत की तलहटी में भी आग लग गई। आग तेजी से आबादी क्षेत्र की ओर बढ़ने लगी। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने आग की सूचना फायर टीम को दी। जिसके बाद फायर टीम ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। यहां भी फायर टीम ने पहुंच आग पर काबू पाया। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं अपर यमुना वन प्रभाग के एसडीओ साधु लाल ने बताया कि वन विभाग की टीम वनाग्नि बुझाने में लगे हुए हैं। वहीं भालू के हमले को रोकने के लिए भी वन विभाग की टीम रात्रि को भी लगातार गस्त कर रही है।

## थल सेना देश की सुरक्षा की मजबूत ढाल: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**



**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने आज गढ़ी कैंट स्थित उत्तराखंड सब एरिया देहरादून में जीओसी मेजर जनरल एमपीएस गिल एवं डिप्टी जीओसी बिग्रेडियर आरएस थापा से भेंट कर उन्हें थल सेना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने भारतीय सेना के शौर्य, पराक्रम और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि थल सेना देश की सुरक्षा की मजबूत ढाल है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने हर परिस्थिति में देश की सीमाओं की रक्षा कर राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। मंत्री जोशी ने यह भी कहा कि उत्तराखंड का सेना से गहरा नाता रहा है और राज्य के सैनिकों ने सदैव देश सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई है। राज्य सरकार पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

भेंट के दौरान आपसी समन्वय, सैनिक कल्याण से जुड़े विषयों एवं प्रदेश में पूर्व सैनिकों के हितों पर भी चर्चा। इसके अतिरिक्त, सैन्य योजनाओं की जानकारी के लिए दो नग एलईडी स्थापना एवं विकासनगर में सामुदायिक शेड बनाये जाने की मांग भी जीओसी ने की। जिस पर सैनिक कल्याण मंत्री ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## किसान सुखवंत आत्महत्या मामला: उच्चस्तरीय एसआईटी का गठन

### आईजी एसटीएफ नीलेश आनन्द भरणे संभालेंगे जांच की कमान, बोले- जांच होगी निष्पक्ष

■ 12 पुलिसकर्मियों का गढ़वाल तबादला

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हल्द्वानी/देहरादून।** ऊधमसिंहनगर के पैगा निवासी सुखवन्त सिंह द्वारा काठगोदाम में की गई आत्महत्या के संवेदनशील प्रकरण में पुलिस मुख्यालय ने कड़ा रुख अपनाया है। मामले की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर उच्च स्तरीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर दिया गया है। साथ ही, संदेह के घेरे में आए 12 पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से कुमाऊं से हटाकर गढ़वाल रेंज के दुर्गम जनपदों में भेज दिया गया है। पीएचक्यू द्वारा जारी आदेश के अनुसार, इस पूरे प्रकरण की गहराई से विवेचना के लिए पुलिस महानिरीक्षक (एसटीएफ) नीलेश आनन्द भरणे की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया गया है। इस दल में पुलिस अधीक्षक चम्पावत अजय गणपति सहित अनुभवी अधिकारियों और निरीक्षकों को शामिल किया गया है, ताकि घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच हो सके। बता दें कि इस मामले में सुखवंत सिंह के भाई की तहरीर पर 26 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सुखवंत के भाई परविंदर ने कोतवाली में तहरीर दी थी। परविंदर सिंह के अनुसार जमीन खरीदने के नाम पर करीब चार करोड़ की धोखाधड़ी हुई है।

#### कई पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

जांच को प्रभावित होने से बचाने के लिए विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। प्रकरण से जुड़े 3 उपनिरीक्षक, 1 अपर उपनिरीक्षक, 1 मुख्य आरक्षी और 7 आरक्षियों समेत कुल 12 पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण जनपद चमोली और रुद्रप्रयाग कर दिया गया है। इन सभी को तत्काल कार्यमुक्त होकर नई तैनाती पर रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

#### वीडियो और ई-मेल की होगी वैज्ञानिक जांच

मृतक सुखवन्त सिंह ने आत्महत्या से पूर्व एक वीडियो संदेश और ई-मेल के माध्यम से स्थानीय रसूखदारों और ऊधमसिंहनगर पुलिस के कुछ अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस मुख्यालय ने इन साक्ष्यों को बेहद गंभीरता से लिया है।

विशेष जांच दल को निर्देशित किया गया है कि वे इन तकनीकी साक्ष्यों का विस्तृत परीक्षण करें और आरोपों की सत्यता के आधार पर कठोर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

न्याय के सिद्धांतों का पालन करते हुए इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वह विभाग का ही क्यों न हो।

## गढ़वाल विवि के कुलसचिव अनीश और वित्त अधिकारी बने प्रो. पंवार

■ कुलसचिव और वित्त अधिकारी को हटाया जाना बना चर्चा का विषय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़ध्वाल विवि ने प्रशासनिक पदों पर बड़ा फेरबदल किया है। गुरूवार को आचानक कुलसचिव और वित्त अधिकारी को हटाएं जाने की चर्चाएं जोरों पर रही।

विवि प्रशासन के हवाले से मिली खबर के अनुसार एक-दो दिनों में गढ़वाल विवि में रिक्त पड़े प्रशासनिक पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया कि जाने है, जिसके चलते अस्थायी रूप से पदों पर तैनात अधिकारियों को इंटरव्यू में सम्मालित होना है। जिसके चलते गढ़ध्वाल विवि के कुलपति ने उन्हें पदमुक्त कर दिया है। वहीं गढ़वाल विवि के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने विवि के कुलसचिव प्रो. राकेश ढोड़ी को पद से हटाकर अनीश उज जमान को कुलसचिव नियुक्त किया है। अनीश उज जमान उपकुलसचिव के दायित्वों को भी देखेंगे। जबकि वित्त अधिकारी पद से डा. संजय ध्यानी को हटाकर इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डा. नारायण सिंह पंवार को वित्त अधिकारी बनाया गया है। इससे पूर्व प्रो. पंवार कुलसचिव पद पर भी रह चुके है। वहीं अंग्रेजी विभाग के प्रो. दीपक कुमार को मुख्य छात्रावास अधीक्षक नियुक्त किया गया है। पूर्व में प्रो. दीपक कुमार को छात्रावास अधीक्षक रह चुके है। गढ़ध्वाल विवि के डीन प्रदोन्नति प्रो. मोहन सिंह पंवार ने बताया कि 17 जनवरी को कुलसचिव पद पर साक्षात्कार होने है। जबकि वित्त अधिकारी पद के लिए 18 जनवरी को साक्षात्कार होंगे।

## उच्च शिक्षा विभाग में 268 असिस्टेंट प्रोफसर के स्थायीकरण को मंजूरी

■ विभागीय मंत्री डॉ. रावत ने स्थायीकरण प्रस्ताव किया अनुमोदित



उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत अपनी परवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले 268 प्राध्यापकों के स्थायीकरण की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह निर्णय उच्च शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ कर्मचारियों के हितों के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है।

**- डॉ. धन सिंह रावत, उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग के 268 असिस्टेंट प्रोफसर के स्थायीकरण को राज्य सरकार ने मंजूरी दे दी है। विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभाग द्वारा प्रस्तुत स्थायीकरण प्रस्ताव को अपना अनुमोदन दे दिया है। प्रदेशभर के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में तैनात विभिन्न विषयों के इन असिस्टेंट प्रोफेसर ने दो वर्ष की परवीक्षा अवधि संतोषजनक पूर्ण कर दी है। समयबद्ध स्थायीकरण होने पर असिस्टेंट प्रोफेसरों ने विभागीय मंत्री व राज्य सरकार का आभार जताया।

प्रदेश की उच्च शिक्षा में शैक्षिक गुणवत्ता, नवाचार, प्रयोगात्मक व शोधात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है।

राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती से लेकर उनके प्रशिक्षण को लेकर भी सरकार लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में तैनात 268 असिस्टेंट प्रोफसर के द्वारा द्विवर्षीय परवीक्षा अवधि पूर्ण करने पर उनके स्थायीकरण को मंजूरी दे दी है। स्थायीकरण का लाभ लेने वाले असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति विभागान्तर्गत वर्ष 2020 से वर्ष 2022 में हुई है, जिन्हें सरकार द्वारा उत्तराखण्ड सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली-2002 के तहत लाभान्वित किया गया है। 13 विभिन्न विषयों के इन असिस्टेंट प्रोफेसर में राजनीति विज्ञान के 71, शिक्षा शास्त्र 26, संस्कृत 35, हिन्दी 71, समाजशास्त्र 5, इतिहास 4, भूगोल व भौतिक विज्ञान 2-2, अर्थशास्त्र 35, गृह विज्ञान 13 तथा रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान व अंग्रेजी में 1-1 असिस्टेंट प्रोफेसर शामिल है। उच्चतर शिक्षा (समूह 'क') सेवा नियमावली-2003 के तहत ऐसे शिक्षकों की नियुक्ति को स्थायी करने का प्रावधान है, जिनका कार्य और आचरण अच्छा हो, उनकी सत्यनिष्ठा प्रमाणित हो और नियुक्ति प्राधिकारी को यह समाधान हो कि शिक्षक को स्थायी करना उपयुक्त है। राज्य सरकार का स्पष्ट मानना है कि शिक्षकों को सुरक्षित, स्थायी एवं सम्मानजनक सेवा वातावरण उपलब्ध कराना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बुनियाद है।

प्राध्यापकों के स्थायीकरण से न केवल उनकी सेवा सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि उच्च शिक्षा संस्थानों में शैक्षणिक निरंतरता और अकादमिक गुणवत्ता भी और अधिक मजबूत होगी।

## 'समान कार्य-समान वेतन' पर कैबिनेट के ऐतिहासिक निर्णय के लिए जताया आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरुवार को सचिवालय में उपनल कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इस अवसर पर उपनल कर्मचारियों ने समान कार्य-समान वेतन के संबंध में आज राज्य मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। उपनल कर्मचारियों ने कहा कि यह निर्णय लंबे समय से चली आ रही उनकी मांगों को पूरा करने के साथ-साथ उनके सम्मान और आर्थिक सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस फैसले से प्रदेश के हजारों उपनल कर्मचारियों में उत्साह एवं विश्वास का वातावरण बना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार उपनल कर्मियों के हितों की रक्षा, उनके सम्मान और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उपनल कर्मचारी राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं।



■ उपनल कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री धामी से मुलाकात कर किया धन्यवाद

## मैक्स हॉस्पिटल ने सर्वाइकल हेल्थ पर बढ़ाई जागरूकता

■ डॉ. रश्मि ने शुरुआती स्क्रीनिंग और रोकथाम पर दिया जोर



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सर्वाइकल कैंसर जागरूकता महीने के तौर पर मनाते हुए, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून, महिलाओं को शुरुआती स्क्रीनिंग, रेगुलर चेक-अप और समय पर बचाव के उपाय करने के लिए प्रोत्साहित करके सर्वाइकल हेल्थ के महत्व पर जागरूकता बढ़ा रहा है और इस पर जोर दे रहा है, ताकि सर्वाइकल कैंसर का बोझ कम हो और लंबे समय तक सेहत अच्छी रहे।

इस पहल का नेतृत्व, डॉ. रश्मि वार्ष्णेय गुप्ता, एसोसिएट डायरेक्टर, ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी कर रही हैं, जिनका मकसद महिलाओं को शिक्षित करना और समय पर मेडिकल सलाह लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। जागरूकता की कमी, सामाजिक कलंक और मेडिकल सलाह में देरी समय पर निदान में बड़ी बाधाएं बनी हुई हैं, जो लगातार सार्वजनिक शिक्षा और निवारक पहलों की आवश्यकता को रेखांकित करती है।

जागरूकता के महत्व पर टिप्पणी करते हुए, डॉ. रश्मि वार्ष्णेय गुप्ता ने कहा, कि "सर्वाइकल कैंसर अक्सर चुपचाप विकसित होता है, शुरुआती चरणों में इसके कोई खास लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। रेगुलर पैप स्मीयर, एचपीवी टेस्टिंग और टीकाकरण महिलाओं को बीमारी बढ़ने से पहले उसे रोकने का एक शक्तिशाली अवसर प्रदान करते हैं। सर्वाइकल स्क्रीनिंग को महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल का एक नियमित हिस्सा बनाने से जान बचाई जा सकती है और लंबे समय तक प्रजनन स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सकता है।"

डॉ. रश्मि, ने आगे कहा, "किशोरी और युवा महिलाओं को एचपीवी की रोकथाम और टीकाकरण के दीर्घकालिक लाभों के बारे में शिक्षित करने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। जागरूकता और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप महिलाओं के लिए परिणामों और जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण अंतर ला सकता है।"

इस जागरूकता पहल के माध्यम से, मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून, शुरुआती कार्रवाई, नियमित स्क्रीनिंग और सूचित स्वास्थ्य विकल्पों को बढ़ावा देकर निवारक महिला स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है। महिलाओं को लक्षण सामने आने से पहले सर्वाइकल हेल्थ को प्राथमिकता देने के लिए प्रोत्साहित करके, अस्पताल का लक्ष्य देर से निदान को कम करना और सभी आयु समूहों की महिलाओं के लिए स्वस्थ परिणामों का समर्थन करना है।

## जोखिम गर्भावस्थाओं के लिए फाइनेंशियल मदद प्रदान करने का लक्ष्य

**देहरादून।** भारत की अग्रणी निजी जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड (पूर्व नाम बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड) ने आज भ्रूण स्वास्थ्य के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया एक अभिनव इंश्योरेंस राइडर 'फीटल फ्लरिश' लॉन्च किया. यह अनोखा समाधान उन्नत गर्भस्थ (इन-यूटेरो) प्रक्रियाओं और उच्च-जोखिम गर्भावस्थाओं के लिए फाइनेंशियल सहायता प्रदान करता है, जो लंबे समय से पारंपरिक मैटरनिटी इंश्योरेंस के दायरे से बाहर रहा है। यह राइडर अपने प्रमुख प्रॉडक्ट, 'माय हेल्थ केयर प्लान' और 'हेल्थ गार्ड', के साथ उपलब्ध कराया जा रहा है।

## केंद्रीय सूचकांक में उत्तराखंड का अव्वल आना विकास की दिशा में सार्थक संकेत: भट्ट

■ विकास का धरातल के साथ केंद्रीय एजेंसी के आंकड़ों में दिखना सुखद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने निर्यात तैयारी सूचकांक में छोटे राज्यों की श्रेणी में उत्तराखंड का अव्वल आने पर खुशी जताई है। पार्टी का मानना है कि केंद्रीय एजेन्सी के आंकड़ों के साथ धरातल पर भी दिखना सुखद है।

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि नीति आयोग एवं अन्य केंद्रीय विकास इंडेक्स में हमारा बड़े राज्यों को भी पीछे छोड़ना, विकसित उत्तराखंड निर्माण की कहानी बयां कर रहा है। राज्य के विकास का जमीन के साथ केंद्रीय एजेंसी के आंकड़ों में भी नजर आना प्रत्येक उत्तराखंडवासी के लिए सुखद है।उन्होंने हाल में नीति आयोग की निर्यात तैयारी सूचकांक 2024 के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक बार पुन: स्पष्ट हुआ है कि देवभूमि सही दिशा में सही गति से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड, लगातार चौमुखी विकास और कल्याणकारी शासन की अवधारणा पर काम कर रहा है।

जिसके नतीजे जमीन पर भी नजर आते हैं और नीति आयोग एवं अन्य एजेंसियों के आंकड़ों में भी। इस बार नीति आयोग के इंडेक्स में स्पष्ट हुआ है कि उत्तराखंड छोटा राज्य और सीमित संसाधन होने वावजूद भी निर्यात तैयारी में भी बड़े बड़े राज्यों में अव्वल आया है। जनसहयोग से भाजपा सरकार की कोशिशों का ही नतीजा है कि उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, बिहार जैसे बड़े राज्य को तो पीछे छोड़ा ही है बल्कि छोटे राज्यों में भी हम शीर्ष स्थान पर रहे हैं। उन्होंने कहा, बड़े बड़े राज्यों को पीछे छोड़, छोटे राज्यों की श्रेणी में पहला स्थान प्राप्त करना, प्रत्येक राज्यवासी के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे पूर्व भी केंद्रीय एजेंसियों की इज ऑफ डूइंग बिजनेस सूचकांकों में भी राज्य अव्वल आया है, बेरोजगारी कम करने में भी हम राष्ट्रीय औसत से अधिक रखने में सफल हुए है, खनन को राजस्व वृद्धि का नया आयाम बनाकर लगातार दो बार केंद्र से पुरस्कृत हो चुके हैं, केंद्रीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वहन में राज्य को चिन्हित किया गया है।

# भाजपा शासन में सबसे ज्यादा चेंज हुई प्रदेश की डेमोग्राफी: हरीश रावत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** अपने दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने गुरुवार को मीडिया से वार्ता की। वार्ता में रावत ने भाजपा सरकार की गृह दशाएं खराब होने की बात कही। कहा आज पूरा राज्य एवं देश अंकिता भंडारी हत्या के साफ और शुद्ध तरीके से न्यायिक संरक्षण में सीबीआई जांच की मांग की जा रही है। लेकिन सरकार ने बिना हाथ और पैर के दो टूक आदेश जारी कर दिया।

पिंडारी रोड स्थित नरेंद्रा होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व सीएम रावत ने कहा कि अंकिता बेटी ने राज्य के मान-सम्मान, एवं गरिमा के लिए अपना बलिदान दे दिया। लेकिन यह बड़े दुर्भाग्य की बात है आज तक पहाड़ की बेटी के मान सम्मान को न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि अंकिता ने खुद अपने साथी को किसी वीआईपी के होने की बात कही थी, आज कांग्रेस के साथ पूरा राज्य उस वीआईपी को सजा दिलाए जाने की मांग कर रहा है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि सीबीआई जांच में सुप्रीम कोट के न्यायाधीश, एवं हत्या स्थल को नष्ट करवाने वाले का भी उल्लेख होना चाहिए था। इसके अलावा उन्होंने कहा कि आगामी 2027 में राज्य में बहुत बड़ा बदलाव होने वाला है। भाजपा का हिंदू मुस्लिम धर्म कार्ड अब नहीं चलने वाला है। आज पूरा राज्य व देश जानता है कि देश में महंगाई, बेरा. ेजगारी, पेपर लीग, महिलाओं के साथ अत्याचार, किसानों के साथ अत्याचार, जंगली जानवरों का अत्याचार, प्रदेश ने लूट खसोट जैसे गंभीर मामले भाजपा शासन काल में बड़े है। जिसे जनता भली भांति समझ चुकी है। कांग्रेस संगठन को लेजर रावत ने कहा कि कांग्रेस एकजुट है, एकजुट रहेगी, राष्ट्रीय नेतृत्व के आधार पर कांग्रेस आगे काम करेगी। उन्होंने हाल के दिनों में सीएम धामी द्वारा राज्य में कांग्रेस सरकार के दौरान डेमोग्राफिक चेंज होने वाले बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि राज्य में कब कब किस पार्टी की सरकार रही, एक सिरे से जांच करने पर स्पष्ट दिखाई देगा कि भाजपा के शासन में सर्वाधिक राज्य की बदहाली एवं डेमोग्राफी चेंज हुई है। वार्ता में पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र टंगड़िया, बसंत कुमार, बालकृष्ण, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राजस्व गांव आंदोलन के लिए भाकपा ने दिखाई तत्परता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता संघर्ष समिति द्वारा तय की गई 18 फरवरी की रैली में भाकपा माले पूरी ताकत से शामिल होगी। रैली की तैयारियों के लिए गांव गांव जाकर बैठकें की जाएंगी। इसके लिए सभी भाकपा माले कार्यकर्ता पूरी तरह से जुटेंगे। भाकपा माले की बिंदुखत्ता कमेटी की बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि बिंदुखत्ता की जनता राजस्व गांव की मांग को लेकर पिछले पांच दशकों से अधिक समय से संघर्ष कर रही है, लेकिन भाजपा सरकार ने पहले वनाधिकार कानून-2006 के नाम पर यहां की जनता को भ्रमित करके लड़ाई को भटकाने का काम किया। फिर मुख्यमंत्री द्वारा राजस्व गांव बनाने में असमर्थता जताते हुए अपनी घोषणा को वापस (विलोपित) ले लिया गया। जबकि राज्य सरकार को विधानसभा से प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार को भेजकर बिंदुखत्ता की भूमि को वन भूमि से हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। किसान महासभा के जिला अध्यक्ष भुवन जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड में भाजपा की धामी सरकार का कुल जमा दो ही चीजों पर फोकस है पहला नफरत की राजनीति से विभाजन पैदा करो और गरीबों को बाँटकर उनको दशकों से बसी हुई भूमि से बेदखल करना। इस पूरे अभियान को भाजपाई मुख्यमंत्री ने लैंड जेहाद का नाम दिया है। बैठक में डा. कैलाश पाण्डेय, भुवन जोशी, किशन बघरी, पुष्कर दुबड़िया, धीरज कुमार, निर्मला शाही, अंबा दत्त बसखेती, गोपाल गड़िया, आनंद दानू, त्रिलोक राम, दौलत सिंह कार्की, खीम सिंह आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### विवि के दो विद्यार्थियों का कम्पनी में चयन

**पंतनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में आयोजित साक्षात्कार के आधार पर टेलीकम्युनिकेशन्स कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) कम्पनी द्वारा विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिक महाविद्यालय के दो विद्यार्थियों का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों में बी.टेक, सूचना प्रौद्योगिकी की छात्रा हर्षिता मार्तोलिया तथा बी.टेक, इलैक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के छात्र प्रियांशु उपाध्याय शामिल हैं। कंपनी द्वारा चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरांत एजेक्यूटिव कैडर में पे स्केल रुपये 30 हजार से रुपये 1.20 लाख प्रतिमाह पर नियुक्ति दी गयी है। साथ ही उन्हें डीए एवं अन्य देय भत्ते भी देय होंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रोफेसर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासों की सराहना करते हुए चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। वहीं निदेशक सेवायोजन एवं परामर्श डा. एमएस नेगी तथा सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि निदेशालय भविष्य में भी विभिन्न क्षेत्रों में विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु निरंतर प्रयासरत रहेगा।

### 18 सूत्रीय मांगों पर कर्मचारियों ने किया मंथन

**बागेश्वर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखंड के बैनर तले जिले के कर्मचारियों की त्रैमासिक बैठक जिलाध्यक्ष नारायण सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को स्थानीय विकास भवन में आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों ने 18 सूत्रीय मांगों को लेकर चर्चा की। साथ ही सरकार से जल्द मांगो को पूरा करने की बात कही। इस दौरान कर्मचारियों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी पिछले लंबे समय 18 सूत्रीय मांग, एसीपी के अंतर्गत 10, 16, 18 वर्ष में पदोन्नति वेतन मान, गोल्डन कार्ड के अंतर्गत विसंगतियां दूर करना, विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियां दूर करना, एनपीएस के स्थान पर ओपीएस लागू करना सहित अन्य मांग के समाधान करने पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियो की समस्याओं को लगातार टालने का काम किया जा रहा है। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने का आह्वान किया। बैठक में पूर्व अध्यक्ष गोकुल सिंह रावत, नरेंद्र पालनी, प्रमोद मिश्रा, गौरव सिंह, राजेंद्र प्रसाद, मनोज जोशी, चंदन गोस्वामी, संजय टम्टा, नंदन असवाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुरेंद्र बिष्ट द्वारा किया गया।

### मकर संक्रान्ति पर किया खिचड़ी का वितरण

**काशीपुर।** बाजपुर रोड स्थित आवास विकास मोड़ पर कुमायूं वैश्य महासभा द्वारा मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में स्टाल लगाकर को चटनी और अचार के साथ खिचड़ी का वितरण किया गया। खिचड़ी कार्यक्रम का शुभारंभ पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा व उद्योग पति देवेन्द्र कुमार अग्रवाल ने खिचड़ी बांटकर किया। इस दौरान कुमायूं वैश्य महासभा अध्यक्ष एमपी गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संजय अग्रवाल, जेपी अग्रवाल, शेष कुमार सितारा, सुरेश चंद्र गुप्ता, केसी बंसल, ईश्वर चंद्र गुप्ता, बीके गुप्ता, कौशलेश गुप्ता, सुरेश गोयल, कपिल अग्रवाल, प्रांशु बंसल, भीम सिंह विश्नोई, योगेश विश्नोई, नवनीत कुमार, सौरभ गुप्ता, शंभुनाथ अग्रवाल, जीके अग्रवाल, राजीव अरोरा, पार्षद गुरविंदर सिंह चंडोक, पुष्कर सिंह बिष्ट, पीके जैन, अनुज बंसल, मोनिका गुप्ता, रितु, सृष्टि आहुजा, सुरभि बंसल, माधवी समेत पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### युवति को पुलिस ने किया चंद घंटों मे बरामद

**काशीपुर।** रामलीला मैदान से बुधवार को एक नाबालिग युवती के जबरन अपहरण का सनसनीखेज मामला सामने आया है। युवती के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपहरण व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर युवती को बरामद कर लिया। ग्राम नंदरामपुर, काशीपुर निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी बुधवार सुबह करीब 9 बजे रामलीला ग्राउंड, काशीपुर में लगे कपड़ों के स्टॉल पर काम करने गई थी। दोपहर लगभग 3.16 बजे बेटी का फोन आया, जिसमें वह रोते हुए बता रही थी कि रामलीला ग्राउंड से विकास, निवासी हनुमान कालोनी, रामपुरा रोड, काशीपुर उसे जबरदस्ती उठाकर ले गया है और उसके साथ मारपीट भी की गई है। फोन कॉल के कुछ ही देर बाद युवती का मोबाइल बंद हो गया। तब से उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। परिजनों ने बेटी की जान-माल को लेकर गंभीर अनहा. ेनी की आशंका जताई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी विकास के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2) और 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज किया तथा कुछ ही घंटों के बाद युवती को बरामद कर लिया।

### गगन कंबोज को फिर मिली धमकी, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** हिंदूवादी नेता गगन कांबोज के घर स्कूटी से पहुंचे 2 बदमाशों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। मौ. विजय नगर, नई बस्ती, काशीपुर निवासी गगन कांबोज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 13 जनवरी की रात्रि के लगभग 10.37 बजे वह अपने घर में लेटे हुए थे उनके घर के बाहर दो अज्ञात स्कूटी चालकों ने उन्हें अभद्र भाषा का प्रयोग कर चिल्ला कर कहा कि गगन काम्बोज घर से बाहर निकल आज हम तुझे जान से मारने आये हैं। जैसे ही उक्त जोरदार आवाज को सुनकर वह घर से बाहर आये तो उक्त दोनों लोग अपनी स्कूटी से वहां से फरार हो गये। गगन कांबोज ने बताया कि उनके साथ इस प्रकार की घटनाएं पूर्व मे भी हो चुकी हैं, जिसके लिए वह कई बार पुलिस प्रशासन को कई प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। उन्होंने उक्त व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा 351(3), 352 के तहत मुक. दमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

### प्रशासनिक कार्यवाही से मृतक सुखवंत की पत्नी को संतोष

**काशीपुर।** मृतक सुखवंत सिंह की असामयिक मृत्यु के बाद शोकाकुल परिवार ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया है। मृतक की पत्नी प्रदीप कौर ने कहा कि उन्हें मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पुलिस



प्रशासन की निष्पक्ष जांच पर पूरा भरोसा है। प्रदीप कौर ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री धामी द्वारा दिए गए सांत्वना और आश्वासन के बाद वे पुलिस की अब तक की कार्रवाई से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री और एसएसपी इस मुश्किल घड़ी में हमारे साथ खड़े हैं। सरकार और प्रशासन जिस तरह से हमें सहयोग दे रहे हैं, उससे मुझे न्याय की पूरी उम्मीद है। प्रदीप कौर ने उन खबरों और बयानों पर भी स्पष्टीकरण दिया जो सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों में चल रहे थे। उन्होंने कहा मैं इस समय गहरे मानसिक आघात और डिप्रेशन से गुजर रही हूँ। मुझे यह भी सुध नहीं रहती कि भारी तनाव में मेरे मुंह से क्या शब्द निकल रहे हैं। पूर्व में अगर मैंने गुस्से में कुछ कहा भी हो, तो उसे मेरी मानसिक स्थिति समझकर देखा जाए। प्रदीप कौर ने प्रशासन से जल्द से जल्द दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग दोहराई है।

## वाहन दुर्घटना में चालक की मौत

**अल्मोड़ा।** भिकियासैंण के बासोट-तराड़ी मोटर मार्ग में एक वाहन अनियंत्रित होकर कार गहरी खाई मे जा गिरा। कार में सवार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। रात में ही पुलिस रेस्क्यू किया और पंचनामा, पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कुबेर सिंह जमनाल पुत्र गोपाल सिंह, निवासी कमेटपानी बुधवार रात अपनी टैक्सी कार से सवारी लेने के लिए पास के ही होटल में एक सवारी लेने निकले थे। इसी दौरान बासोट-तराड़ी मोटर मार्ग के जिहाड़ के पास कार अनियंत्रित होकर करीब 200 मीटर खाई में जा गिरी। सूचना मिलने पर लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। देर रात पुलिस और एसडीआरएफ की टीम पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद चालक कुबेर सिंह को खाई से बाहर निकाला जा सका। इसके बाद उन्हें सीएचसी भिकियासैंण लाया गया। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## विधि विधान से मनाया गया घुघुतिया पर्व

**अल्मोड़ा।** जिले भर में घुघुतिया पर्व को लेकर बच्चों में काफी उत्साह रहा। घुघुते खिलाने के लिए बच्चों ने कौवों को आमंत्रित किया। कौवों को बुलाकर उन्हें घुघुते खिलाए। मकर संक्रांति के मौके पर बीते बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों की ओर से आटे, गुड़ आदि की मदद से घुघुते व अन्य पकवान बनाए गए थे। इसमें घुघुतों के साथ खजूर, डमरू, तलवार, ढाल भी शामिल थे। इन सभी को बच्चों ने माला में पिरोया गया। इसके साथ ही एक संतरे की भी माला में गूंथा गया। बच्चों ने गले में घुघुतों की माला पहन कर काले कौआ काले, घुघुते की माला खा ले.. . गीत गाया।

# उत्तरायणी मेले में लोक कलाकारों ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** गुरुवार दिनभर उत्तरायणी मेले में मेलार्थियों का आवागमन लगा रहा। मेलार्थियों ने खरीददारी के साथ, नाव की सवारी, झूले चरखे की सवारी, हॉट बैलून सहित नुमाईशखेत में बने मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। दोपहर बारह बजे से लेकर पांच बजे तक मंच में स्थानीय विद्यालयों एवं लोक कलाकारों द्वारा मेलार्थियों को रोमांचित किया। मंच में हिमालयन सेंट्रल स्कूल बागेश्वर, महर्षि विद्या मंदिर, आनंदी एकेडमी, सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई। दो बजे के बाद राकेश पनेरू ने अपने डांस से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। एक बजे नगर पालिका परिसर में जूनियर एवं सीनियर वर्ग मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया



गया। इधर बुधार की रात स्टार नाइट शिखर हिमालय जन सांस्कृतिक समिति से जुड़े कलाक. ार इंदर आर्या, कुंदन कोरंगा, मेघना चंद्रा ने शाम साढ़े आठ बजे से रात्रि 12 बजे तक लोगों को अपने गीतों के माध्यम से खूब नचाया। लोक गायक इंदर आर्या ने अपने कुमाऊनी गीत शावरी-शावरी तेरी खूंटो की झावरी सहित अन्य गीतों से मेलार्थियों का मन मोहा। वही कुंदन कोरंगा ने अपने कुमाऊंनी गीत फरसाली की जानकी रे.. सहित अन्य कुमाऊंनी गीतों से स्टार नाइट में चार चांद लगा दिए। स्टार नाइट में दूर दूर से मेलार्थी मेला देखने को पहुंच रहे हैं। जो अपने पसंदीदा गीतों की गायकों से फरमाइश भी कर रहे है। वही कलाकार भी मेलार्थियों के फरमाइश पर उन्हें खुश करने का काम कर रहे है। बुधवार को स्टार नाइट में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पहुंचे। उन्होंने मंच में पहुंचकर सभी को उत्तरायणी कौतिक की बधाई दी। साथ ही नगर पालिका चेयरमैन सुरेश खेतवाल द्वारा मेले को सुव्यवस्थित करने एवं भव्य आयोजन के लिए बधाई दी।

### दो से दस हजार तक के कुत्तों की डिमांड

**बागेश्वर।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तरायणी मेले में आए कुत्ते लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। विभिन्न प्रजातियों के इन कुत्तों की ग्राहकों में जबरदस्त मांग है। दुकानदार इन्हें दो हजार से लेकर दस हजार रुपये तक की कीमत में बेच रहे हैं। मेले में कुत्ते जोशीमठ, पिंडारी, खाती, बदियाकोट, मुनस्यारी आदि स्थानों से आए हैं। वह अपने साथ हिमालयन डॉग, जुमरिया, देशी आदि प्रजाति के कुत्ते के पिल्ले लेकर पहुंचे हैं। सीनौला के पास लगे बाजार में इनको खरीदने वालों की भीड़ उमड़ रही है। मेलार्थी कुत्तों की खरीद के लिए जमकर मोलभाव कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि अच्छी नस्ल का कुत्ता 10 से 12 हजार रुपये में बिक रहे हैं।

## पुजारी की तलाश में सर्च अभियान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** ऐड़ाद्यो धाम के पुजारी 52 वर्षीय विशंभर गिरी बीते कई दिनों से लापता है। उनकी तलाश में पुलिस ने जगह-जगह सर्च अभियान चलाया। बताया गया कि वह देवी मंदिर जाने के लिए निकले थे। इसके बाद से वापस नहीं लौटे हैं।



दरअसल, एड़ाद्यो धाम मंदिर के महंत 52 वर्षीय विशंभर गिरी के चार दिन से लापता होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। काफी खोजबीन के बावजूद उनका अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। इधर, गुरुवार को सोमेश्वर कोतवाली पुलिस जंगलों, मंदिर परिसरों, पैदल रास्तों और आसपास के दुर्गम क्षेत्रों में सघन सर्च अभियान और कांबिंग ऑपरेशन चला रही है। पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ के साथ-साथ संभावित मार्गों की भी जांच कर रही है। वहीं, महंत के अचानक लापता होने से श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों में चिंता का माहौल है। लोग तरह-तरह की आशंकाएं जता रहे हैं। प्रभारी कोतवाल सतीश कापड़ी ने बताया कि हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। महंत का पता लगाने के प्रयास तेज किए गए हैं।

# डीएम ने किया मेले का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** बागनाथ नगरी में आयोजित सात दिवसीय उत्तरायणी कौतिक का गुरुवार को डीएम आकांक्षा कोंडे ने जिले के अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर मेले का स्थलीय निरीक्षण कर मेले में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों, स्वच्छता, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने मेले में आए मेलार्थियों, स्थानीय व्यापारियों, कारीगरों एवं युवाओं से संवाद कर उन्हें स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक उत्पादों तथा स्वावलंबन से जुड़ी गति. विधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि



उत्तरायणी मेला जनपद की सांस्कृतिक पहचान होने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। इस मौके पर डीएम एवं नगर पालिका अध्यक्ष व अन्य अधिकारियों ने सरयू बगड़ में आयोजित काइट फेस्टिवल का भी पतंग उड़कर शुभारंभ किया, जिसमें बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस आयोजन ने मेले के वातावरण को और अधिक जीवंत व आकर्षक बनाया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, पर्यटन अधिकारी प्रदीप कुमार गौतम सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं मेलार्थी उपस्थित रहे।

## दुर्घटनाग्रस्त कार से टायर चोरी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-हल्द्वानी रोड पर हनुमानगढ़ी के समीप दुर्घटना ग्रस्त कार की टायर चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में वाहन स्वामी ने थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार



मल्लीताल एटीआई निवासी प्रो. ओम प्रकाशन ने तल्लीताल थाने में शिकायत करते हुए कहा है कि वह बीती शाम अपनी कार में हल्द्वानी से नैनीताल की ओर आ रहे थे। हनुमानगढ़ी के समीप उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी जिसके चलते वह अपनी कार सड़क किनारे पार्क कर घर आ गए, जब वीरवार को वह कार को देखने गए तो उनकी कार के तीन टायर चोरी हो गए थे। उन्होंने थाने में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। मामले में तल्लीताल थाने के थाना प्रभारी श्याम सिंह बोरा ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है।

# 101 प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** श्याम मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल के संस्थापक स्व. पंडित श्याम लाल शर्मा की स्मृति में आयोजित भव्य स्मृति दिवस 'हमारे पूर्वज-हमारी विरासत' कार्यक्रम का आयोजन मानपुर रोड स्थित एक रिसॉर्ट में किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाध्यापिका शालिनी शर्मा एवं अमित कुमार शर्मा द्वारा 101 प्रतिभा रत्न सम्मान समारोह 2026 का संकल्प भी लिया गया। साथ ही कविगण द्वारा सुंदर रचनाओं का वाचन भी किया गया। इस अवसर पर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, वरिष्ठ भाजपा नेता राम मेहरोत्रा, आशीष गुप्ता, शाहनवाज खान, अनुपम शर्मा, डा. दीपिका गुंयिा आत्रेय, मुशर्रफ हुसैन, विमल गुड़िया, सुशील शर्मा, डाा. गौरव



गर्ग, जीतेन्द्र देवलाल, चौधरी भीम सिंह, डॉ. यशपाल सिंह रावत, डा. सन्तांशु माथुर, डॉ अरूण कुमार, डॉ गुंजन, आदिम प्रताप सिंह, एपी चन्द्रवंशी, डा. आरसी शर्मा, विजेंद्र चौधरी, जेके कटियार, शेष कुमार सितारा, सोमप्रकाश प्रजापति, ओमप्रकाश चंचल, सुरेन्द्र भारद्वाज, रुद्रपुर से आमंत्रित कवि शालिनी शर्मा, मंजुल मिश्र, प्रदीप सपरा, ब्रजेश गुप्ता, कौशलेश गुप्ता, कामिनी श्रीवास्तव सकसैना, सनत पैगिया, केशव सिंह, सर्वेश बंसल, राजकुमार यादव, कविता यादव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

## बैंक अधिकारियों पर धोखाधड़ी का आरोप

**अल्मोड़ा।** नगर की नैनीताल बैंक शाखा के अधिकारियों पर एक महिला ने धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। कालीमठ कसारदेवी निवासी महिला कमला जोशी ने कोतवाल में तहरीर सौपी है। तहरीर में कहा कि बीते साल चार अक्टूबर को मेरा नैनीताल बैंक की शाखा ने उनका 1.30 करोड़ रुपये का टेक ओवर टर्म लोन स्वीकृत किया था। लेकिन बैंक ने बिना उनकी जानकारी के ऋण को बदलकर 98 लाख कैश क्रैडिट लोन दिखा दिया। साथ ही उनके नाम पर 12 लाख रुपये का अतिरिक्त टर्म लोन दर्शाया। जिसे उन्होंने कभी मांगा ही नहीं था। आरोप लगाया है कि 12 लाख के कथित लोन मे उनके फर्जी हस्ताक्षर कराए गए। दस्तावेजों से छेडछाड़ कर फरवरी 2025 में ऑडिट के बहाने से उनके और गारंटरो के हस्ताक्षर लेकर दस्तावेज लगा दिए गए।

# नृत्य प्रतियोगिता ने मन मोहा




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** जनता इंटर कॉलेज मेला मैदान, बिंदुखत्ता में आयोजित पांच दिवसीय उत्तरायणी कौतिक एवं मेले के चौथे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

इस दौरान स्कूलों और महिला समूहों के बीच नृत्य प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य कमलेश चंदोला, विशिष्ट अतिथि कांग्रेसी नेता कुंदन सिंह मेहता और वनाधिक. ार समिति के अध्यक्ष अर्जुन नाथ ने दीप जलाकर किया। यह पारंपरिक मेला 16 जनवरी तक चलेगा। नृत्य प्रतियोगिता में हाट कालिका इंटर कॉलेज, दानू इंटर कॉलेज, डा. सुशीला तिवारी इंटर कॉलेज, आदर्श इंटर कॉलेज, मानवता पब्लिक स्कूल सहित अन्य विद्यालयों और महिला समूहों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के परिणाम समापन दिवस पर घोषित किए जाएंगे, और विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर उत्तराखंड संस्कृति एवं सूचना विभाग की सांस्कृतिक टीमों और क्षेत्रीय कलाकारों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और रंगीन बना दिया। साथ ही निबंध, चित्रकला, मेहंदी और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार मिले। मुख्य अतिथि कमलेश चंदोला ने कहा कि उत्तरायणी कौतिक उत्तराखंड की लोकसंस्कृति और परंपराओं का जीवंत उदाहरण है, जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। 16 जनवरी को मेला समापन के अवसर पर लोकनृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, और भव्य स्टार नाइट में लोक गायकों की प्रस्तुतियां भी होंगी।

# हल्द्वानी राजपुरा अकाशा ने यामीन इलेवन को 32 रन से हराया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** केपीएल सत्र 10 के तहत राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के 12वें दिन हल्द्वानी राजपुरा अकाशा और कालाढूंगी यामीन इलेवन के बीच मुकाबला हुआ। मुख्य अतिथि पत्रकार प्रकाश नैनवाल को कमेटी के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया, और उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रीमियम क्वाटर में खेले गए इस मैच में



हल्द्वानी राजपुरा अकाशा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 117 रन बनाए। जवाब में, कालाढूंगी यामीन इलेवन 85 रन पर सिमट गई, और हल्द्वानी राजपुरा अकाशा ने यह मैच 32 रनों से जीत लिया। मैच के दौरान, हल्द्वानी राजपुरा अकाशा के सोनू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 रन बनाकर 4 विकेट झटके। उन्हें मैन आफ द मैच ट्राफी मुख्य अतिथि प्रकाश नैनवाल और सरताज फारुकी द्वारा दी गई। प्रकाश नैनवाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य युवाओं में नशे के खिलाफ जागरूकता ैलाना और उन्हें खेलों की ओर प्रेरित करना है। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष सरताज फारुकी, कमेंट्री करने वाले तलहा खान, और अंपायर शहजाद हुसैन, मितेष बिष्ट उपस्थित थे। स्कोरिंग का कार्य नितिन भाटिया ने किया। दर्शकों के रूप में तुषार कुमार, उदय कुमार और अन्य खेल प्रेमी भी मौजूद थे।

# सभी सीटों पर लड़ेगी यूकेडी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र कुकरेती ने गुरुवार को प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने विधानसभा चुनाव की तैयारियों का ऐलान किया और भाजपा-कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। वहीं, प्रेस वार्ता के बाद यूकेडी ने बाजार में जुलूस निकाला। नगर के एक होटल सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में यूकेडी केंद्रीय अध्यक्ष कुक. रेती ने कहा कि राज्य निर्माण के लिए कई लोगों ने बलिदान दिया। जबकि भाजपा और कांग्रेस ने बारी-बारी से राज्य को लूटने का काम किया। कहा कि जल, जंगल और जमीन को माफिया के हवाले कर दिया गया।




वहीं, मूल निवास, भू-कानून और गैरसैंण राजधानी जैसे मुद्दों को दबा दिया गया। कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पलायन जैसे मूलभूत मुद्दों पर सरकारें पूरी तरह विफल रही हैं। अंकिता हत्याकांड, बेरोजगार आंदोलन और भर्ती परीक्षाओं में नकल जैसे मामलों में यूकेडी ने लगातार जनता के साथ खड़े होकर संघर्ष किया। उन्होंने ऐलान किया कि उत्तराखंड क्रांति दल राज्य की सभी 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा और एक बूथ दस युवा के नारे के साथ संगठन को मजबूत किया जाएगा। यहां पूर्व अध्यक्ष पुष्पेश त्रिपाठी, युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी, जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी, नरेंद्र सिंह बिष्ट, गिरीश नाथ गोस्वामी, दीपा जोशी, किरन मेहरा, रघुवीर भाकुनी, पंकज व्यास, चंदन सिंह, गोपाल मेहता समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस की नाक के नीचे चोरी

## आईजी बंगले के पीछे दो सौ मीटर दूर शातिर चोर ने दिया वारदात को अंजाम

❑ जेवर, नगदी और दस्तावेज से भरा बक्सा लेकर फरार हुआ चोर

❑ सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ शातिर चोर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गुरुवार को दिन-दहाड़े एक शातिर चोर ने आईजी कैंप कार्यालय से दो सौ मीटर दूर बंगले के पीछे एक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शातिर चोर किराएदार बन कर एक घर में घुसा और वृद्ध मकान मालकिन की आंख में धूल झोंककर दूसरी मंजिल पर चढ़ और जेवर, नगदी व दस्तावेज से भरा बक्सा उठा कर फरार हो गया। पार्षद रवि जोशी की सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लिया और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो एक शातिर चोर बक्शा अपनी पीठ पर में ले जाता कैद हुआ है। अब पुलिस उसक शातिर चोर की पहचान कर उसकी तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बद्रीपुरा वार्ड-11 निवासी दया नेगी पत्नी स्व.जगत सिंह नेगी यहां अकेली रहती हैं। उनके दो बेटे इंजीनियर हैं। एक बेटा लखनऊ और दूसरा देहरादून में काम करता है। दया ने बताया कि गुरुवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे एक व्यक्ति उनके घर आया और कमरा किराए पर लेने की बात कही। शातिर चोर ने बुजुर्ग महिला को अपना परिचय अल्मोड़ा निवासी के रूप में दिया। शातिर ने बताया कि उसकी बहन कुसुमखेड़ा में रहती है। दया नेगी उसे मकान की पहली मंजिल दिखाने ले गईं, जबकि वह खुद ऊपर वाली मंजिल पर रहती हैं। कमरा देखने के बाद आरोपी ने कहा कि वह जल्द ही अपने परिवार और सामान के साथ रहने आ जाएगा। इसी बीच जैसे ही महिला कुछ पल के लिए पड़ोसियों से बात करने घर से बाहर निकलीं, चोर चुपके से घर की ऊपरी मंजिल पर पहुंच गया और कमरे में रखा बक्सा अपनी पीठ पर लादा और वहां से फरार हो गया। पीड़ित मकान स्वामिनी के अनुसार बक्से में सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल, महंगी साड़ियां, नकदी और घर के महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। सीसीटीवी में कैद हुई वारदात का पता चलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दया ने भी शोर मचाया, लेकिन शातिर तब तक फरार हो चुका था। घटना की सूचना स्थानीय पार्षद रवि जोशी ने तत्काल एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी को दी। सूचना मिलते ही कोतवाल विजय मेहता और एसएसआई रो. हतास सागर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि घटना सीसीटीवी में कैद है। आरोपी की शिनाख्त के साथ ही उसकी तलाश की जा रही है। जल्द ही आरोपी को मय माल के गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# राजस्व वसूली में शिथिलता बर्दाश्त नहीं

❑ डीएम ने राजस्व वसूली व अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने गुरुवार को हल्द्वानी स्थित अपने कैम्प कार्यालय में मासिक स्टाफ बैठक की। बैठक में उन्होंने राजस्व विभाग से संबंधित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की और अधिका. रियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व प्रमाण पत्रों के समय पर जारी होने, पुराने राजस्व वादों के निष्पादन और शतप्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिका. रियों को निर्देशित किया कि राजस्व वसूली की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने विशेष रूप से संग्रह अमीनों की कार्यकुशलता की समीक्षा करने का निर्देश दिया और कहा कि जिन संग्रह अमीनों की वसूली जनपदीय औसत से कम है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आरसी जारी होने के बाद वन टाइम सेटलमेंट वाले मामलों में बैंकर्स से नियमानुसार 10 प्रतिशत राशि राजकोष में जमा कराई जाए। इसके साथ ही यह स्पष्ट किया कि अगर बैंकर्स द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया गया, तो उनकी सभी आरसी तुरंत वापस कर दी जाएं। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सेवा के अधिकार के अंतर्गत आने वाली सेवाओं की तहसील स्तर पर गहन समीक्षा की जाए और सभी सेवाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रदान की जाएं। इसके अलावा, उन्होंने तीन माह से अधिक समय से लंबित राजस्व वादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने की बात कही। इसके साथ ही सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण सरलीकरण समाधान और संतुष्टि के आधार पर किया जाए। साथ ही, उन्होंने आबकारी विभाग को निर्देश दिए कि जनपद में अवैध मदिरा की बिक्री और संचरण को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। बैठक में अपर जिला अधिकारी विवेक राय, शैलेंद्र सिंह नेगी, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान और सभी उप जिलाधिकारी, तहस. ीलदार एवं अन्य विभागों के अधिक. ारी मौजूद रहे।

# खून के धब्बे देंगे कत्ल की गवाही!

**नितिन हत्याकांड**

❑ पहले ही एफएसएल में जांच के लिए भेजा जा चुका है असलहा

❑ छर्रे पर लगे खून और आरोपी के कपड़ों में लगे खून का होगा मिलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नितिन लोहनी हत्याकांड मामले में पुलिस हत्यारोपी पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिंटू की चारो ओर से उसकी घेराबंदी कर रही है। हत्यारोपी के खिलाफ पुलिस ऐसे सुबूतों को एकत्र कर रही जिससे उसका छूटना नामुमकिन होगा। बता दें कि ऐसे ही सुबूत हैं मृतक नितिन के जिस्म से निकले छर्रे। ये छर्रे हत्यारोपी चिंटू की पौनिया से निकली गोली के हैं और इन पर खून नितिन का है। इन छर्रों के साथ पुलिस चिंटू और नितिन के रक्तरंजित कपड़ों को भी एफएसएल भेजने की तैयारी कर रही है। बता दें कि बीती 4 जनवरी की रात जज फार्म निवासी नितिन लोहनी की डहरिया निवासी पार्षद अमित बिष्ट उर्फ चिंटू ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। हत्या की इस वारदात के दौरान अमित के साथ उसका 19 वर्षीय बेटा जय भी साथ था और उसके हाथ में भी पिता की लाइसेंसी पिस्टल थी। नितिन पर फायर अमित ने अपनी पौनिया बंदूक (शॉट गन) से किया था। इन दोनों असलहों और घटना स्थल से मिले छर्रों को पहले ही एफएसएल भेजा जा चुका है। कोतवाली विजय मेहता ने बताया कि अब नितिन के शरीर से निकले गोली के छर्रों को एफएसएल रुद्रपुर भेजा जाएगा। छर्रों के साथ नितिन और अमित के उन कपड़ों को भी एफएसएल भेजा जाएगा, जो उन्होंने घटना के दिन पहने थे। नितिन के कपड़े तो खून से पूरी तरह सने थे। अब एफएसएल इस बात की तस्दीक करेगा कि क्या अमित के कपड़ों भी खून के छींटे थे। यदि ऐसा हुआ और नितिन के कपड़ों पर लगा खून अमित के कपड़ों पर लगे खून से मैच हुआ तो अमित का जेल से बाहर आना नामुमकिन होगा।

# सुखवंत सिंह सुसाइड केस में बड़ा निर्णय

❑ आईजी एसटीएफ की अध्यक्षता में एसआईटी गठित

❑ ई-मेल में अंकित तथ्यों का होगा परीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी/ऊधमसिंहनगर।** किसान सुखवन्त सिंह की आत्महत्या मामले में पुलिस मुख्यालय ने एसटीएफ के आईजी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। इस दल को मामले की गहन विवेचना करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही मृतक द्वारा जारी किए गए वीडियो और ई-मेल में अंकित तथ्यों का विस्तृत परीक्षण भी किया जाएगा। इस जांच में निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए 12 पुलिस कर्मियों को तत्काल प्रभाव से गढ़वाल रेंज के जनपद चमोली और रुद्रप्रयाग में स्थानांतरित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद ऊधमसिंहनगर के ग्राम पैगा काशीपुर के किसान सुखवन्त सिंह ने बीते 11 जनवरी को रात में काठगोदाम थानाक्षेत्र के गौलापार में एक होटल में खुद को गोलीमार की आत्महत्या कर ली थी। इस प्रकरण में पुलिस मुख्यालय ने कई दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एसआईटी में पुलिस महानि. रीक्षक एसटीएफ नीलेश आनंद भरणे की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक चंपावत अजय गणपति, क्षेत्राधिकारी टनकपुर वन्दना वर्मा, निरीक्षक दिवान सिंह बिष्ट और उपनिरीक्षक मनीष खत्री को इस टीम में शामिल किया गया है। एसटीएफ आईजी ने बताया कि गठित की गई उच्चस्तरीय विशेष जांच दल (एसआईटी) की टीम मृतक के द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो और ई-मेल के माध्यम से स्थानीय व्यक्तियों तथा ऊधमसिंहनगर पुलिस के अधिका. रियों/कर्मियों पर लगाए गए आरोपों की विस्तृत जांच की जाएगी। यदि आरोप सही पाए गए, तो नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## मृतक सुखवंत पर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम के देवभूमि होटल में खुद को गोली से उड़ाने वाले किसान सुखवंत सिंह की मौत हो चुकी है, लेकिन अब उसकी मौत के पांच दिन बाद पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि सुखवंत सिंह की मृत्यु हो चुकी है, इसलिए न तो उसे गिरफ्तार किया जा सकता है और न ही कोई गवाही दी जा सकती है। पुलिस के अनुसार बीते 11 जनवरी की रात करीब ढाई बजे काठगोदमा पुलिस को सूचना मिली कि गौलापार स्थित देवभूमि होटल के एक कमरे में किसी व्यक्ति ने खुद को गोली मार ली है। इस सूचना पर एसआई दिलीप कुमार और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। होटल के कमरे नंबर 101 में मृतक सुखवंत सिंह पुत्र तेजा सिंह निवासी ग्राम पैगा, थाना आईटीआई, काशीपुर जिला ऊधमसिंह नगर का शव बेड पर पड़ा था। जांच में पता चला कि उसने अपने सिर में गोली मारकर आत्महत्या की थी। होटल के कमरे से 315 बोर का तंमचा बरामद किया गया, साथ ही दो जिंदा कारत. ूस और कारतूस के दो खोखे भी मिले। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक की मौत का कारण गन शॉट इन्जरी बताया गया। इधर काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि अब तक की जांच में यह भी सामने आया कि कमरे में दो फायर किए गए थे। जिसके बाद मामले में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कांछू तेरो जलेबी को डाब- ओ हिमा जाग

❑ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ उत्तरायणी महोत्सव का समापन

❑ विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच की ओर से आयोजित उत्तरायणी मेला (घुघुतिया त्यार) का गुरुवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पुरस्कार वितरण के साथ विधिवत समापन हो गया। मेले के अंतिम दिन खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें लोक कलाकारों ने कुमाऊंनी लोक संस्कृति की समृद्ध परंपराओं को मंच पर सजीव कर दिया। समापन समारोह से पूर्व विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में लोक गायिका बबीता देवी और लोक कलाकार रोशन बनोला ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को लोक रंगों से सराबोर कर दिया। बबीता देवी ने क्ये भालो लगे सो मेरे पहाड़ा.., सनाया का बार त्यौहार.., खास से कटे लूं.., सुबह में खोली-खोली मां.. जैसे लो. कप्रिय कुमाऊंनी गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। वहीं रोशन बनोला ने अल्मोड़ा की नंदा मां.., ऐजा मेरा दानपुरा.., संती छोरी.., काछू तेरो जलेबी को डाब.. के साथ-साथ न्योली, छपेली, झोड़ा और चांचड़ी गाकर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। शोभायात्रा के दौरान निक. ाली गई आकर्षक और श्रेष्ठ झांकियों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अगले वर्ष उत्तरायणी महोत्सव को और अधिक भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने के संकल्प के साथ मेले का समापन किया गया। इस अवसर पर मंच के संरक्षक हुकुम सिंह कुंवर, अध्यक्ष खड़क सिंह बगड़वाल, उपाध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, सचिव देवेंद्र तोलिया, कोषाध्यक्ष त्रिलोक बनोली, कैलाश जोशी, हेम भट्ट, शोभा बिष्ट, चंद्रशेखर परगाई, भुवन जोशी, नीरज बगड़वाल, ललित बिष्ट, धर्म सिंह बिष्ट, ब्रजमोहन बिष्ट, संदीप भैंसोड़ा, कमल किशोर, रितिक आर्य, पार्षद मनोज जोशी, पार्षद शैलेंद्र दानू, पंकज सुयाल, पुष्पा सम्भल, हेमंत बगड़वाल, पृथ्वीपाल रावत, नीमा भट्ट, तरुण नेगी, कल्पना रावत, लता बोरा, देवेंद्र धर्मशक्तू, मनोज मेलकानी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## किशोर लापता गुमशुदगी दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक किशोर घर से अचानक लापता हो गया। किशोर के लापता होने पर परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन जब उसका कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने बनभूलपुरा थाने में किशोर की गुमशुदगी दर्ज करते हुए उसकी सकुशलता की गुहार लगाई। पुलिस ने किशोर की गुमशुदगी दर्ज करते हुए उसक तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा निवासी शायदा नाम की एक महिला ने बनभूलपुरा थाने में तहरीर सौंपे हुए कहा कि उनका 13 वर्षीय बेटा बीते 13 जनवरी को रात आठ बजे घर से कहीं चला गया। लेकिन उसके बाद वह लौटकर नहीं आया। उसकी खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की है।

# कागजों में मिसट गई योजनाएं

❑ एसटीएच में आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे डाक्टर

❑ मरीजों को लिख रहे बाहर की महंगी दवाएं

❑ मरीज नहीं ले पा रहे योजनाओं का लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक तरफ सरकार प्रदेश के सरकारी अस्पतालों की दशा सुधारने और गरीबों को बेहतर इलाज की सुविधा देने के भरसक प्रयास कर रही है। दूसरी तरु कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल में कुछ डॉक्टर सरकार के दावों की पोल खोल रहे है। इन डॉक्टरों की मनमानी के चलते अस्पताल में बीपीएल, अटल आयुष्मान भारत योजना और जेएसएसके जैसी योजनाओं का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। इससे सरकारी योजनाएं कागजों तक सिमट कर रह गई है, जबकि जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। कुमाऊं के एकमात्र सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सुशीला तिवारी चिकित्सालय में सरकारी सिस्टम की संवेदनहीनता एक बार फिर उजागर हुई है। गरीबों के इलाज के लिए बने इस सरकारी अस्पताल में कुछ डॉक्टर खुलेआम सरकारी आदेशों की धज्जियां उड़ाते हुए मरीजों को बाहर की महंगी दवाएं लिख रहे है। हालात यह है कि राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी के प्राचार्य डा. जीएस तितियाल और अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी के बार-बार सख्त निर्देशों का भी इन लापरवाह चिकित्सकों पर कोई असर नहीं पड़ रहा। मरीजों की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आखिरकार प्राचार्य डा. जीएस तितियाल के निर्देश पर चिकित्सा अधीक्षक डा. अरुण जोशी को सख्त रुख अपनाना पड़ा। उन्होंने अस्पताल के सभी विभागाध्यक्षों को जारी आद. ेश में साफ शब्दों में कहा है कि ओपीडी, भर्ती और सरकारी योजनाओं के तहत इलाज करा रहे मरीजों को केवल वही दवाएं लिखी जाये जो अस्पताल की फार्मेसी में उपलब्ध है। चिकित्सा अधीक्षक की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि पूर्व में कई बार स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद कुछ चिकित्सकों द्वारा पर्चों पर बाहर की दवाएं लिखी जा रही है जो किसी भी दृष्टिकोण से न्यायसंगत नहीं है। इस मुद्दे पर 24 दिसंबर 2025 को हुई बैठक में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने भी नाराजगी जताई थी। इसके बाद निदेशक चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी कार्यवृत्त में भी स्पष्ट निर्देश दिए गए कि मरीजों को बाहर की दवा कदापि न लिखी जाए। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल और अन्य शिकायत मंचों पर मरीज लगातार शिकायत कर रहे है कि ओपीडी व भर्ती मरीजों को डिस्चार्ज के समय बाहर से दवाएं लिखी जा रही है। इससे न केवल सरकार की छवि धूमिल होती है, बल्कि चिकित्सालय की प्रतिष्ठा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। चिकित्सा अधीक्षक ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि वे अपने अधीन यूनिट हेड्स, संकाय सदस्यों, सीनियर रेजिडेंट्स और पीजी/जूनियर रेजिडेंट्स को राजकीय नीतियों और अस्पताल फार्मेसी से दवा लिखने के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं। साथ ही मासिक समीक्षा बैठकों में भी इस विषय को अनिवार्य रूप से उठाने के निर्देश दिए गए है। स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि इसके बाद भी बाहर की दवा लिखने की शिकायत सामने आती है, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित चिकित्सक की होगी और नियमानुसार कार्रवाई भी उसी के खिलाफ की जाएगी।

# गौला खनन श्रमिकों की भी सुध ले लो

❑ समिति ने डीएलएम को ज्ञापन भेजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति ने मजदूरों की समस्याओं को लेकर गुरूवार को वन विभाग के प्रशासनिक अधिकारी एडी जोशी के माध्यम से डीएलम को ज्ञापन भेजकर शीघ्र ही समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। गोला खनन मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा डीएलएम को भेजे गए ज्ञापन में कहा कि कहा कि शीशमहल राजपुरा और अन्य गेटों में अब तक मजदूरों को कंबल नहीं बांटे गए हैं, जबकि कुछ गेटों पर ही कंबल वितरित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा पूर्व में मजदूरों को सर्दी से बचने के लिए लकड़ी, दवाइयां, गमछा, धोती, जूते आदि बांटे जाते थे, साथ ही पानी पीने के लिए टैंकर भी खड़े किए जाते थे। इसके अलावा शीशमहल गेट पर पानी का छिड़काव भी किया जाता था। लेकिन अब विभाग द्वारा यह सब कुछ नहीं किया जा रहा है। समिति ने ज्ञापन के माध्यम से मांग करते हुए कहा कि शीघ्र ही पानी का छिड़काव किया जाए और मजदूरों की सुरक्षा और सुविधा के लिए यह सभी व्यवस्थाएं बहाल की जाएं। साथ ही गाड़ियों का वजन पूर्व की भांति किया जाए, ताकि अधिक वजन के कारण गेटों में जाम न लगे और निकासी सुचारु रूप से हो। उन्होंने कहा अगर शीघ्र ही समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो गौला खनन मजदूर संघर्ष समिति उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। ज्ञापन देने वालों में समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट, डा. बालम सिंह बिष्ट, तारा सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान पप्पू दरम्वाल, राजेश बिष्ट, मनोज पांडे, मोहन मौजूद रहे।

# श्रीराम हास्पिटल में ब्लड डिस्ऑर्डर्स व बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए विशेष ओपीडी शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज ने हल्द्वानी के श्री राम हॉस्पिटल में ब्लड डिसऑर्डर्स और बोन मैरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) के लिए विशेष ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इस दौरान मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज के हीमैटो-ऑन्कोलॉजी एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट तथा पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डा. सत्येन्द्र कटेवा ने बताया कि हर महीने के तीसरे गुरुवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक श्री राम हॉस्पिटल हल्द्वानी में उपलब्ध रहेंगे। इस दौरान वे मरीजों को प्राइमरी कंसल्टेशन के साथ-साथ फॉलो-अप सेवाएं भी प्रदान करेंगे। इस अवसर पर डा. सत्येन्द्र कटेवा ने कहा कि



ल्यूकेमिया, लिम्फोमा और मायलोमा जैसे ब्लड कैंसर में समय पर पहचान बेहद आवश्यक है। लगातार थकान, बिना कारण बुखार या असामान्य ब्लड टेस्ट रिपोर्ट जैसे लक्षण किसी गंभीर बीमारी की ओर संकेत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि बच्चों को समय पर किसी अच्छे पीडियाट्रिक कैंसर सेंटर में इलाज मिल जाए, तो उनके ठीक होने की संभावना कम से कम 70 प्रतिशत तक होती है। उन्होंने बताया कि ब्लड से जुड़ी आम बीमारियों में लो हीमोग्लोबिन, प्लेटलेट काउंट कम होना, थैलेसीमिया, एप्लास्टिक एनीमिया, हीमोफीलिया और अन्य ब्लीडिंग डिसऑर्डर्स शामिल हैं। इस पहल से हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को प्राइमरी कंसल्टेशन के लिए बड़े शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी।

# आयुक्त दीपक रावत ने बच्चों के साथ किया क्रिकेट अभ्यास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्टेडियम हल्द्वानी में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत क्रिकेट नेट प्रैक्टिस के दौरान खिलाड़ियों के बीच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्वयं शानदार ऑफ स्पिन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपनी स्पिन से चार अच्छे बल्लेबाजों को क्लीन बोल्ड किया। आयुक्त दीपक रावत ने नेट प्रैक्टिस के दौरान विभिन्न बच्चों के खेल प्रदर्शन की बारीकी से परीक्षा ली। अधिकांश बच्चों ने बेहतर तकनीक और संतुलित खेल का प्रदर्शन किया, जिससे वह काफी प्रभावित नजर आए। उन्होंने बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया और दोबारा अभ्यास सत्र में आने का आश्वासन भी दिया। आयुक्त के प्रोत्साहन से बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए और तालियों के साथ उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर क्रिकेट कोच तिलोक जीना और पूर्व क्रिकेटर संजय जोशी भी मौजूद रहे।

# कामधेनु प्रकल्प सेवा केंद्र में रामनाम संकीर्तन व गोसेवकों की बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बाघंबरेश्वर मंदिर बागजाला गौलापार स्थित कामधेनु प्रकल्प सेवा केंद्र में कामधेनु प्रकल्प के गोसेवकों द्वारा रामनाम संकीर्तन एवं बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीताराम संकीर्तन के साथ हुआ,



जिसमें समूह से जुड़े सभी गोसेवकों ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। संकीर्तन के उपरांत गौसेवा से जुड़ी नई योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। कामध. ेनु प्रकल्प उत्तराखंड द्वारा असहाय और निराश्रित गोवंश की रक्षा एवं सेवा के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। प्रकल्प के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले सात वर्षों से यह सेवा कार्य निरंतर जारी है, जिसका मुख्य संकल्प निराश्रित गोवंश को सहारा देना है। इस अवसर पर गोसेवकों ने गौलापार के विस्तृत क्षेत्र में जाकर निराश्रित गोवंश को खोज-खोज कर गुड़ खिलाया। साथ ही जो गोवंश घायल या जख्मी अवस्था में पाए गए, उनका मौके पर ही उपचार भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वकताओं ने देसी नस्ल के गोवंश को प्रोत्साहित करने, उनके संरक्षण तथा संवर्धन के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया।

## खिचड़ी भंडारे का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**लालकुआं।** महा संक्रांति एवं खिचड़ी पर्व के अवसर पर राधे-राधे सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को क्षेत्र के 25 एकड़ रोड जाल में भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं महा खिचड़ी भंडारे का आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। महा संक्रांति पर आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ के दौरान भगवान श्रीराम के जयघोष से पूरा वातावरण राममय हो गया। भजन-कीर्तन और सुंदरकांड की चौपाइयों की मधुर प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए भक्ति भाव से पाठ में सहभागिता की। सुंदरकांड पाठ के उपरांत महा संक्रांति खिचड़ी पर्व के अवसर पर विशाल खिचड़ी भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# गुरु साहिब की गरिमा से समझौता नहीं

❑ आतिशी के बयान पर जताई नाराजगी

❑ सिख समाज ने उठाई जांच की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी की नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के संदर्भ में दिए गए कथित विवादित बयान पर सिख समाज ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। गुरूवार को प्रेस को



जारी एक बयान में गुरुप्रीत सिंह प्रिन्स ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी हिंद की चादर थे, जिन्होंने धर्म, मानवाधिकार और अंतरात्मा की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया। ऐसे महान व्यक्तित्व के प्रति किसी भी प्रकार की असम्मानजनक टिप्पणी पूरे देश की भावनाओं को आहत करती है। हालांकि, यह भी सामने आया है कि बयान के संबंध में वीडियो के साथ छेड़छाड़ (डॉक्टर्ड क्लिप) की संभावना व्यक्त की जा रही है, और मामले की जांच जारी है। इसके बावजूद गुरु साहिब की गरिमा से कोई भी समझौता सिख समाज द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रिन्स ने कहा कि मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और शीघ्र जांच होनी चाहिए, और दोषी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में किसी भी धार्मिक महापुरुष के बारे में बयान देते समय संवैधानिक पदों पर बैठे लोग विशेष मर्यादा का पालन करें। उन्होंने कहा सिख समाज शांति, संविधान और संवाद में विश्वास करता है लेकिन गुरू मर्यादा और इतिहास के सम्मान पर कोई समझौता नहीं करेंगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मुथूट फाइनेंस के खिलाफ फूटा गुस्सा

**जमा सोना वापस न करने और बिना सूचना के ऋण ब्याज दरों में बढ़ोतरी का किया विरोध**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुथूट फाइनेंस शाखा द्वारा जमा सोना वापस न करने और बिना किसी पूर्व सूचना के ऋण ब्याज दरों में बढ़ोतरी किए जाने के विरोध में ग्राहकों का गुस्सा फूट पड़ा। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में दर्जनों पीड़ितों ने गाबा चौक स्थित मुथूट फाइनेंस के कार्यालय पर जोरदार नारेबाजी करते हुए धरना दिया। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने बैंक स्टाफ को खरी-खोटी सुनाई और तानाशाही रवैया बंद करने की चेतावनी दी।

गुरुवार को शाखा से ऋण लेने वाले उपभोक्ताओं ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने अपनी गाढ़ी कमाई का सोना बैंक में गिरवी रखकर ऋण लिया था। ऋण की शर्तों के अनुसार निर्धारित एक प्रतिशत ब्याज भी नियमित रूप से जमा किया गया है, लेकिन जब ग्राहक अपना ऋण चुकता कर सोना वापस मांग रहे हैं, तो बैंक प्रबंधन टालमटोल कर रहा है। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें कभी सर्वर खराब होने तो कभी उच्चाधिकारी के मौजूद न होने का बहाना बनाकर घंटों इंतजार कराया जाता है और अंत में खाली हाथ वापस भेज दिया जाता है। इसके अलावा बैंक ने ग्राहकों को जानक.ारी दिए बिना ही ब्याज दरों में भी वृद्धि कर दी है, जिससे उन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने कहा कि मुथूट फाइनेंस द्वारा व्यापारियों और आम जनता का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि व्यापारियों का जमा सोना तत्काल वापस नहीं किया गया और बढ़ी हुई ब्याज दरों को वापस लेकर पूर्व की भांति एक प्रतिशत नहीं किया गया, तो शाखा के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में नवतेज सिंह, विकास बंसल, दीपक कुमार, मोहन खेड़ा, सोनू गगनेजा, मुकेश कुमार, राजेश रस्तोगी, संजीव गुप्ता, सुमित, कमलजीत सिंह, मनोज कुमार, सचिन सक्सेना सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# पांच निर्धन कन्याओं का हुआ विवाह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वार्ड नंबर 14 प्राचीन बाबा भूमसेन महाराज मंदिर में श्री राम जानकी निर्धन कन्या विवाह का आयोजन किया गया।

जिसमें में पांच कन्याओं का काजल संग आदित्य वार्ड नंबर 13, रोशनी संग गौतम टनकपुर, किरण संग अभिषेक न्यूरिया, पिंकी संग अरुण राजीव नगर, शालिनी संग गौरव मझोला गांव का विवाह शास्त्री भानु प्रकाश द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान बारात विभिन्न प्रकार की सुंदर झांकियों के साथ रेलवे स्टेशन रोड से होते हुए मुख्य चौराहा खटीमा से होते हुए पीलीभीत रोड से मंदिर पर पहुंची। विवाह में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं नवजोड़ों को दान में अलमारी, चांदी की पायल, सिंगार दान, बर्तन, कपड़े तथा बेड इत्यादि घर गृहस्थी का समान भेंट कर विदा किया गया। इस अवसर पर विधायक भुवन कापड़ी तथा भाजपा महिला जिलाध्यक्ष डा. नीता सक्सेना सहित गणमान्य व्यक्तियों ने वर वधु को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संरक्षक मीरा सोनकर, अध्यक्ष बाबा नंदलाल गिरी, रंजन अग्रवाल, उमेश राठौर, रवीश भटनागर, दीपक कापड़ी, फिरोज खान, विश्वनाथ यादव, हीरा सिंह, अरुण कश्यप, प्रमोद गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

## एक नजर

# कच्ची शराब के साथ युवक को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सिडकुल क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से आबकारी टीम उधम सिंह नगर के द्वारा लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में देर रात रूटीन गस्त के दौरान आबकारी टीम को को मुखबिर के माध्यम से क्षेत्र-1 रुद्रपुर में सिडकुल पारले चौक के समीप रूटीन गस्त के दौरान एक संदिग्ध वाहन (बाइक) की तलाशी ली गई। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से एक कट्टे में 110 पाउच अवैध शराब खाम लगभग 37 लीटर कच्ची बरामद की गई। अभियुक्त लखविंदर सिंह उर्फ राजू सिंह पुत्र शमशेर सिंह निवासी रायपुर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। टीम में आबकारी निरीक्षक सोनू सिंह के नेतृत्व में आबकारी स्टाफ के और भी कर्मचारी मौजूद रहे।



# लोहड़ी व मकर संक्रांति पर्व पर खिचड़ी का वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** लोहड़ी एवं मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर लायंस क्लब खटीमा सिटी द्वारा खटीमा नगर में जगह-जगह खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्यक्रम में खटीमा ब्लॉक की विभिन्न ग्राम सभाओं से आए लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण कर पर्व की खुशियां मनाईं।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए लायंस क्लब खटीमा सिटी के अध्यक्ष हरमिक सिंह गिल एवं महासचिव विवेक अग्रवाल ने बताया कि क्लब फूड फॉर हंगर अभियान के अंतर्गत निरंतर इस प्रकार के जनसेवा कार्य करता आ रहा है और भविष्य में भी सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहेगा। स्थानीय नागरिकों ने लायंस क्लब खटीमा सिटी के इस सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में सहयोग, सद्भाव और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं।खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में क्लब के अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में लायन विनीत गुप्ता, लायन संजय गुप्ता, लायन हरिशंकर अग्रवाल, लायन जितेंद्र बत्रा, लायन गौरी शंकर बत्रा, लायन भुवन जोशी, लायन इकबाल अहमद, लायन अनिल बत्रा, लायन प्रवीण उपाध्याय, लायन राजकुमार अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य चिकित्सा कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग, भारत सरकार द्वारा संचालित किल. कारी एवं मोबाइल अकादमी कार्यक्रम की समीक्षा की गई।

कार्यशाला में अरमान संस्था के प्रतिनिधि डा. अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि किलकारी कार्यक्रम गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित मोबाइल आधारित पूर्णत: नि:शुल्क सेवा है, जिसमें गर्भावस्था और नवजात बच्चे के स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी सलाह लगातार 72 हफ्तों तक लाभार्थी को साप्ताहिक रूप से मिलती है। कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं के लिए भारत सरकार द्वारा मोबाइल आधारित प्रशिक्षण कोर्स मोबाइल अकादमी की भी विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल ने बताया कि लाभार्थियों तक किलकारी सेवा की पहुंच बढ़ाने के लिए अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है एवं वृहद् प्रचार प्रसार किये जाने की आवश्यकता है।

कार्यशाला में जिला कार्यक्रम प्रबंधक हिमांशु, जिला डाटा प्रबंधक चांद मियां, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर निधि शर्मा व समस्त ब्लॉक समन्वयक, समस्त ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक ब्लॉक डाटा प्रबंधक मौजूद थे।

# सेना दिवस पर लगा जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर द्वारा सेना दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाजपुर में गुरुवार को सेना दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में परा. विधिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहीद ने एनसीसी के छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि आर्मी डे (15 जनवरी) के मुख्य उद्देश्य देश के बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान को सम्मान देना, उनके निस्वार्थ सेवाभाव को याद करना, नागरिकों में देशभक्ति की भावना जगाना और सेना व जनता के बीच संबंध मजबूत करना है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा एकता और समर्पण का प्रतीक है। यह दिन भारतीय सेना के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ, फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा के पदभार ग्रहण करने की याद दिलाता है। शिविर के मध्यम से पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के लिए योजनाओं व नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान डॉ. पंकज कुमार एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर, केसी जोशी पराविधिक कार्यकर्ता निशा परवीन, संगीता सहित दर्जनों एनसीसी के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# बेरिया दौलत में अंग्रेजी शराब का ठेका बंद कराने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम वासियों ने अंग्रेजी शराब ठेके को बंद कराने की मांग को लेकर एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंप कर ठेका बंद कराने की मांग की।

प्रमुख किसान नेता हरप्रीत सिंह निज्जर ने बताया ग्राम बेरिया दौलत के ग्रामवासी के घर के बहुत नजदीक अंग्रेजी शराब का ठेका खोला गया है। कैन्टीन भी बना ली है खुलेआम शराब पीने व पीलाने का काम किया जा रहा है उक्त ठेके पर शराब खरीदने व खाने-पीने आये व्यक्ति आपस में गॉली-गलौच व गलत बाते करते है। जिस कारण हमारे घरों से मां-बहनों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामवासी उक्त शराब के ठेके को बंद कराने के लिए एसडीम डा. अमृता शर्मा से अनुरोध किया हैं। इस मौके पर लखविंदर सिंह, अवतार सिंह, जीत सिंह, बिजेंद्र मेहता,संजीव मेहता, देवेंद्र चोपड़ा, हर्ष, अर्जुन पासी, दीपक आदि थे।

# वनाग्नि रोकने को समय से बनाई जाए फायर लाइन: डीएम

## जिला स्तरीय वनाग्नि प्रबन्धन समिति की बैठक लेते हुए दिए दिशा निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय वनाग्नि प्रबन्धन समिति की बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वनाग्नि की घटनाओं को रोकने लिए समय से फायर लाइन बनाई जाए। उन्होंने जनपद में वनाग्नि से सम्बन्धित सूचनाओं के आदान प्रदान हेतु तीनों प्रभागों में मास्टर कन्ट्रोल रूम समय से स्थापित करने तथा मास्टर कन्ट्रोल रूम के नम्बर भी सार्वजनिक करने के निर्देश वन विभाग के अधिकारियों को दिए।




डीएम ने ब्लॉक तथा ग्राम स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा समितियों को संक्रिय करने, चिन्हित संवेदनशील स्थानों के आस-पास वाली ग्राम पंचायतों के क्षेत्रवासियों को वनाग्नि की रोक-थाम, बचाव आदि के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाने व समय से बैठके करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने वन क्षेत्रों वाले गावों के युवक तथा महिला मंगल दलों को सक्रिय करने तथा वॉलिन्टियर बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने वनाग्नि की घटनाओं की रोकथाम हेतु फायर, पुलिस, राजस्व, शिक्षा विभाग के साथ ही अन्य विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को ग्रीष्मकाल में चिकित्सालयों में वर्न यूनिट तैनात रखने साथ ही प्राईवेट चिकित्सालयों में भी वर्न यूनिट तैनात कराने के निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी वनाधिकारी यूसी तिवारी ने बताया कि जनपद की तीनो प्रभागों में 61 क्रू स्टेशन स्थापित किए जाते है तथा लगभग 939 नियमित एवं दैनिक श्रमिक तैनात किये जाते है। उन्होंने बताया कि गतवर्ष ग्रीष्मकाल में वनाग्नि से 1.85 हेटेयर वन प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि विकास खण्ड एवं ग्राम स्तर पर समितिया गठित है।

बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसीएमओ डा. मनोज शर्मा, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी उमा शंकर नेगी, अधिशासी अभियंता लोनिवि गजेन्द्र सिंह, सहायक अभियंता सिंचाई भुवन पाण्डे, उप प्रभागीय वनाधिकारी सावित्री सहित वीसी के माध्यम से सभी उप जिलाधिकारी व वनाधिकारी जुड़े थे।

# खटीमा पिटीशन राइटर एवं स्टांप वेंडर की चुनाव प्रक्रिया शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**24 जनवरी को मतदान, मतगणना एवं परिणाम की घोषणा होगी**

**खटीमा।** पिटीशन राइटर एवं स्टांप वेंडर की चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 17 जनवरी 2026 से संस्था के कोषाध्यक्ष मोहम्मद दानिश सिद्दीकी से नामांकन पत्र क्रय कर 19 जनवरी 2026 तक नामांकन दाखिल किया जाना सुरक्षित किया गया है। 20 जनवरी 2026 को नामांकन पत्रों की जांच एवं नाम वापसी होगी।

मुख्य चुनाव अधिकारी आदेश कुमार भटनागर तथा सहायक चुनाव अधिकारी शिव शंकर भाटिया नामांकन पत्रों की जांच करेंगे। 24 जनवरी 2026 को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, उपसचिव, कोषाध्यक्ष तथा सात सदस्य पदों हेतु प्रात: 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक मतदान होगा। इसी दिन अपराह्न 3 बजे से मतगणना शुरू होगी तथा मतगणना की परिणाम घोषित किए जाएंगे। अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पद हेतु नामांकन शुल्क 500 रुपये, उपाध्यक्ष व उप सचिव हेतु नामांकन शुल्क 300 रुपये तथा सदस्य पद हेतु नामांकन शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है।

# घर के ताले तोड़कर चोरी करने वाला शातिर चोर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** घर के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से लगभग 1.5 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेव. रात एवं 6000 रुपये नकद बरामद किए हैं।



प्राप्त जानकारी के अनुसार नौशाद पुत्र मो. यूसुफ निवासी नई बस्ती, अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में रामनगर गए हुए थे। बुधवार को जब नौशाद वापस अपने घर पहुंचे तो उसने देखा कि घर के ताले टूटे हुए थे और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोर द्वारा घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात व 6000 रुपये नकद चोरी कर लिए थे। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। आज गुरुवार को पुलिस टीम ने बिजली घर के सामने सड़क किनारे से अभियुक्त कमल उर्फ चीनू को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया माल और नकदी बरामद की।

वहीं पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त कमल उर्फ चीनू के विरुद्ध पूर्व में भी घर में घुसकर चोरी करने के कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक सोने का लॉकेट, एक सोने की चैन, दो सोने की कान की बालियां, एक जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी चांदी के बिछवे, एक चांदी की अंगूठी, दो आर्टिफिशियल अंगूठियां, दो आर्टिफिशियल चैन, 6000 नकद बरामद किए। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह डांगी, वरिष्ठ उप निरीक्षक जावेद मलिक,उप निरीक्षक भोपाल राम पौरी, हेड कांस्टेबल देवेंद्र पांड्य, कांस्टेबल इंद्र सिंह नेगी व कुलदीप सिंह शामिल रहे।

# छात्र-छात्राओं का दल जयपुर भ्रमण को रवाना

**विधायक शिव अरोरा ने तीन बसों को दिखाई हरी झंडी**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारत सरकार द्वारा माध्यमिक विद्यालय पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज से वर्ष 2025-26 मे 8वीं व 10वीं कक्षा में (जो वर्तमान मे 9वीं व 11वीं कक्षा में है ) ऐसे टॉपर रहकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 141 मेधावी छात्र-छात्राओं जिसमें 75 लड़के 66 लड़कियां जिले भर के 30 सरकारी इंटर कॉलेज से अंतरराज्यीय भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत पांच दिवसीय जयपुर भ्रमण हेतु तीन बसों को एएन झा कॉलेज, रुद्रपुर से विधायक शिव अरोरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

विधायक अरोरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार जो सदैव छात्र हितों व उनके उत्सववर्धन हेतु समय- समय पर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के तनाव को कम करने के साथ-साथ उनके मनो. रंजन, व खेल गतिविधियों का भी विशेष ध्यान रखती है तो वहीं वर्ष 2025 में जिला उधम सिंह नगर पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में टॉपर रहे छात्र 141 छात्राओं को आज पीएम श्री भ्रमण योजना के अंतर्गत विधायक ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमे पांच दिन के टूर में बच्चे जयपुर बिरला ऑडिटोरियम, हवा महल, जल महल, जंतर मंतर, एलवड म्यूजियम, सवाई मान सिंह स्टेडियम, सगीत कला अकादमी, नेशनल साइंस एकदमी, हाथी गांव, मोम फैक्ट्री, चोखी दाढ़ी जैसे अलग-अलग जगाहों पर बच्चों को इन पांच दिनों के जयपुर टूर मे भ्रमण करवाया जाएगा। इस दौरान वित्त एवं लेखाधिकारी यू एस डांगी, मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, जिला समन्वयक हिमांशु कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम, राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी, नरेश जोशी, अनुराग मिश्रा, मजरी मिश्रा, इजा आर्य, सुभाष सिंह, दिव्या पंत, गौरव बर्गली, हीरा लाल, प्रवीण कुमार, सुनील यादव, जीतेन्द्र कुमार, विपिन सिंह, रामा. तार सिंह, मुकेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# न्याय नहीं मिला तो सामूहिक आत्मदाह

## बुजुर्ग महिला का विधायक व भाई पर जमीन हड़पने का गंभीर आरोप

- प्रशासन में मचा हड़कंप
- वायरल वीडियो के बाद हरकत में आया प्रशासन
- एसडीएम ने धरना स्थल पर पहुंचकर बनाई संयुक्त जांच टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** गुरुवार को 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला परमजीत कौर और उनके पुत्र अवतार सिंह ने गदरपुर के वर्तमान विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे एवं उनके भाई अमर पांडे पर जमीन हड़पने का गंभीर आरोप लगाया। मामले को लेकर दोनों ने एसडीएम कोर्ट के बाहर धरना देते हुए चेतावनी दी कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे विधायक आवास के सामने सामूहिक आत्मदाह करने को मजबूर होंगे।

इस चेतावनी से प्रशासन में हड़कंप मच गया। मामले की




गंभीरता और हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेते हुए प्रशासन तत्काल सक्रिय हुआ। एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा आनन-फानन में धरना स्थल पर पहुंचीं और पीड़ित परिवार से वार्ता कर निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद तहस. ीलदार, सहायक चकबंदी अधिकारी एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए गए। हालांकि देर शाम तक पीड़िता अपने पुत्र के साथ धरने पर डटी रहीं।

बिचपुरी, केलाखेड़ा निवासी पीड़िता परमजीत कौर का आरोप है कि वर्ष 2019 में विधायक के भाई अमर पांडे ने उनकी लगभग एक हेक्टेयर कृषि भूमि को 30 वर्षों की लीज पर धोखे से अपने नाम दर्ज करा लिया। महिला का दावा है कि शुरुआत में केवल एक एकड़ भूमि की लीज की बात कही गई थी, लेकिन कागजी प्रक्रिया में गुमराह कर पूरी जमीन लीज पर अपने नाम करवा ली गई। पीड़ित परिवार का कहना है कि उन्होंने कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन राजनीतिक दबाव के चलते उनकी कहीं सुनवाई नहीं हुई। इसी के चलते बुधवार को परमजीत कौर और उनके पुत्र ने सोशल मीडिया पर एक भावुक वीडियो जारी कर विधायक और उनके भाई के आवास के सामने सामूहिक आत्महत्या की चेतावनी दी थी। वीडियो में प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए किसान संगठनों और जनप्रतिनिधियों से मदद की अपील भी की गई थी।

**सम्बंध विच्छेद**

मैंनें अपने पुत्र दिनेश प्रजापति को उसके गलत चाल-चलन के कारण उससे अपने व अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा व मेरे किसी भी परिजन का अब पुत्र दिनेश प्रजापति से कोई सम्बंध या वास्ता सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति पुत्र दिनेश प्रजापति से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता सरोकार या लेन-देन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा, मैं या मेरा कोई भी परिजन मेरे पुत्र दिनेश प्रजापति के किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

**बनवारी लाल पुत्र श्री बांके लाल**
**निवासी-हाउस नं.-392, वार्ड नं.-01, आजाद नगर, ट्रांजिट कैंप, रुद्रपुर, उधमसिंह नगर**

# मुझ पर लगे आरोपों की हो सीबीआई जांच: अरविंद पांडेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** गदरपुर के वर्तमान विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडेय ने गुरुवार को शुगर फैक्ट्री रोड स्थित चीनी मिल गेस्ट हाउस में एक प्रेस वार्ता आयोजित कर अपने ऊपर लगे आरोपों पर खुलकर जवाब दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एक संपत्ति से जुड़े जिस मामले में मां-बेटे द्वारा उन पर आरोप लगाए गए हैं। उसकी जांच स्वयं सरकार सीबीआई से कराए।विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि वे किसी भी प्रकार की निष्पक्ष जांच से नहीं डरते हैं और चाहते हैं कि पूरे मामले की गहन जांच हो, ताकि सच्चाई सामने आ सके। उन्होंने कहा कि "दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा" तथा जो भी इस मामले में दोषी पाया जाए, उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी आरोप लगाए कि राजनीतिक द्वेष के चलते उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता उनके कार्यों से भली-भांति परिचित है और उन्हें न्यायपालिका व जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा है। अंत में विधायक अरविंद पांडेय ने दोहराया कि वे पारदर्शिता के पक्षधर हैं और सच सामने लाने के लिए सीबीआई जांच ही सबसे उचित माध्यम है।

# मेयर के 'चंगू-मंगू' बयान पर कांग्रेस नेता मोहन खेड़ा का पलटवार

**बोले-जरूरत पड़ी तो खोल दूंगा सारी पोल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मेयर विकास शर्मा के "चंगू-मंगू" वाले बयान को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। कांग्रेस नेता और पूर्व महापौर प्रत्याशी मोहन खेड़ा ने प्रेस कांफ्रेंस कर मेयर पर तीखा हमला बोला। मोहन खेड़ा ने कहा कि भाजपा नेताओं की भाषा सत्ता के अहंकार को दर्शाती है और यदि जरूरत पड़ी तो वे नगर निगम से जुड़े कई मामलों की "पूरी पोल" खोल देंगे।

प्रेस कांफ्रेंस में मोहन खेड़ा ने नगर निगम में मूर्ति खरीद घोटाले को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की खरीद में वास्तविक दरों से कहीं अधिक भुगतान दिखाया गया, जबकि बाजार में उसी गुणवत्ता की मूर्ति की कीमत काफी कम थी। मोहन खेड़ा ने आरोप लगाया कि रेट बढ़ाकर भुगतान किया गया और इसमें मिलीभगत की आशंका है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन ने निष्पक्ष जांच नहीं कराई तो कांग्रेस इस मुद्दे को सड़क से सदन तक ले जाएगी। उन्होंने मेयर विकास शर्मा के बयान को जनता का अपमान बताते हुए कहा कि रुद्रपुर की जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब भी देगी। मोहन खेड़ा ने स्पष्ट किया कि वे राजनीति में व्यक्तिगत



टिप्पणी नहीं, बल्कि जनहित और पारदर्शिता की लड़ाई लड़ रहे हैं।

# रामनगर में युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या

■ इलाके में फैली सनसनी, पुलिस जुटी जांच में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में गुरुवार सुबह एक युवक की अज्ञात लोगों द्वारा पत्थर से सिर कुचलकर निर्मम हत्या कर दी। घटना के बाद जहां एक और इलाके में सनसनी फैल गई तो वहीं मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।गुरुवार की सुबह मोहल्ला गूलरघटटी के समीप भगवान दास की चक्की के पीछे सिंचाई नहर के किनारे एक युवक का खून से लथपथ शव पड़े होने की सूचना



कुछ लोगों द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद कोतवाल सुशील कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव की शिनाख्त को लेकर प्रयास शुरू किए।

मृतक की शिनाख्त समीर उर्फ लक्की पुत्र छिददन उम्र 20 वर्ष निवासी आदर्श नगर कॉलोनी के रूप में हुई।घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे। मृतक समीर के बड़े भाई इमरान ने बताया कि उसका भाई समीर बुधवार की शाम करीब 7:00 बजे घर से लापता था परिजनों ने उसे काफी खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उन्होंने बताया कि गुरुवार की सुबह उसके भाई का शव लहुलुहान हालत में बरामद हुआ।

उसने अपने भाई की अज्ञात लोगों द्वारा हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। वहीं घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची और टीम द्वारा मौके पर साक्ष्य एकत्रित करने की कार्रवाई की गई।

कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मृतक का पंचनामा भरकर सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम का गठन किया गया है।

तीन संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए गिरफ्त में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही हत्या का खुलासा किया जाएगा। मृतक अविवाहित था और चार भाइयों में सबसे छोटा था।

## राजा जगत देव की मूर्ति न लगने से बुक्सा समाज भड़का



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बरहैनी क्षेत्र के चनकपुर पुल के समीप राजा जगत देव की मूर्ति अब तक स्थापित न किए जाने से बुक्सा समाज का गुस्सा बुधवार को सड़कों पर फूट पड़ा।

भाजपा मोर्चा बुक्सा जनजाति के प्रदेश मंत्री राजकुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में बुक्सा समाज के लोगों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने "राजा जगत देव की मूर्ति लगाओ", "बुक्सा समाज का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान" और "यशपाल आर्य जवाब दो, मूर्ति कब लगेगी" जैसे उग्र नारे लगाए। प्रदर्शन के दौरान माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण बना रहा। प्रदेश मंत्री राजकुमार ने कड़े शब्दों में आरोप लगाते हुए कहा कि राजा जगत देव बुक्सा समाज के गौरव और इतिहास का प्रतीक हैं, लेकिन जानबूझकर उनकी मूर्ति स्थापना में लगातार टालमटोल की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य बुक्सा जनजाति की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और वर्षों से समाज को केवल झूठे आश्वासनों में उलझाया जा रहा है।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अब बुक्सा समाज और अधिक अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। यदि शीघ्र ही मूर्ति स्थापना का कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा।जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और संबंधित नेताओं की होगी।

## मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** नेपाल प्रहरी दिवस के अवसर पर सशस्त्र सीमा बल एवं नेपाल सशस्त्र बल के मध्य मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। नेपाल प्रहरी दिवस के शुभ अवसर पर को 55वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा सीमा चौकी झुलघाट के प्रांगण में सशस्त्र सीमा बल एवं नेपाल सशस्त्र बल (नेपाल प्रहरी) के जवानों के मध्य एक मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मैच का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस खेल आयोजन का उद्देश्य भारत एवं नेपाल के सुरक्षा बलों के मध्य आपसी सौहार्द, सहयोग, समन्वय एवं विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करना रहा। आयोजन के दौरान दोनों देशों के जवानों ने अनुशासन, उत्साह एवं खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। मैच के दौरान खिलाड़ियों में भारी जोश एवं उत्साह देखने को मिला। इस प्रकार के खेल आयोजनों से न केवल जवानों की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता का विकास होता है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनात बलों के मध्य आपसी समन्वय एवं सहयोग को भी मजबूती मिलती है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर दोनों बलों के अधिकारियों एवं जवानों ने एक-दूसरे को नेपाल प्रहरी दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के खेल एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से आपसी संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ बनाने पर सहमति व्यक्त की।

इस प्रकार के आयोजन भारत-नेपाल के पारंपरिक एवं मैत्रीपूर्ण संबंधों को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति, सुरक्षा एवं सद्भाव बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## शिविर में आई 75 शिकायतें, 63 का मौके पर ही निराकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** शासन के निर्देशों के क्रम में ष्जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारष कार्यक्रम के अन्तर्गत न्याय पंचायत मर्सोली के रा0ई0का0 आठगांवशिलिंग विकास खण्ड मूनाकोट में शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परियोजना निदेशक आशीष पुनेठा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इस शि. विर में पात्र लाभार्थियों को विभागों द्वारा केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। परियोजना



निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें गणेश भण्डारी, दर्जा राज्य मंत्री, कोमल मेहता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सहित 16 जनप्रतिनिधियों एवं 88 अधिकारियों/कार्मिकों की उपस्थिति रही। शिविर में लगभग 575 व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं 601 लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। शिविर में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 63 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष 12 शिकायतों को सम्बन्धित विभागों को यथोचित कार्यवाही हेतु प्रेषित किए गए।

## महिला अधिवक्ता को 'निर्भया कांड' दोहराने की धमकी

■ खाकी की चुप्पी से दहशत में परिवार वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग का आरोप, एसएसपी से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जनपद में कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए दबंगों ने न्याय के मंदिर में पैरवी करने वाली महिला अधिवक्ता को ही निशाने पर ले लिया है। गदरपुर निवासी एक महिला अधिवक्ता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायती पत्र में आरोप लगाते हुए बताया कि क्षेत्र के कुछ दबंग उनके परिवार की इज्जत और जान के पीछे हाथ धोकर पड़ गए हैं। आरोपियों ने न केवल उनकी जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास किया, बल्कि अधिवक्ता को दिल्ली के 'निर्भया कांड' जैसा हश्र करने की सरेआम धमकी दी है। इस मामले में स्थानीय पुलिस की चुप्पी ने अपराधियों के हौसलों को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है।

वार्ड नं-10, आजाद नगर, गदरपुर निवासी और जिला एवं सत्र न्यायालय रुद्रपुर में वकालत करने वाली शाजिया ने बताया कि वार्ड नं. -9 पंजाबी कॉलोनी स्थित उनके परिवार की वैध भूमि (खेत नं. -01498) पर सिविल जज (जू. डि.) रुद्रपुर द्वारा तीन मई 2025 को स्थगन आदेश जारी किया गया है। इसके बावजूद, बीते 23 नवंबर की सुबह और 25 नवंबर की शाम को नामजद आरोपी मो. अजरुद्दीन और कारी खुर्शीद अपने कई हथियारबंद साथियों के साथ लाठी-डंडों और तमंचों से लैस होकर जमीन पर कब्जा करने पहुंच गए। जब अधिवक्ता की वृद्ध माता अरमाना बेगम ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने कोर्ट के आदेशों का मजाक उड़ाते हुए कहा कि हम कोर्ट-कचहरी नहीं मानते, जमीन पर तो कब्जा होकर रहेगा। प्रार्थना पत्र में अधिवक्ता का आरोप है कि मुख्य आरोपी मो. अजरुद्दीन अधिवक्ता और उनकी बहनों के छिपकर वीडियो और फोटो बनाता है और उन्हें सामाजिक रूप से बदनाम करने के लिए ब्लैकमेलिंग का जरिया बना रहा है। आरोप है कि उक्त लोग आए दिन अधिवक्ता के घर की सीढ़ियों और दरवाजे पर अश्लील और गंदी वस्तुएं फेंक जाते हैं, ताकि परिवार को मानसिक रूप से तोड़कर घर छोड़ने पर मजबूर किया जा सके।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि वर्ष 2019 में पिता के देहांत के बाद घर में केवल महिलाएं ही रहती हैं। अधिवक्ता का आरोप है कि इस परिस्थिति का फायदा उठाकर आरोपी उन्हें प्रतिदिन रास्ते में रोक. कर यह कहते हुए धमकाते हैं कि तेरा हाल दिल्ली वाले निर्भया कांड जैसा कर देंगे। कानून की छात्रा रही और वर्तमान में प्रैक्टिस कर रही महिला अधिवक्ता का कहना है कि वे लगातार मिल रही धमकियों से मानसिक रूप से टूट चुकी हैं और स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। पीड़िता ने कहा उसने और उनकी माता ने कई बार थाना गदरपुर में लिखित और मौखिक शिकायतें दीं, लेकिन पुलिस की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस की ढिलाई के कारण आरोपियों ने अब अधिवक्ता के घर पर धावा बोलना शुरू कर दिया है। हार मानकर अब पीड़िता ने एसएसपी रुद्रपुर के साथ-साथ जिलाधिकारी, आईजी कुमाऊं, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और राज्य महिला आयोग को भी प्रतिलिपि भेजकर सुरक्षा की मांग की है।

पीड़ित अधिवक्ता ने मांग की है कि नामजद आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए और परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए। अब देखना यह होगा कि क्या ऊधम सिंह नगर पुलिस एक महिला अधिवक्ता को सुरक्षा दे पाती है या अपराधियों का खौफ यूं ही बना रहेगा।

## मकर संक्रांति के अवसर पर हुआ भंडारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** मकर संक्रांति के अवसर पर दयारामपुर टांडा भूरी वाले आश्रम में पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी ने बताया कि भोग का कार्यक्रम भी हुआ।स्वामी देवानंद ने अपने संबोधन में मकर संक्रांति के महत्व को बताया।

इस अवसर पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट,पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी, पूर्व पालिक. ाध्यक्ष उर्मिला चौधरी, भाजपा नेता राकेश नैनवाल, पूर्व मंत्री अमिता लोहनी, पूर्व मंत्री, पुष्कर दुर्गापाल,दीवान कटारिया, मनमो. हन, अनिल चौधरी, नंदलाल, जगमोहन सिंह, उमेश गोयल, अमित गोयल आदि मौजूद रहे।

## मिट्टी की खुशबू और कुश्ती का रोमांच, दंगल ने जीता दिल

■ दंगल का आयोजन, तालियों और उत्साह के बीच लोगों ने उठाया लुत्फ

■ इतवार बाजार में शुरू हुआ तीन दिवसीय दंगल का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** इतवार बाजार में समा. जसेवी मो. आलम द्वारा अपने पिता की याद में आयोजित तीन दिवसीय दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ बृहस्पतिवार को किया गया। दंगल का आयोजन दोपहर करीब 2 बजे शुरू हुआ, जिसमें दूर-दराज से आए पहलवानों ने अपनी कुश्ती का दमखम दिखाया। आयोजन स्थल पर भारी भीड़ उमड़ी रही और पूरा प्रांगण खचाखच भरा नजर आया। दर्शकों ने पारंपरिक कुश्ती मुक. ाबलों का जमकर आनंद लिया।

दंगल में उत्तर प्रदेश, बिहार सहित आसपास के जिलों से आए नामचीन पहलवानों ने भाग लिया। एक से बढ़कर एक रोमांचक मुक. ाबले हुए, जिनमें पहलवानों की ताकत, तकनीक और धैर्य देखने को मिला। हर मुकाबले पर दर्शकों की तालियों और उत्साहपूर्ण नारों से माहौल गूंजता रहा। आयोजनकर्ता मो. आलम ने बताया कि यह दंगल उनके पिता की स्मृति में कराया गया है, जिनका खेलों के प्रति विशेष लगाव था। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को सकारात्मक दिशा देना है। मो. आलम ने युवाओं से नशा, गलत संगत और बुरी आदतों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, मेहनत और स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करते हैं। दंगल में विजेता पहलवानों को नगद पुरस्कार और सम्मान प्रदान किया गया। आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं का सराहनीय सहयोग रहा। तीन दिनों तक चलने वाले इस दंगल को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

इस दौरान समाजसेवी लाल बादशाह,सभासद परमजीत सिंह पम्मा, अश्वनी कुमार,सचिन गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि सलीम बाबा, नाजिर, रामजीवनपुर प्रधान मोहम्मद रिजवान, शाकिर अली, अजीम, इरफान, याकूब,नासिर बाबा, सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दंगल का जुनून: पेड़ो पर चढ़कर लिया लुत्फ



**गदरपुर।** इतवार बाजार में दंगल देखने का जुनून ऐसा चढ़ा कि दर्शक जमीन ही नहीं, पेड़ों पर भी नजर आए। मैदान के चारों ओर तिल रखने की जगह नहीं बची तो युवा और बच्चे पास के पेड़ों पर चढ़कर कुश्ती का लुत्फ उठाते दिखे। हर दांव-पेंच पर तालियों और नारों की गूंज सुनाई देती रही। ऊंचाई से मुकाबले देखने का नजारा किसी मेले से कम नहीं था। यह दृश्य दंगल की लोकप्रियता और दर्शकों के जबरदस्त उत्साह को बखूबी बयां करता है।

## वार्ड नंबर 11 में डंपर की लापरवाही से टूटे नहर के सिलेप

■ वार्डवासियों में आक्रोश, नगरपालिका से की शिकायत, मिला आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** नगर के वार्ड नंबर 11 में एक बार फिर लापरवाही का मामला सामने आया है। लगभग एक सप्ताह पूर्व वार्ड से गुजर रहे एक भारी वाहन डंपर जिसकी संख्या UK18CA 7548 ने नाले/नहर के ऊपर रखे सीमेंट के सिलेपों को तोड़ दिया, जिससे पूरे वार्ड में परेशानी का माहौल बन गया है। सिलेप टूटने के कारण रास्ता अवरुद्ध हो गया है और खुले नाले के कारण स्थानीय नागरिकों,



विशेषकर छोटे-छोटे बच्चों और बुजुर्गों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड वासियों का कहना है कि पूर्व में भी उक्त नाले/नहर में डूबने से बच्चे की मृत्यु जैसी गंभीर घटनाएं हो चुकी हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार डंपर चालक ने रात्रि में लगभग 1 बजे असावधानीपूर्वक वाहन चलाया, जिससे यह हादसा हुआ। घटना के बाद डंपर चालक व स्वामी ने वार्डवासियों को जल्द सिलेपों की मरम्मत कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन कई दिन का समय बीतने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टे डंपर स्वामी द्वारा टालमटोल रवैया अपनाया जाने लगा, जिससे लोगों में रोष और बढ़ गया। नाराज वार्डवासियों ने वार्ड के सभासद के साथ मिलकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में डंपर स्वामी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और तुरंत नाले के ऊपर नया सिलेपों को बनवाने की मांग की गई है। इस दौरान जाफर अली,जमील अहमद, मकसद, दिलबरी बेगम, कमल अख्तर, फारुक अली, नसीम, माही सहित काफी वार्डवासी मौजूद रहे।

मामला संज्ञान में नहीं है। अब वार्डवासियों की शिकायत के आधार पर डंपर स्वामी की विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**कैलाश सिंह पटवाल**

## कैंटर चालक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** रेशमा पत्नी दिनेश चन्द्र निवासी कैथल गेट, चन्दोसी जिला सम्भल यूपी ने बुधवार को पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके पति दिनेश चन्द्र कैंटर गाडी चलाते थे। तीन दिसम्बर को उसके पति रुद्रपुर से नगला होकर सितारगंज की ओर आ रहे थे। नया गांव पेट्रोल पम्प के पास अज्ञात वाहन की टक्कर में उसके पति की मौत हो गयी। एसएसआई राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि रेशमा की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## एक नजर

### देह व्यापार मामले में महिला को छह माह का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वर्ष 2021 के देह व्यापार प्रकरण में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) अश्विनी गौड़ की अदालत ने एक महिला को दोषी ठहराते हुए छह माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। वहीं, साक्ष्य में संदेह का लाभ देते हुए चार अन्य आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया गया।

वर्ष 2021 में ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम ने एक युवती को अनैतिक देह व्यापार से मुक्त कराया था। मामले में पुलिस ने इंदिरा कॉलोनी निवासी राजा खान उर्फ रौनक, शक्ति विहार वार्ड-17 निवासी कुनाल वर्मा, कृष्णा विहार ट्रांजिट कैंप निवासी संजय उर्फ सुजॉय, श्याम टॉकीज के पास निवासी लक्ष्मी और जनपथ रोड महालक्ष्मी इन्क्लेव फेज-2 निवासी रीतिका सरीन उर्फ राधिका के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित युवती को अवैध रूप से कैद करने समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आरोप था कि आरोपियों ने नौकरी दिलाने के बहाने युवती को ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के एक कमरे में ले जाकर जबरन अनैतिक कार्य कराया। सूचना पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर 12 नवंबर 2021 को न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। बुधवार को अदालत ने रीतिका सरीन उर्फ राधिका को युवती को अवैध रूप से कैद करने का दोषी ठहराते हुए छह माह के कठोर कारावास की सजा सुनाई। वहीं, पॉक्सो एक्ट के आरोपों में राधिका सहित अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया।

### दवाई लेने जा रहे युवक को अगवा करने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में दवाई लेने जा रहे एक युवक को अगवा करने के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ट्रांजिट कैंप निवासी एक युवक सिडकुल की एक कंपनी में कार्यरत है।

बुधवार रात उसके बेटे की तबीयत खराब होने पर वह दवाई लेने रुद्रपुर बाजार जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ई-रिक्शा सवार दो-तीन लोगों ने उससे पूछताछ की और आरोप है कि जब उसने दवाई लेने की बात कही तो उसे जबरन ई-रिक्शा में बैठाने का प्रयास किया। युवक के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिससे आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। हालांकि आपका अपना अखबार 'हिन्दुस्तान' वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि युवक की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### कड़ाके की ठंड ने लोगों को किया बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** गुरुवार को मौसम ने कड़ाके की ठंड ने लोगों को किया बेहाल कर दिया। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 10.5 डिग्री और न्यूनतम 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

गुरुवार सुबह से ही घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता प्रभावित हुई और लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एएस नैन ने बताया कि गुरुवार को दर्ज की गई ठंड पिछले करीब पांच से छह वर्षों में सबसे अधिक रही है। लंबे अंतराल के बाद इस स्तर की ठंड दर्ज हुई है, जिसका जनजीवन पर स्पष्ट असर देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि ठंड के साथ कोहरे का सिलसिला भी जारी रहने की संभावना है। गुरुवार को आर्द्रता का स्तर सुबह 100 प्रतिशत और दोपहर में 92 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया। अधिक नमी के कारण वातावरण में ठंडक बनी रही। पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से 7.2 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही हवाओं ने सर्दी के असर को और बढ़ा दिया। 26 जनवरी तक ऐसे ही कोहरा बने रहने का पूर्वानुमान है। लोगों को ठंड और कोहरे को देखते हुए सतर्क रहने और आवश्यक सावधानियां अपनाने की सलाह दी गई है।

### 16 जनवरी से जिले में एक माह का सड़क सुरक्षा अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**चंपावत।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने और जनपद को सुरक्षित यातायात का मॉडल बनाने के उद्देश्य से चंपावत जिले में 16 जनवरी से 14 फरवरी तक एक माह का विशेष सड़क सुरक्षा अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत आम नागरिकों, युवाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा तथा उनके पालन का अभ्यास कराया जाएगा।

जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक में कहा कि थोड़ी सी सावधानी बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती है, जबकि क्षणिक लापरवाही ऐसा नुकसान कर देती है जिसकी भरपाई किसी भी स्तर पर संभव नहीं होती। उन्होंने कहा कि अच्छे उद्देश्य से किया गया कोई भी प्रयास कभी व्यर्थ नहीं जाता, और यदि हम ईमानदार सोच के साथ सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आगे बढ़ेंगे तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी।

जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि कम उम्र के बच्चों को दुपहिया वाहन न चलाने दें, और जो वाहन चलाते हैं उन्हें घर से ही हेलमेट पहनाकर भेजें। उन्होंने कहा कि नशे में वाहन चलाना दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण है, ऐसे में आम नागरिकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे नशे में वाहन चला रहे व्यक्ति को रोकें और पुलिस को सूचना दें। जिलाधिकारी ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहभागिता निभाएं, ताकि चंपावत को दुर्घटनामुक्त, सुरक्षित और आदर्श जनपद के रूप में स्थापित किया जा सके।

### लाइसेंसधारी आढ़ती बाहर नहीं कर सकता कारोबार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** कृषि उत्पादन मंडी समिति कार्यालय में खाधान्न आढतियों और मंडी प्रशासन की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मंडी सचिव सहील अहमद ने कहा कि मंडी अधिनियम 2021की धारा 11( ख)के अन्तर्गत लाइसेंसधारी आढ़ती कारोबार बाहर नहीं कर सकता।

उन्होंने सभी आढ़तियों से आह्वान करते हुए कहा हैं कि वह अपना नियमित कारोबार मंडी प्रागंण में ही करें।प्रांतीय व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष दिनेश चन्द्रा ने कहा कि यातायात की व्यवस्था को देखते हुए सभी आढ़तियों को मंडी में आना होगा इसके लिए मंडी समिति को बैंक ,कैंटीन ,गोदाम, अच्छी सड़क की सुविधा उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने इसी के साथ आढ़तियों को अनुरोध पत्र देने को कहा और व्यापार मंडल सहयोग करने आश्वाशन दिया। इस दौरान बैठक मे मनमोहन अग्रवाल ,विपिन काण्डपाल, राहुल अग्रवाल, पलक अग्रवाल संदीप अग्रवाल, मंडी निरीक्षक बच्चे लाल दुबे, दीपा मनराल, सुरेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### नहीं रही दूसरों के चेहरे में खुशी लाने वाली पार्वती आमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** पार्वती आमा का जीवन अपने नाम के अर्थ को साकार करता रहा। पार्वती अन्नपूर्णा का स्वरूप और आमा ममता, करुणा और अपनत्व की जीवंत प्रतिमूर्ति। बुजुर्गों के अनुसार उनके आंगन से कभी कोई अतिथि, राहगीर या जरूरतमंद खाली हाथ नहीं लौटा। जिसे जैसी आवश्यकता होती, उसे वैसा ही सहारा मिलता भोजन, वस्त्र या स्नेह का आश्वासन। आमा का संपूर्ण जीवन उस फलदार वृक्ष के समान था, जो फल से लदने पर और अधिक झुक जाता है। सम्पन्नता के साथ विनम्रता और सामर्थ्य के साथ करुणा यही संतुलन आमा की सच्ची पहचान था।

# काशीपुर के किसान आत्महत्या मामले में क्या स्थिति है ? आज हाईकोर्ट को बताएं

## उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से पूछा, नामजद आरोपियों को नहीं मिली राहत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने काशीपुर के किसान द्वारा आत्महत्या करने पर नामजद लोगों की गिरफ्तारी पर रोक व दर्ज मुकदमे को निरस्त करने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वीरवार को न्यायमूर्ति आशीष नैथानी की एकलपीठ ने फिलहाल उन्हें कोई राहत न देते हुए राज्य सरकार से पूछा है कि मामले की क्या स्थिति है? शुक्रवार (आज) तक कोर्ट को बताएं।

कोर्ट ने मामले की सुनवाई शुक्रवार (आज) भी जारी रखी है। मामले के अनुसार बीते शनिवार यानी 17 जनवरी की देर रात हल्द्वानी के काठगोदाम क्षेत्र स्थित एक होटल में काशीपुर निवासी सुखवंत सिंह ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या से पहले सुखवंत सिंह ने फेसबुक पर लाइव आकर कई लोगों पर गंभीर आरोप लगाए थे, यही नहीं सुखवंत ने ऊधम सिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा समेत तमाम पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों पर भी गंभीर आरोप लगाए थे। उनके द्वारा कहा गया था कि उनके साथ जमीन के मामले मे धोखाधड़ी हुई है और उनसे करीब 4 करोड़ ठग लिए गए हैं, जब इसकी शिकायत बार-बार पुलिस से की गयी तो पुलिस ने उनकी शिकायत पर अमल नहीं किया गया उल्टा उनको डरा धमकाया गया। उनकी आत्महत्या करने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 लोगों पर आईटीआई थाने में नामजद मुकदमा दर्ज किया। यह कार्रवाई मृतक के भाई की तहरीर पर की गयी है। पुलिस ने अमरजीत सिंह, दिव्या, रविन्द्र कौर, लवप्रीत कौर, कुलविन्दर सिंह ऊॅ जस्सी समेत हरदीप कौर, आशीष चौहान, गिरवर सिंह, महिपाल सिंह, शिवेन्द्र सिंह, विमल तथा विमल की पत्नी, देवेन्द्र, राजेन्द्र, गुरप्रेम सिंह, जगपाल सिंह, जगवीर राय, मनप्रीत कलसी, अमित, मोहित, सुखवंत सिंह पन्नू, वीरपाल सिंह पन्नू, बलवन्त सिंह बसौरा, बिजेन्द्र, पूजा और जहीर के खिलाफ मामला दर्ज किया। बीरवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता कि तरफ से कहा गया कि उनका इस केस से कोई लेना देना नहीं है, उन्हें इस केस में गलत फंसाया गया है। यह केस दो पक्षों के बीच आपसी जमीन से जुड़ा मामला है। किसान ने आत्महत्या की है इसलिए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई जाए और दर्ज मामले को निरस्त किया जाए, जिस पर कोर्ट ने सुनवाई करते हुए सरकार से शुक्रवार (आज) तक स्थिति से अवगत कराने को कहा है।

## नए मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता पहुंचे हाईकोर्ट



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट के नए मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के वीरवार को पहली बार हाईकोर्ट पहुंचने पर पुलिस की टुकड़ी ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुख्य न्यायधीश बीरवार की दोपहर में हाईकोर्ट पहुंचे, जिसके बाद हाईकोर्ट बार एसोसियशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत व महासचिव सौरभ अधिकारी ने मुख्य न्यायधीश से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद थे। मुख्य न्यायधीश भोजनावकाश के बाद कोर्ट में भी बैठे।

## निर्माणाधीन आरसीसी में लोग वाहन चलाकर कर रहे खराब

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लोनोवि की ओर से तल्लीताल स्थित रैमजे अस्पताल से भोटिया बैंड तक आरसीसी कार्य करने के कारण मार्ग बंद किया गया है लेकिन अपील के बाद भी निर्माणाधीन सीसी में लोग वाहन दौड़ाकर सड़क को खराब कर रहे हैं। बता दें कि नैनीताल में रैमजे अस्पताल से भोटिया बैंड तक सीसी कार्र किया जा रहा है, जिसके कारण यह मार्ग अस्थायी रूप से बंद है। कार्य बंद होने के बाद मार्ग वाहनों की आवाजाही के लिए खोला जाएगा, लेकिन रात में कई स्थानीय लोग निर्माणाधीन सीसी मार्ग में वाहनों को दौड़ाकर सीसी को खराब कर रहे हैं, जिससे विभाग को दोबारा काम करना पड़ रहा है। मामले में लोनिवि के सहायक अभियंता तुला राम टमटा ने बताया कि कुछ लोग मार्ग बंद होने के बावजूद कंक्रीट की नई सतह पर बाइक व कार वाहन चला रहे हैं जिससे कंक्रीट में गहरी लीक बन रही हैं और सड़क की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। उन्होंने अपील की है कि कंक्रीट सडक को पूरी तरह मजबूत होने में कम से कम 14 दिन का समय आवश्यक होता है। इस अवधि में कोई भी व्यक्ति वाहन न चलाये।

## एक नजर

### जिला अस्पताल में पहुंचे बालरोग विशेषज्ञ

**नैनीताल।** नगर के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में बीरवार को बालरोग विशेषज्ञ के पहुंचने से लोगों को राहत मिली। बाल रोग विशेषज्ञ के पहुंचने के बाद बीमार बच्चों को उपचार दिया गया। बता दें कि नैनीताल के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में तीन बाल रोग विशेषज्ञों के स्वीकृत पदों में वर्तमान में एक ही डाक्टर तैनात हैं जो इन दिनों छुट्टी पर हैं, जिसके चलते अस्पताल प्रबंधन की ओर से अन्य अस्पतालों से डाक्टरों को बुलाकर व्यवस्थाएं बनाई जा रही हैं। बुधवार को बाल रोग विशेषज्ञ के अस्पताल न पहुंचने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। जिसको देखते हुए जिला अस्पताल प्रबंधन की ओर से बीरवार को हल्द्वानी से बाल रोग विशेषज्ञ को बुलाया। जिसके चलते मरीजों को राहत मिली। अस्पताल आये बीमार बच्चों को उपचार मिला। मामले में जिला अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि किसी कारणवश डाक्टर बुधवार को अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे लेकिन वीरवार को बाल रोग विशेषज्ञ ने अस्पताल में बीमार बच्चों का उपचार किया। अब डक्कटर लगातार मौजूद रहेंगे।

### खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत जिले में 11 लोगों पर लगा जुर्माना

**नैनीताल।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विवेक राय द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत निस्तारित प्रकरणों के तहत 11 व्यक्तियों के अलग-अलग जुर्माने धनराशि के तहत कुल 2 लाख 35 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। बता दें नैनीताल जनपद अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर बिना लाइसेंस के खुले में मछली की बिक्री करना, प्रतिष्ठान में खाद्य सामग्री खुले में रखने धूल तथा मिट्टी, मखी व किट इत्यादि के रोकथाम की कोई व्यवस्था नहीं होने समेत प्रतिष्ठान में एसपायर खाद्य सामग्री पाए जाने व उनका उपयोग करने तथा बिना लाइसेंस के मानक उपयोग हेतु खाद्य कारोबार करने आदि अन्य आधार पर यह जुर्माना लगाया गया है।

### नैनीताल में खिली रही धूप

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में वीरवार को पूरे दिन धूप खिली रही। जिस कारण मौसम बुधवार को सामान्य बना रहा। धूप पूरे दिन खिली रही। जिस कारण ठंड का एहसास नहीं हुआ। हालाकि धुंध की एक पतली परत असमान में पूरे दिन बनी रही। मगर तापमान में असर नहीं डाल सकी। मगर सांझ होते ही तापमान में गिरावट आ गई और ठंड में बढ़ोतरी हो गई। लोग गर्म ऊनी कपड़ों के साथ टोपी मफलर पहनने को मजबूर हुए तो हीटर ने ठंड से राहत दी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 17.5 व न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### उत्तराखंड बार काउंसिल चुनाव में 104 नामांकन दाखिल हुए

**नैनीताल।** उत्तराखंड बार काउंसिल के 25 सदस्य पद में से 23 सदस्य पद के लिए हो रहे चुनाव की वीरवार को चुनाव लड़ रहे अंतिम सदस्यों की सूची जारी कर दी है। चुनाव लड़ने के लिए कुल 149 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई थी जिसमे से 104 नामांकन दाखिल हुए। 23 पद में से पांच सीट महिलाओं के लिए सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देश पर आरक्षित हैं। 5 आरक्षित सीटों पर 20 महिलाएं चुनाव लड़ रही हैं बाकि 17 सीटों पर 84 पुरुष अधिवक्ता चुनाव लड़ रहे हैं। दो सीट सीट रिजर्व है। पूर्व में जारी अधिसूचना के मुताबिक 10 व 11 जनवरी हुई नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत सभी 104 आवेदन वैध पाए गए। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 12 से लेकर 14 जनवरी को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई थी लेकिन किसी भी उम्मीदवार ने नाम वापस नहीं लिया गया। इसके बाद वीरवार 15 जनवरी को उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी की गयी। अब 17 फरवरी को पूरे प्रदेश के न्यायालयों के बार एसोसिएशनों में मतदान कराया जाएगा जिसमें कुल 14 हजार 807 अधिवक्ता मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 18 व 19 फरवरी को मतदान के बाद मतपेटियों को नैनीताल लाया जाएगा और 20 फरवरी से राज्य अतिथि गृह (नैनीताल क्लब) नैनीताल में मतगणना शुरू होगी।

### महिला टीम ने बढ़ाया विश्वविद्यालय का मान

**नैनीताल।** कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की महिला क्रिकेट टीम ने महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। कुविवि के प्रभारी क्रीड़ाधिकारी डा. संतोष कुमार के मुताबिक इस प्रतियोगिता में उत्तर क्षेत्र की अग्रणी विश्वविद्यालयों की अत्यंत प्रतिस्पर्धी टीमें भाग लेती हैं। ऐसे उच्च स्तर की प्रतियोगिता में सेमीफाइनल तक पहुँचना विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण एवं प्रशंसनीय कामयाबी है। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ही कुमाऊँ विश्वविद्यालय की महिला क्रिकेट टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला क्रिकेट चैंपियनशिप 2025-26 के लिए सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर लिया है। खिलाड़ियों की कामयाबी पर डीएसबी परिसर नैनीताल की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत, कुलानुशासक प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट समेत प्रो. चित्रा पांडेय, प्रो. रजनीश पांडेय, प्रो.अतुल जोशी, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. बीना पांडेय, प्रो. अमित जोशी, प्रो. महेंद्र सिंह राणा, विवि के कुलसचिव डा. मंगल सिंह, वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, डा. संतोष कुमार, डा. सुरेन्द्र सिंह, डा. राजेश कुमार सहित विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं खिलाड़ियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# नैनीताल में भारत शुद्धिकरण यात्रा को पुलिस ने रोका

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिहाद मुक्त भारत के संकल्प के साथ निकाली जा रही भारत शुद्धिकरण यात्रा वीरवार को नैनीताल पहुंची, जहां पुलिस प्रशासन ने यात्रा को मुख्य बाजार क्षेत्रों में प्रवेश से रोक दिया। बता दें यात्रा को केवल मां नयना देवी मंदिर क्षेत्र तक ही सीमित रखा गया जिससे संत समाज और यात्रा में शामिल लोगों में नाराजगी देखने को मिली। यह यात्रा देवभूमि उत्तराखंड के विश्वविख्यात जागेश्वर धाम से प्रारंभ की गई है, यात्रा में जागेश्वर के पुजारी महामंडलेश्वर लाल बाबा भंडारी बाबा सहित कई संत मौजूद थे। यात्रा के माध्यम से विभिन्न सामाजिक मुद्दों को लेकर जनजागरूकता फैलाने का दावा किया जा रहा था। यात्रा से जुड़े सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि इस पदयात्रा का उद्देश्य समाज को लव जिहाद सहित अन्य विषयों को लेकर जागरूक करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में इस तरह की गति. विधियां बढ़ रही हैं जिन्हें लेकर संत समाज को सड़कों पर उतरकर जनजागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पड़ी। उनका कहना था कि यह यात्रा किसी वर्ग विशेष के खिलाफ नहीं बल्कि समाज को सतर्क करने के उद्देश्य से निकाली जा रही है।



सच्चिदानंद महाराज ने कहा कि जागेश्वर धाम से शुरू हुई यह 9 दिवसीय पदयात्रा विभिन्न जिलों से होते हुए आगे बढ़ रही है। उनके अनुसार अब तक यात्रा के दौरान प्रशासन का सहयोग मिलता रहा है लेकिन नैनीताल पहुंचने पर यात्रा को रोक दिया गया और मुख्य बाजारों में जाने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि यात्रा का साउंड सिस्टम भी बंद कराया गया और मार्ग को सीमित कर दिया गया। संत समाज का कहना है कि इससे पहले अल्मोड़ा समेत भवाली सहित अन्य क्षेत्रों में यात्रा को लेकर किसी तरह की बाधा नहीं आई लेकिन नैनीताल में अचानक रोक लगाए जाने से वे असमंजस में हैं। उन्होंने इसे अभिव्यक्ति और शांतिपूर्ण पदयात्रा के अधिकार से जोड़ते हुए प्रशासन से सहयोग की मांग की है।

# शत प्रतिशत धनराशि व्यय करें: डीएम

## अधिकारी योजनाओं को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के विकास भवन भीमताल के सभागार में बीरवार को जिला सैक्टर, राज्य सैक्टर समेत केन्द्र पोषित व बाह्य सहायतित एवं बीस सूत्री कार्यक्रम की मासिक प्रगति की समीक्षा करते हुये जिला. धिकारी ललित मोहन रयाल ने सभी विभागों से आए अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराते हुए शत प्रतिशत धनराशि व्यय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी रयाल ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनपद के आवंटित बजट को वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व व्यय कर लिया जाए ताकि विकास कार्य रूके नही और लक्ष्य समय पर पूर्ण होए जो योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा सभी विभाग भौतिक प्रगति एवं वित्तीय प्रगति के साथ पारदर्शिता से कार्य कर समय से भुगतान करना सुनिश्चित करें। बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार विगत माहों में विभागों द्वारा बेहतर कार्य करते हुए अच्छी प्रगति प्राप्त की है आगे मार्च तक भी सभी विभाग ए श्रेणी बनाए रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रमों के लिए जनपद के जिन विभागों को योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु जो लक्ष्य निर्धारित किये गये है उन लक्ष्यों को इसी मांह पूर्ण करते हुए ए श्रेणी प्राप्त करें। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिये कि प्रत्येक विकास खण्ड के ऐसे 5-5 गांवों का चिन्हिकरण करें जो गांव वन आच्छादित क्षेत्रों के निकट हैं और उन गांवों में बहुतायत मात्रा में खेती होती है लेकिन जंगली जानवरों के द्वारा खेती को नुकसान किया जाता है इसके लिए सोलर फैंसिंग, तार बाढ़ का प्रस्ताव बनाते हुए कार्ययोजना तैयार की जाय ताकि किसानों की समस्या का समाधान हो और उनकी आय में भी बढ़ोतरी हो सके। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि पर्वतीय क्षेत्रों में राशन की उपल. बधता समयसीमा के अन्तर्गत नियमित की जाए तथा खाद्यान्न का नियमित उठान हो यह सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान जिलाधिकारी रयाल ने हल्द्वानी एवं नैनीताल नगर अंतर्गत बार-बार पेज लाइन लीकेज की शिकायत पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जल संस्थान के अधिका. रियों को पेयजल लाइन लीकेज ठीक करने हेतु ऐसी सभी पेयजल लाइनों की मरममत का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी सड़क निर्माण एजेंसियों से आए अधिकारियों को सड़कों की लगातार निगरानी रखते हुए सुचारू आवागमन के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान विधायक निधि अंतर्गत कम धनराशि व्यय पर जिला. धिकारी ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि विधायकों को अनुरोध पत्र जारी करते हुए प्रस्ताव प्राप्त कर शीघ्र ही धनराशि जारी करें। बैठक में जिलाधिकारी ने कृषि, उद्यान, भेषण, समेत समस्त खंड विकास अधिकारियों को आपसी समन्वय करते हुए शीतकाल में लगाए जाने वाले पौधों को तुरंत ही किसानों को मुहैया कराते हुए पौधारोपण कराए जाने के निर्देश दिए, साथ ही उन्होंने सूची प्रकाशन के संबंध में भी विभागों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरि गोस्वामी, जिला अर्थसंख्याधिकारी डा. मुकेश सिंह नेगी उपस्थित रहे।

### टीकाकरण लक्ष्य धीमा, सीएमओ को कड़े निर्देश

बैठक में जिलाधिकारी रयाल ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण लक्ष्य के सापेक्ष धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं अपक केन्द्र वार टीकाकरण का रोस्टर तैयार कर टीकाकरण कार्य कर शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। वहीं, बैठक में उरेडा विभाग के अधिकारी के साथ ही कोई भी समकक्ष अधिकारी उपस्थित न होने के कारण विभाग की समीक्षा नहीं हो पाई। इस पर जिलाधिकारी रयाल ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए परियोजना अधिकारी उरेडा का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए गए।

# कर्मचारियों का आंदोलन शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद नैनीताल तत्वावधान के तत्वावधान में कुमाऊं विश्वविद्यालय भीमताल में गेट मीटिंग कर सरकार से कर्मचारियों की 18 सूत्रीय मांगों को यथा शीघ्र मंजूर के जाने का आह्वान किया गया। गेट मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए विश्व. विद्यालय कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री डा. लक्ष्मण सिंह रौतेला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों की पुरानी एसीपी, गोल्डन कार्ड की विसंगति तथा वेतन विसंगति से जुड़े प्रकरणों पर राज्य सरकार द्वारा अभी तक कोई भी ठोस निर्णय नहीं ले जाने से प्रदेश भर के कर्मचारियों में व्यापक आक्रोश फैल गया है जिस कारण प्रांतीय नेतृत्व द्वारा वीरवार से प्रथम चरण के तहत प्रदेश भर में कर्मचारी आंदोलन के लिए लामबंद हो रहे हैं। जिसके तहत जनपद नैनीताल के विभिन्न संगठनों के कर्मचारी आंदोलन में व्यापक भागीदारी निभाने के लिए पूर्ण रूप से तैयार हैं। सभा में परिषद के वरिष्ठ सदस्य भूपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि शासन स्तर पर लंबित कर्मचारियों की जायज मांगों को एक सुनियोजित तरीके से निस्तारण के बजाय लटकाया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में लगातार रोष बढ़ रहा है। सभा का संचालन कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षणेत्तर भीमताल के अध्यक्ष पीसी ध्यानी द्वारा किया गया। सभा में परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली समेत राजेंद्र प्रसाद टमटा, हीरा सिंह रौतेला, डा. कनिका साह, कमला रैखोला, शशि, रमेश चन्द्र भट्ट, भूपेंद्र लाल, दलीप सिंह, पीसी ध्यानी, मुकेश कुमार तथा अमरनाथ गोस्वामी, बिशन सिंह समेत शमशेर सिंह सहित कई कर्मचारी प्रतिनिधि उपस्थित थे।




# थानाध्यक्षों को आइजी रिद्धिम अग्रवाल की दो-टूक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल मुख्यालय में आईजी और एसएसपी कार्यालय होने के बाद भी पुलिसिंग पर लगातार सवाल उठ रहे हैं। पुलिस कार्यालयों के समीप ही नशेड़ियों के अड्डे तथा सड़कों पर अवैध पार्किंग तथा अराज. कता व पुलिस के सामने ही यातायात नियमों का उल्लंघन होने और शिकायतों के बाद भी पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगा है, जिस पर आईजी ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बिगड़ी तो संबंधित थानाध्यक्ष को जवाब देना होगा। बता दें कि नैनीताल शहर में आईजी, एसएसपी, एसपी तथा सीओ कार्यालय व एक कोतवाली तथा एक थाना समेत दो पुलिस सहायता केंद्र होने के बाद भी पुलिस की व्यवस्थाएं

### कानून व्यवस्था बिगड़ी तो देना होगा जवाब

सवालों के घेरे में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नैनीताल जिला मुख्यालय होने के बाद भी नैनीताल में सड़कें अवैध पार्किंग बन चुकी हैं। बिना सत्यापन बाहरी लोग यहां घूमकर सामान बेच रहे हैं, वहीं रात्रि गश्त न होने के चलते क्षेत्र में चोरी तथा अराजकता बढ़ रही हैं, वहीं चौकियों के सामने ही अवैध गाइड बेखौफ घूम रहे हैं जो पर्यटकों से बदतमीजी कर रहे हैं। वहीं शहर में नियमों को ताक में रखकर टैक्सी बाइकों का संचालन हो रहा है, साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन हो रहा है। यही नहीं तल्लीताल और मल्लीताल दुकानों में शराब परोसी जा रही है। हर चीज की जानकारी होने के बाद भी पुलिस पर अनदेखी करने का आरोप लगाया गया है। लोगों का यह भी आरोप है कि पुलिस की अनदेखी के चलते पूर्व में अराजक तत्वों ने आयारपाटा में दुकान व निर्माधाधीन भवन में आग लगाने की घटना और ठंडी सड़क पर ग्लास हाउस को तोड़ने की घटना को अंजाम दिया था। मामले में आईजी (कुमाऊँ) रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि लोगों की सुरक्षा की जिममेदारी पुलिस की है। सभी जिलों के एसएसपी को पूर्व में ही गश्त के लिए निर्देशित किया गया है। अगर किसी थाने से ड्यूटी को लेकर कोई कोताही बरती जा रही है तो कार्रवाई की जाएगी। शहर में गश्त और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए पुलिस कप्तान को दोबारा निर्देशित किया जा रहा है।



### देर रात नशेड़ियों का आतंक: सभासद बिष्ट



**नैनीताल।** नगर पालिका के सभासद पूरन सिंह बिष्ट के मुता. बिक नैनीताल में देर रात नशेड़ियों का आतंक बढ़ता जा रहा है। खासकर जू रोड में गौरी होटल के समीप खुंचे और छावनी की पार्किंग स्थल में शाम से ही नशेड़ी हंगामा करते हैं, जिससे महिलाएं भी आवाजाही में असुरक्षित महसूस करती हैं, लेकिन पुलिस की ओर से कभी गश्त नहीं की जाती। पुलिस को इस पर ध्यान देना चाहिए।

### कई बार की है पुलिस से शिकायत: जगाती



**नैनीताल।** नगर के अयारपाटा वार्ड के युवा सभासद मनोज साह जगाती के मुताबिक नैनीताल के चार्टन लॉज, चूनाधारा, डीएसबी परिसर रोड, ठंडी सड़क समेत अरविंद आश्रम क्षेत्र समेत कई क्षेत्र नशेडियों के अड्डे बने हुए हैं। यही नशेड़ी चोरी और मारपीट में शामिल होते हैं, जिसको लेकर कई बार पुलिस से शिकायत कर गश्त और कार्रवाई की मांग की गई है, लेकिन पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती।

# सनसनीखेज हत्याकांड की मुख्य आरोपी सहयोगी के साथ ज़मानत का दुरुपयोग कर फरार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले में कुछ वर्ष पूर्व हुए सनसनीखेज हत्याकांड की मुख्य आरोपी महिला नीलम और उसका सहयोगी मनीष मिश्रा जमानत का दुरुपयोग कर फरार हो गए हैं। इस मामले में जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल को पत्र लिखकर पुलिस की ढुलमुल कार्यप्रणाली पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। पत्र में बताया गया है कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए बनाई गई पुलिस टीम ने अब तक अदालत में कोई प्रगति रिपोर्ट पेश नहीं की है। साक्ष्य के दौरान फरार हुए आरोपी का मामला वर्ष 2019 का है जिसमें आरोपी नीलम ने अपने साथियों मनीष मिश्रा और अजय यादव के साथ मिलकर अपने ही पति अवतार सिंह की हत्या कर दी थी। आरोपियों ने शव को भीमताल रोड पर कार के अंदर पेट्रोल डालकर जला दिया था। इस मामले में सुनवाई के दौरान आरा. पी मनीष मिश्रा ने वर्ष 2022 में उच्च न्यायालय से मिली जमानत का दुरुपयोग कर फरार हो गया था जिसके खिलाफ अदालत ने गैर जमानती वारंट भी जारी किए थे। पत्र के अनुसार मुख्य आरोपी नीलम चौधरी भी जमानत मिलने के बाद से फरार है। चौंकाने वाली बात यह है कि नीलम की जमानत लेने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी अब जांच के आदेश दिए गए हैं। न्यायालय ने नीलम के जमानत बंधपत्र को पहले ही जबत कर लिया है और उसके खिलाफ भी गिरफ्तारी के वारंट जारी हैं। कोर्ट इस बात से भी नाराज है कि जमानत देने वाले लोगों ने आरोपियों की मौजूदगी सुनिश्चित करने में कोई सहयोग नहीं किया। इस हत्याकांड की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मृतक अवतार सिंह के पिता और उनकी बेटी ने खुद न्यायालय में उपस्थित होकर आरोपियों के खिलाफ बयान दर्ज कराए थे। अभियोजन पक्ष की ओर से अब तक कुल 20 गवाहों के बयान कराए जा चुके हैं। मामला वर्तमान में द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश नैनीताल की अदालत में लंबित है लेकिन मुख्य आरोपियों के गायब होने से न्याय प्रक्रिया में बाधा आ रही है। जिला शासकीय अधिवक्ता ने एसएसपी से मांग की है कि भीमताल थाना पुलिस और गठित विशेष टीम को तत्काल निर्देशित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया है कि फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर आगामी 23 जनवरी 2026 शुक्रवार तक न्यायालय के समक्ष प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। पत्र में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि पुलिस टीम द्वारा अब तक की गई कार्रवाई के बारे में न्यायालय को समय पर सूचित नहीं करना एक गंभीर लापरवाही है।

### पुलिस की कार्यप्रणाली पर शासकीय अधिवक्ता ने उठाए सवाल

## शराब पीकर पति ने जमकर काटा हंगामा

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में पति ने शराब के नशे में घर पर जमकर हंगामा किया तो पत्नी शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गई। रात में पुलिस हिरासत में काटने के बाद सुबह चालानी कार्रवाई कर पति को छोड़ा गया। जानकारी के अनुसार बुधवार देर रात पुलिस को 112 पर एक महिला की शिकायत मिली कि उसका पति शराब के नशे में घर पर हंगामा कर रहा है। समझाने पर पति मारपीट करने पर उतारु हो गया है। सूचना मिलने के बाद एसआई दीपक कार्की महिला के घर पहुंचे तो पति पुलिसकर्मियों से भी अभद्रता करने लगा। जिसे पकड़ पुलिस कोतवाली ले आई। पूरी रात उसने नशे में कोतवाली में जमकर हंगामा काटा। सुबह नशा उतरने के बाद वह छोड़ देने की गुहार लगाने लगा। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि रुकुट कंपाउंड निवासी प्रवेश कुमार के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

# श्री राम सेवक सभा ने किया विशेष खिचड़ी भोग का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल की प्राचीनतम धार्मिक, संस्कृति एवं सामाजिक संस्था श्री राम सेवक सभा द्वारा बीरवार को मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोग का विशेष आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों ने खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। श्री राम सेवक सभा के खिचड़ी भोज में विधायक सरिता आर्य, नगर पालिक. ाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल समेत पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल सहित सभा के पदाधिका. रियों ने खिचड़ी जनमानस को भेंट की। खिचड़ी के साथ हरी चटनी तथा सलाद भी प्रस्तुत किया गया। कार्य क्रम में खिचड़ी प्रसाद तथा काले कौवा एवं गुटीय तथा गोपाल बाबू के गीत ने रौनक बढ़ाई। खिचड़ी भोज में सभा परिवार के संरक्षक घनश्याम लाल साह, अध्यक्ष मनोज साह, महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी समेत राजेंद्र बिष्ट, बिमल चौधरी, पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी, भगवान, आशु बोरा, गोविंद सिंह, आनंद बिष्ट, डोल्मा समेत मोहित लाल साह, हरीश सिंह राणा, आशीष बजाज, भगवत रावत, दिनेश भट्ट तथा एडवोकेट प्रकाश पांडे व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका संजय कुमार तथा प्रो. ललित तिवारी शामिल रहे। लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर सूर्य भगवान की आराधना की। श्री राम सेवक सभा द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर भव्य तरीके से सभा भवन में सामूहिक उपनयन संस्कार आयोजित किया जाएगा।

खेल विशेष

## जय शाह ने अंडर-19 विश्व कप टीमों को दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली, वार्ता। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने आज से जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरु हो रहे आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले सभी टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक संदेश में, शाह ने क्रिकेट की अगली पीढ़ी के सितारों को बनाने में टूर्नामेंट की भूमिका पर बल देते हुए लिखा, ष15 जनवरी से मेजबान देशों जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरू हो रहे आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्वकप के लिए सभी टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। हमारी यूथ प्रतियोगिता लंबे समय से क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े सितारों के लिए रास्ता रही है और मुझे यकीन है कि इस बार भी ऐसा ही होगा।

## बीसीबी ने नजमुल इस्लाम को कारण बताओ नोटिस दिया

ढाका, वार्ता। बांग्लादेश के क्रिकेटर्स को लेकर सार्वजनिक रूप से की गई 'आपत्तिजनक टिप्पणी' को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अपने निदेशक एम नजमुल इस्माल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीपीएल मैच के शुरू होने के कुछ घंटे पहले ही ए नोटिस आया है क्योंकि खिलाड़ियों की संस्था सीडब्ल्यूएबी ने इस्लाम के इस्तीफा नहीं देने पर पूरे देश में सभी तरह की क्रिकेट के बॉयकॉट की घोषणा की थी। गुरुवार की सुबह ढाका क्रिकेट लीग के निर्धारित चार फर्स्ट-डिवीजन मैच शुरू नहीं हुए जिससे बीसीबी की चिता गंभीर हो गई। ऐसी जानक. ारी है कि आज होने वाले मुकाबले का सीआर और नोखली एक्सप्रेस के खिलाड़ी बॉयकॉट के पक्ष में हैं। बीसीबी के बयान में कहा गया कि बोर्ड के जिन सदस्यों से समस्या है उनके खिलाफ बोर्ड ने औपचारिक अनुशासनात्मक कार्यवाई शुरू कर दी है।

# ऑरेंज कैप-पर्पल कैप में हरमनप्रीत व नंदनी शीर्ष पर





- मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीन मैचों में 165 रन बनाते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया
- डीसी की तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर है

नवी मुंबई, वार्ता। डब्ल्यूपीएल 2026 के शुरुआती चरण में व्यक्तिगत प्रदर्शनों ने सबका ध्यान खींचा है। आइए एक नजर डालते हैं दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्ज के बीच बुधवार की रात खेले गए मैच के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस कैसी चल रही है।

ऑरेंज कैप टेबल मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीन मैचों में165 रन बनाते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर रखा है। मंगलवार को गुजरात जॉयंट्स के खिलाफ उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 71 रनों की एक मैच जिताने वाली पारी खेली थी जिससे एमआई ने आसानी से 193 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। इससे पहले हरमनप्रीत ने शनिवार को डीसी के खिलाफ भी 42 गेंदों में नाबाद 74 रन बनाए थे।

डीसी की ओपनर लिजेल ली 163 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने बुधवार को यूपीडब्ल्यू के खिलाफ 67 रनों की पारी खेली और इससे पहले जीजी के खिलाफ रविवार को 86 रन भी बनाए थे। सीजन के उनके दूसरे अर्द्धशतक ने डीसी को इस डब्ल्यूपीएल में पहली जीत दिलाई है। जीजी की ओपनर सोफी डिवाइन 141 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। यूपीडब्ल्यू के खिलाफ अपनी टीम के पहले मैच में 38 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड की ओपनर ने डीसी के खिलाफ केवल 42 गेंदों में 95 रनों की विस्फोटक पारी खेली।

पर्पल कैप टेबल-डीसी की तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 8-80 की रही है। उन्होंने जीजी के खिलाफ फाइव विकेट हॉल लिया और साथ ही डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली चौथी गेंदबाज भी बनीं। बुधवार को यूपीडब्ल्यू के खिलाफ उन्होंने 29 रन देकर एक विकेट लिया। छह विकेट के साथ तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं जो एमआई की एमेलिया कर, आरसीबी की नडीन डी क्लर्क, और एमआई की निकोला कैरी हैं। केवल 6-41 की इकॉनमी के कारण सबसे ऊपर हैं क्योंकि डी क्लर्क (6.75) और कैरी (9.00) की इकॉनमी उनसे अधिक है।

## हरमनप्रीत कौर को पंसद हैं छोले भटूरे और बटन चिकन

नई दिल्ली, वार्ता। भारतीय महिला टीम और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत को छोले भटूरे और बटर चिकन बेहद पंसद है। जियो हॉटस्टार पर बात करते हुए, मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने यह बात कही। जब उनसे पूछा गया कि मैच के बाद उनका पसंदीदा खाना कौन सा है।

उन्होंने कहा कि छोले भटूरे और बटर चिकन। इस बातचीत के दौरान उन्होंने उन खिलाड़ियों के नाम बताए जो सबसे बड़े शरारती हैं। उन्होंने कहा, ष्हेली मैथ्यूज और शबनीम इस्माइल को जब भी उन्हें मौका मिलता है, वे युवा लड़कियों की टांग खींचती रहती हैं। हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उन्हें क्रिकेट के अलावा फुटबॉल बेहद पंसद है। जब उनसे पूछा गया कि अगर क्रिकेट नहीं तो वह कौन सा खेल खेलेंगी। उन्होंने कहा, ष्फुटबॉल, मुझे फुटबॉल बहुत पसंद है। ड्रेसिंग रूम में सबसे अधिक बजने वाले गाने और उनके पसंदीदा गाने को लेकर उन्होंने कहा कि पंजाबी बीट गाने। अभी मुझे पंजाबी गाना बैड बॉय बेहद पसंद है।

उन्होंने कहा कि शबनीम इस्माइल सबसे मुश्किल गेंदबाज है। उन्होंने कहा कि प्रैक्टिस नेट में मैं कह सकती हूं शबनीम इस्माइल का सामना करना बहुत मुश्किल है। अपनी कप्तानी के अंदाज में वह एक चीज जो कभी नहीं बदलना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि मेरी कप्तानी के अंदाज में एक चीज जो मैं कभी नहीं बदलना चाहती, वह है मैदान पर आक्रामकता। क्योंकि मुझे लगता है कि यह मेरे अंदर से सबसे अच्छा निकालता है। मैदान के बाहर मुझे गुस्सा नहीं आता।

## भारतीय सीनियर महिला टीम तुर्की में तीन मैत्री मैच खेलेगी

नई दिल्ली, वार्ता। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सीनियर महिला टीम तुर्की में तीन फुटबॉल क्लबों के साथ मैत्री मैच खेलेंगी। एआईएफएफ के अनुसार भारतीय सीनियर महिला टीम 26 खिलाड़ियों के साथ तुर्की में ट्रेनिंग कैंप के लिए रवाना हो गई है। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की तैयारी कर रही भारतीय टीम ने 12 से 14 जनवरी तक हरियाणा के गुरुग्राम में तीन दिन का छोटा ट्रेनिग कैंप किया था। यहां भारतीय टीम 18 जनवरी को यूक्रेन के फुटबॉल क्लब मेटलस्ट 1925 खार्किव, 21 जनवरी को स्विट्जरलैंड के जड़ूरिख शहर के महिला फुटबॉल क्लब ज्यूरिख फाउएन और 24 जनवरी को आयरलैंड के फुटबॉल क्लब शिलएरेन के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम इस प्रकार है:-

**गोलकीपर:** एलंगबाम पंथोई चानू, सौम्या नारायणसामी, श्रेया हुड्डा, अद्रिजा सरखेल।

**डिफेंडर:** स्वीटी देवी नगांग. बाम, शिल्की देवी हेमाम, जूली किशन, निर्मला देवी फांजोबाम, संजू, अस्तम ओरांव, सरिता युमनाम, सुष्मिता लेप्चा, मार्टिना थोकचोम।

**मिडफील्डर:** संगीता बासफोर, बबीना देवी लिशम, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, अंजू तमांग, जसोदा मुंडा, सैनफिडा नोंग्रम।

**फॉरवर्ड:** ग्रेस डांगमेई, करिश्मा शिरवोइकर, रिम्पा हलदर, मालविका पी, प्यारी जाक्सा, लिडा कोम सेर्टो, काव्या पक्कीरिसामी।

## न्यूजीलैंड-भारत सीरीज से बाहर हुए सुंदर



- वाशिंगटन सुंदर की चोट बाई निचली पसली में अचानक हुई तकलीफ बताया है

नई दिल्ली, वार्ता। चोट के कारण ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के विरु( होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। सात फरवरी से शुरु होने वाले टी-20 विश्व से पहले होने वाली यह सीरीज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वॉशिंगटन वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय के दौरान वे साइड स्ट्रेन का शिकार हो गए थे और अभी तक इस चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। यह एकदिवसीय सीरीज 21 से 31 जनवरी खेली जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वॉशिंगटन की चोट को बाई निचली पसली में अचानक हुई तकलीफ बताया है, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वे विश्व कप तक पूरी तरह फिट हो पाएंगे या नहीं। भारत को टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में मुंबई में अमेरिका से भिड़ना है। वनडे सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने वॉशिंगटन की जगह दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बदोनी को टीम में शामिल किया था, लेकिन टी-20 स्क्वॉड में उनकी एंट्री होगी या नहीं, इस पर अभी कोई पुष्टि नहीं है। न्यूजीलैंड के विरुद्ध टी-20 सीरीज में वॉशिंगटन की गैरमौजूदगी को लेकर भारतीय खेमा चितित नहीं है। अगले हफ्ते कई ऑलराउंडर टीम से जुड़ने वाले हैं, जिनमें हार्दिक पांड्या, अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे शामिल हैं। इसके अलावा अक्षर पटेल की भी वापसी हो रही है, जो न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप दोनों में उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। हालांकि टीम को एक और झटका लगा है। वॉशिंगटन के अलावा तिलक वर्मा भी ग्रो. इन इंजरी की सर्जरी के बाद शुरुआती तीन टी-20 मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारत की टीम इस प्रकार है:-

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध नहीं), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिकू सिंह, जसप्रीत बुम. राह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिंगटन सुंदर और इशान किशन (विकेटकीपर)।

## वाइल्ड कार्ड प्रेस्टन ने टॉप सीड राडुकानू को हराकर तहलका मचाया

होबार्ट, वार्ता। वाइल्ड कार्ड टेलाह प्रेस्टन ने होबार्ट इंटरनेशनल में नंबर 1 सीड एम्मा राडुकानू को 6-2, 6-4 से हराकर अपने घरेलू फैंस को खुश किया और अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में पहुंची। 20 साल की, नंबर 204 रैंक वाली खिलाड़ी ने इस हफ्ते से पहले सिर्फ एक टूर-लेवल मैच जीता था। सैन डिएगो 2024 में लेकिन नंबर 5 सीड जेसिका बोजास मानेइरो और रेबेका मकोवा को हराने के बाद, उन्होंने नंबर 29 रैंक वाली राडुकानू पर अपने करियर की पहली टॉप 30 जीत हासिल की।

प्रेस्टन ने अपना पहला मैच प्वाइंट पक्का करने के लिए फोरहैंड विनर लगाने के बाद कहा कि मुझे सच में नहीं पता कि क्या कहूं। मैं बस बहुत खुश हूं कि मैं अगले राउंड में पहुंच गई हूं और यहां सबके सामने फिर से खेलने का मौका मिलेगा। राडुकानू के खिलाफ, प्रेस्टन ने साफ, आक्रामक बॉल-स्ट्राइकिंग का टॉप-क्लास लेवल दिखाया, पूर्व यूएस ओपन चैंपियन के नौ विनर्स के मुकाबले 21 विनर्स लगाए।

## हेनिल पटेल के पंजे से भारत ने अमेरिका को 107 रन पर लुढ़काया



बुलावाया, वार्ता। हेनिल पटेल (पांच विकेट) की अगुवाई में गें. दबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने गुरुवार को अंडर-19 विश्व कप के पहले मुकाबले में अमेरिका को 35.2 ओवरों में 107 रनों के स्कोर पर समेट दिया। यहां भारत की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में अमरिंदर गिल (एक) का विकेट गंवा दिया। उन्हें हेनिल पटेल ने आउट किया। इसके बाद अर्जुन महेश और साहिल गर्ग ने पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे उसके बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। अर्जुन महेश और साहिल गर्ग (16-16) रन बनाकर आउट हुए। अदनित झांब (18) रन बनाकर आउट हुए। शेष सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। 36वां ओवर कर रहे वैभव सूर्यवंशी दूसरी गेंद पर नीतीश सुदिनी को आउटकर अमेरिका की पारी का 107 के स्कोर पर अंत कर दिया। नीतीश सुदिनी ने टीम के लिए सर्वाधिक 36 रनों की पारी खेली। भारत की ओर से हेनिल पटेल ने सात ओवर में 16 रन देकर पांच विकेट लिए। दीपेश देवेंद्रन, अमब्रिश, खिलन पटेल और वैभव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## म्बोको ने मेडिसन कीज को चौंकाया

- म्बोको ने आखिरकार 1:53 मिनट में अपने छोटे से करियर की दूसरी टॉप 10 जीत हासिल की



एडिलेड, वार्ता। 19 साल की कनाडाई खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने गुरुवार को एडिलेड इंटरनेशनल में मैडिसन कीज के टाइटल डिफेंस को 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर खत्म कर दिया। यह इस हफ्ते डब्ल्यूटीए 500 इवेंट में खेले गए उतने ही मैचों में उनकी तीसरी तीन-सेट वाली जीत थी। एक सेट और एक ब्रेक से आगे होने के बाद, कीज के खिलाफ म्बोको के लिए चीजें मुश्किल हो गईं, जिन्होंने 2022 में एडिलेड से एक ट्रॉफी भी जीती थी। लेकिन मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आखिरी सेट में थक गईं और म्बोको ने आखिरकार 1 घंटे और 53 मिनट में अपने छोटे से करियर की दूसरी टॉप 10 जीत हासिल की।

कृकनाडाई खिलाड़ी ने कीज के आखिरी सेट की शुरुआत में सर्व होल्ड करने के बाद लगातार पांच गेम जीते और जीत हासिल की। उन्हें डिफेंडिग चैंपियन के उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन का फायदा मिला, जिन्होंने कुल 41 अनफोर्स्ड एरर किए और - नौ ऐस मारने के बावजूद - 12 ब्रेक पॉइंट का सामना किया और छह बार सर्व गंवाई। म्बोको ने बाद में कहा, ष्मुझे पता है कि उसने पिछले साल यह टूर्नामेंट जीता था, और बेशक, ऑस्ट्रेलियन ओपन भी, और मुझे इस मैच में आने से पहले पता था कि यह एक बड़ी लड़ाई होगी। आठवीं सीड अब सेमीफाइनल में पसंदीदा स्थिति में होंगी क्योंकि वह डब्ल्यूटीए टूर पर अपने तीसरे करियर फाइनल की तलाश में हैं, जो सभी पिछले अगस्त में मॉन्ट्रियल में अपने घरेलू मैदान पर डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने के बाद से आए हैं। उस टूर्नामेंट के पहले राउंड में, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की किम्बर्ली बिररेल को हराया था और यह जोड़ी इस बार फिर खेलेगी, जिसमें बिना सीड वाली बिररेल को अब घरेलू दर्शकों का फायदा मिलेगा। 27 साल की गोल्ड कोस्ट की रहने वाली खिलाड़ी ने अपने करियर में पहली बार डब्ल्यूटीए 500-लेवल के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिसमें उन्होंने तीन सेट में जीत हासिल की - रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन के खिलाफ 5-7 6-1, 7-5 का एक शानदार मैच जो 3 घंटे और 4 मिनट तक चला।

## फीफी विश्व कप के लिए 50 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट

लुसाने, वार्ता। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए दुनिया भर में उत्साह पहले कभी नहीं देखा गया, रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकट बिक्री फेज के दौरान आधे बिलियन से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट सबमिट की गईं, जो गुरुवार, 11 दिसम्बर 2025 से मंगलवार, 13 जनवरी 2026 तक चला। सिर्फ 33 दिनों में सभी 211 फीफा मेंबर एसोसिएशन के देशों/टेरिटरी में रहने वाले फैन्स से एप्लीकेशन मिलीं। मेजबान यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको और कनाडा टॉप एप्लीकेंट देशों में शामिल हैं, साथ ही जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया भी शामिल हैं। फैन्स को उनके टिकट एप्लीकेशन के नतीजे के बारे में 5 फरवरी से पहले ईमेल से बताया जाएगा।

हर एप्लीकेशन को यूनिक क्रेडिट कार्ड डेटा से वैलिडेट किया गया, फैन्स ने 33-दिन की एप्लीकेशन विडो में हर दिन एवरेज 15 मिलियन टिकट रिक्वेस्ट कीं, जिसने दुनिया के खेल के इतिहास में डिमांड के लिए एक नया बेंचमार्क सेट किया। उन सभी देशों और इलाकों में रहने वाले फैंस से एप्लीकेशन मिले, जहां फीफा के 211 मेंबर एसोसिएशन खेल को कंट्रोल करते हैं। इससे पता चलता है कि पहली बार हुए 48 टीमों वाले फीफा वर्ल्ड कप की दुनिया भर में कितनी अपील है। होस्ट देशों - यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको और कनाडा - के अलावा, सबसे ज्यादा एप्लीकेशन जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया में रहने वाले फैंस से आए। इस सेल्स फेज में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला मैच शनिवार, 27 जून को मियामी में कोलंबिया बनाम पुर्तगाल था। टॉप 5 में गुरुवार, 18 जून को ग्वाडलहारा में मेक्सिको बनाम कोरिया रिपब्लिक रविवार, 19 जुलाई को न्यूयॉर्क न्यू जर्सी में फाइनल( गुरुवार, 11 जून को मेक्सिको सिटी में मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच टूर्नामेंट का पहला मैच( और गुरुवार, 2 जुलाई को टोरंटो में राउंड-ऑफ-32 मैच शामिल हैं - जिससे तीनों होस्ट देशों में बड़े मैचों और नॉकआउट-स्टेज मुकाबलों की जबरदस्त अपील का पता चलता है। फीफा प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि सिर्फ एक महीने में आधा बिलियन टिकट रिक्वेस्ट, डिमांड से ज्यादा हैं , यह एक ग्लोबल स्टेटमेंट है।

## जोकोविच-सिनर ऑस्टेलिया ओपन ड्रॉ के एक ही हाफ में

- जेनिक सिनर लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में नोवाक जोकोविच से 6-4 से आगे हैं

मेलबर्न, वार्ता। नोवाक जोक. ोविच और जानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन ड्रॉ के एक ही हाफ में हैं, जिसका खुलासा गुरुवार को मेलबर्न में हुआ। रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन जोकोविच और दो बार के मौजूदा चैंपियन सिनर सीजन के पहले मेजर में एक ब्लॉकबस्टर सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं। सिनर लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में जोकोविच से 6-4 से आगे हैं, जिसमें सर्बियाई खिलाड़ी एक समय 4-1 से आगे थे। 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने 2024 के ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में जोकोविच को हराकर अपना पहला मेजर खिताब जीता था। इस पखवाड़े में एक रीमैच की संभावना है। कार्लोस अल्काराज, एटीपी रैंकिंग में विश्व नंबर 1, अपना सातवां मेजर खिताब जीतने और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। स्पेनिश खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ उसी हाफ में हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी घरेलू उम्मीद एडम वाल्टन के खिलाफ शुरुआत करेंगे। 38 वर्षीय जोकोविच अपने 25वें मेजर खिताब का लक्ष्य बना रहे हैं, जो टेनिस इतिहास में सबसे अधिक मेजर सिगल्स खिताब के लिए मार्गरेट कोर्ट के साथ उनकी बराबरी को तोड़ देगा। दूसरी वरीयता प्राप्त सिनर मेलबर्न पार्क में लगातार तीसरी जीत और कुल मिलाकर अपने पांचवें मेजर खिताब का पीछा कर रहे हैं। सर्बियाई खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत पेड्रो मार्टिनेज के खिलाफ करेंगे, जबकि सिनर पहले दौर में फ्रांसीसी बाएं हाथ के खिलाड़ी ह्यूगो गैस्टन का सामना करेंगे। सिनर, जिनका टूर्नामेंट रिकॉर्ड 22-4 है, ड्रॉ समारोह से पहले उपस्थित हुए और टूर्नामेंट के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की।उन्होंने कहा कि ड्रॉ बहुत मुश्किल है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किसके साथ खेलते है। हम दुनिया के सबसे अच्छे खिलाड़ी हैं और रास्ता बहुत, बहुत लंबा और बहुत दूर है। हम दिन-ब-दिन आगे बढ़ेंगे। 24 साल के खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई कोच डैरेन काहिल के साथ अपनी पार्टनरशिप के बारे में भी बात की। सिनर ने कहा, ष्साल के आखिर में हमारी अच्छी बातचीत हुई और उनके साथ कम से कम एक और सीजन शेयर करना बहुत अच्छा है। वह बहुत शांति देते हैं और मुझे उनके साथ कोने में बहुत सुरक्षित महसूस होता है, न सिर्फ मुझे, बल्कि बाकी टीम को भी। यह बहुत अच्छा है, खासकर यहां खेलना, एक ऑस्ट्रेलियाई टीम मेंबर के साथ ऑस्ट्रेलिया में खेलना। पहले राउंड के दो सबसे दिलचस्प मैच छठे सीड एलेक्स डी मिनौर बनाम पूर्व नंबर 6 माटेओ बेरेटिनी और ज्वेरेव का बघे सर्विस करने वाले गैब्रियल डियालो के साथ मुकाबला है।

### कोकिनाकिस ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स से हटे

मेलबर्न, वार्ता। थानासी कोकिनाकिस ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स इवेंट से हटने की घोषणा की। कोकिनाकिस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा कि दुर्भाग्य से अपनी टीम और डॉक्टरों से बात करने के बाद मैंने ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स से हटने का फैसला किया है।एक अविश्वसनीय रूप से कठिन साल के बाद यह वह इवेंट था जिसका मैं सबसे ज्यादा इंतजार कर रहा था, लेकिन मैं अभी तैयार नहीं हूं। मैं हर दिन 100प्रतिशत ठीक होने के लिए सब कुछ कर रहा हूं। कोकिनाकिस ने पिछले हफ्ते एडिलेड इंटरनेशनल में लगभग एक साल बाद अपना पहला सिगल्स मैच खेला, जहां उन्होंने फाइनल-सेट टाई-ब्रेक में सेबेस्टियन कोर्डा को हराया। लेकिन पूरे मैच के दौरान, पिछले फरवरी में पेक्टोरल सर्जरी के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को अपने दाहिने कंधे में परेशानी हो रही थी।

### लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए टिकट पंजीकरण शुरू

जिनेवा, वार्ता। आईओसी ने बुधवार को घोषणा की कि 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों के टिकट खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन की अवधि शुरू हो गई है। आईओसी ने कहा कि रजिस्ट्रेशन की अवधि 14 जनवरी से 18 मार्च तक चलेगी, जिसके दौरान जो भी टिकट खरीदना चाहता है, उसे एलए 28 वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और एक प्रोफाइल बनानी होगी।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, रामनगर (नैनीताल)।**

पत्रांक: 177/4-स0-स्वा0अनु0/2026 दिनांक: 15-01-2026

**ई-निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद, रामनगर की सीमान्तिगत स्थित समस्त वार्डो में विचरण करने वाले अनुमानित 1500 निराश्रित श्वान पशुओं को पकड़कर, उनकी नसबन्दी (Sterilization), एंटी रैबीज टीकाकरण, उपचार, आपरेशन उपरान्त देखभाल एवं स्वस्थ्य होने के पश्चात् उसी क्षेत्र में पुन: छोड़ने के कार्य हेतु नियमों के अनुसार योग्य, अनुभवी एवं पंजीकृत संस्थाओं / फर्मो से दिनांक 16-01-2026 को अपराह्न 3 बजे से दिनांक 30-01-2026 को अपराह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है। नियत तिथि व समय पर प्राप्त होने वाली निविदाओं की तकनीकी निविदाएं दिनांक 30-01-2026 को अपराह्न 3 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी, इससे सम्बन्धित विस्तृत जानकारी तथा नियम, शर्तें/निर्देशों के अनुसार तकनीकी निविदा एवं वित्तीय निविदा Website- http://www.uktenders.gov.in पर ऑन लाईन अपलोड की जा सकती है।

| क्र0 स0 | कार्य का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+जी0एस0टी0 | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नगरपालिका परिषद, रामनगर की सीमान्तगत स्थित समस्त वार्डो में विचरण करने वाले अनुमानित 1500 निराश्रित श्वान पशुओं को पकड़कर, उनकी नसबन्दी (Sterilization) एंटी रैबीज टीकाकरण, उपचार, आपरेशन उपरान्त देखभाल एवं स्वस्थ्य होने के पश्चात् उसी क्षेत्र में पुन: छोड़ने का कार्य। | 50,000.00 | 2500+450-2950 | एक वर्ष |

(आलोक उनियाल)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद, रामनगर।

(मो0 अकरम)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद, रामनगर।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद चम्पावत।**

गोरलचौड रोड, निकट गोरल मन्दिर चम्पावत
ईमेल:- eo2014champawat@gmail.com

पत्रांक: 222/ठो0अ0प0नि0-2016/2025-26 दिनांक-15.01.2026

**सार्वजनिक सूचना**

**कूड़े को खुले में डम्पिंग न किये जाने / कूड़े को न जलाये जाने के सम्बन्ध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद, चम्पावत सीमान्तर्गत उत्सर्जित होने वाले कूड़े को पालिका द्वारा निर्धारित वाहनों/ स्थलों पर ही रखा जाये, अन्यत्र कहीं पर फेके जाने पर ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबन्धन नियम-2016 के अन्तर्गत कार्यवाही प्रावधानित है।

नगर के समस्त सम्मानित नागरिकों से अपील की जाती है कि किसी भी व्यक्ति के द्वारा कूड़े में आग लगाकर उसे जलाया न जाए, ना ही खुले में फेंका जाये किसी भी नागरिक द्वारा ऐसा करना पाया जाता है तो ऐसी स्थिति में सम्बन्धित के विरूद्ध रू0 5000/- तक का अर्थदण्ड अधिरोपित करते हुए सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सकती है।

(भरत त्रिपाठी)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

(प्रेमा पाण्डेय)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्, चम्पावत।

## लाठरदेवा हूण के बहुउद्देशीय शिविर में जेएम व राज्यमंत्री ने सुनी जन समस्याएं

# अनेक विभागों की 201 शिकायतों में से 84 का मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जन जन की सरकार जन जन के द्वार कार्यक्रम के तहत जनपद के दो विकास खण्ड लक्सर एवं नारसन के न्याय पंचायतो में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ की अध्यक्षता में विकास खंड नारसन के न्याय पंचायत भवन लाठरदेवा हुण् में बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया।

ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ की अध्यक्षता में विकास खंड नारसन के पंचायत भवन लाठरदेवा हुण् में जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार अभियान के अंतर्गत बहुउद्देशीय शिविर आयोजन किया गया। बहुउद्देशीय शिविर में 81 लोगों को विभिन्न विभागों से प्रमाण पत्र निर्गत किए गए तथा 245 लोगों विभिन्न विभागों की संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस शिविर में 2209 लोगों ने प्रतिभाग किया।बहुउद्देशीय शिविर में कुल 51 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 26 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक आदेश




जारी कर दिए गए। बहुउद्देशीय शिविर को संबोधित करते हुए देशराज कर्णवाल, उपाध्यक्ष, (राज्यमंत्री स्तर) समाज कल्याण योजनाएं अनुश्रवण समिति ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार प्रदेश की सभी न्याय पंचायतों में यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुँचाना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने

**❖घर-घर जाकर आवाम की समस्याओं का निस्तारण कर रही सरकार : देशराज**

कहा कि बहुउद्देशीय शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजनाओं के अंतर्गत सैकड़ों क्षेत्रवासियों को लाभान्वित किया गया। शिविर के दौरान क्षेत्रवासियों द्वारा कुल 51 समस्याएं दर्ज कराई गईं। पानी की टंकी, आधार कार्ड, राशन कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, भूमि विवाद, अतिक्रमण, विद्युत विभाग के बिल, जलभराव, चकरोड़, साफ-सफाई तथा राजस्व भूमि से संबंधित समस्याएं प्रमुख रहीं।इनमें से लगभग 21 समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा किया गया, जबकि शेष समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु उन्हें संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। राज्य मंत्री द्वारा शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टालों का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रुड़की दीपक रामचंद्र सेठ ने सभी संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रवसियो की समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण करने के निर्देश दिए ओर जिन शिकायतों का जन जन की सरकार जन जन के द्वार



कार्यक्रम में निस्तारित नहीं हो पाया है उन शिकायतों का तत्परता से निराकरण करना सुनाश्चित करे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती नीलकमल शर्मा, खंड विकास अधिकारी नारसन सुभाष सैनी सहित समस्त ग्राम प्रधानगण, पंचायत सदस्यगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## प्रतिबंधित दवाइयां के साथ एक नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन को साकार करने की दिशा में हरिद्वार पुलिस का अभियान लगातार रंग ला रहा है। एसएसपी हरिद्वार के कुशल नेतृत्व में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली मंगलौर पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने एक नशा तस्कर को प्रतिबंधित नशीली दवाओं के साथ रंगे हाथों दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 192 नशीली गोलियां (ट्रामाडोल) बरामद की गईं, जो कि एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रतिबंधित हैं।

पुलिस ने मौके पर ही अभियुक्त शिवम पुत्र प्रताप, निवासी ग्राम मंझौल, थाना देवबंद, जनपद सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हेमदत्त भारद्वाज, हेड कांस्टेबल सुरेश तथा कांस्टेबल 939 पंकज शामिल रहे, जिनकी सतर्कता और मुस्तैदी से नशे के नेटवर्क को एक और झटका लगा है। हरिद्वार पुलिस का यह सख्त संदेश साफ है कि देवभूमि को नशामुक्त बनाने की दिशा में किसी भी नशा तस्कर को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे अपराधियों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## एक वारण्टी किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी के द्वारा उप निरीक्षक ध्वजवीर के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर वारण्टीयो की धर पकड हेतु आदेशित किया गया। पुलिस टीम के द्वारा 0न्यायालय से प्राप्त गैर वारण्ट की तामील कर 01 वारण्टी राव अलीम पुत्र राव सत्तार निवासी शिव मंदिर वाली गली धनेरा कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार संबंधित वाद संख्या 1694/ 22 धारा 138 को दबिश देकर इसके मसकन ढंडेरा से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

### मंगलौर पुलिस का शराब माफियाओं पर बड़ा एक्शन

## ट्रक से 300 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, चालक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मकर संक्रांति पर्व को लेकर जनपद भर में चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत हरिद्वार पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के स्पष्ट निर्देशों पर कोतवाली मंगलौर पुलिस व सीआईयू रुड़की की संयुक्त टीम ने शराब तस्करी के एक बड़े नेटवर्क पर करारा प्रहार करते हुए 300 पेटी अंग्रेजी शराब से लदे 10 टायरा ट्रक को पकड़ने में सफलता हासिल की।

कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि "मंगलौर क्षेत्र में किसी भी कीमत पर अवैध शराब, नशा तस्करी और अपराध को पनपने नहीं दिया जाएगा। चाहे तस्कर कितना भी शातिर क्यों न हो, पुलिस की नजर से बच नहीं सकता। कैमिकल की आड़ में बिहार भेजी जा रही थी शराब की खेप-दिनांक 14 जनवरी 2026 को चौकी लंढौरा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान संयुक्त पुलिस टीम ने विशेष इनपुट के आधार पर एक संदिग्ध 10 टायरा ट्रक को रोका। पूछताछ में चालक ने ट्रक में कैमिकल लदे होने की बात कही, लेकिन लगातार टालमटोल और संदिग्ध व्यवहार के चलते जब ट्रक कंटेनर की सघन तलाशी ली गई तो अंदर से हरियाणा ब्रांड 'सुपर जुबली स्पेशल व्हिस्की' की 300 पेटियां बरामद हुईं। पूछताछ में गिरफ्तार चालक ने खुलासा किया




कि शराब की यह खेप चंडीगढ़ से बिहार पहुंचाई जानी थी। हरिद्वार में चल रही सघन पुलिस चेकिंग और भारी वाहनों की आवाजाही पर सख्ती को देखते हुए उसने रास्ता बदल लिया था, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी के आगे उसकी एक न चली। भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद होने पर चालक को मौके पर ही हिरासत में ले लिया गया। कोतवाली मंगलौर में आरोपी के खिलाफ धारा 61(2), 318(4) बीएनएस व आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रविरंजन कुमार राय पुत्र लखिन्द्र राय निवासीख़सुन्दरपुर बिरियापुर, थाना सकरा, जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) बताया। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम-प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली, उप निरीक्षक राकेश डिमरी, उप निरीक्षक वीरपाल सिंह, कांस्टेबल के.डी. राणा, कांस्टेबल मो. आमिर सहित सीआईयू रुड़की से निरीक्षक प्रदीप विष्ट, अपर उप निरीक्षक अश्वनी यादव, हेड कांस्टेबल चमन, मनमोहन भंडारी, कांस्टेबल राहुल नेगी, महिपाल सिंह व अजय काला शामिल रहे।

## अवैध कच्ची शराब के साथ नशा तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 14 जनवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 5 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई पूछताछ करने पर उसने अपना नाम सर्वेश कुमार पुत्र करणपाल निवासी डूंगरपुर थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल प्रदीप कनौजिया कांस्टेबल अनिल वर्मा शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## शहर से हटाए गए 250 क्यूसेक पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** टेंडर अवधि समाप्त होने के बावजूद शहर में अवैध रूप से लगाए गए पोल कियोस्क के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई दूसरे दिन भी जारी रही। निगम की टीम ने विभिन्न इलाकों में 250 से अधिक पोल कियोस्क उखाड़ दिए। लगातार दूसरे दिन की कार्रवाई से अवैध विज्ञापन कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

उल्लेखनीय है कि शहर में निगम की ओर से 1300 पोल कियोस्क निर्धारित हैं लेकिन वर्तमान में किसी भी विज्ञापन कंपनी को इनका वैध टेंडर आवंटित नहीं है। इससे पहले देहरादून की एक विज्ञापन कंपनी को 33 लाख रुपये में पोल कियोस्क का ठेका दिया गया था जिसकी अवधि 31 अक्तूबर 2025 को समाप्त हो चुकी है। अब फिर से ई-टेंडर जारी किया गया है जिसमें कई कंपनियों ने भागीदारी की है लेकिन अभी किसी भी कंपनी के नाम पर टेंडर नहीं है। बावजूद इसके शहर पोल कियोस्क से अटा पड़ा है। विज्ञापनों की भरमार है। इसमें स्कूलों के भी सैकड़ों विज्ञापन के बोर्ड टंगे दिखाई दे रहे हैं। नगर निगम को अवैध विज्ञापनों के जरिये लाखों रुपये की चपत लगाई जा चुकी है। मंगलवार को कर अधिकारी गिरीश सेमवाल के नेतृत्व में निगम की टीम ने बोर्ड उतारने का अभियान शुरू किया था। पहले



दिन करीब 300 पोल कियोस्क हटाए गए। बुधवार को भी जेसीबी की मदद से विभिन्न क्षेत्रों से 250 से अधिक पोल कियोस्क उखाड़े गए। वरिष्ठ कर निधारिण अधिकारी एसपी गुप्ता ने बताया कि शहर भर से अवैध बोर्ड हटाए जाने तक अभियान जारी रहेगा। कार्रवाई बृहस्पतिवार को भी जारी रहेगी।

## रंजिश में मारपीट, दो लोगों की हड्डी तोड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** संपत्ति विवाद में दो पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे के दो लोगों की कमर और पैर की हड्डी तोड़ दी। तीन लोगों को जमकर पीटा गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दस हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना भगवानपुर को बड़ी लामग्रंट निवासी अमित कुमार ने बताया कि कन्हैया सिंह पक्ष के लोगों से जमीन और मकान संपत्ति को लेकर विवाद चला आ रहा है। आरोपी पक्ष के लोगों ने 11 जनवरी की दोपहर घर में घुसकर परिवार के लोगों के साथ लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से मारपीट की थी। मारपीट में सतपाल, नितिन, मीनाक्षी देवी और अनु देवी घायल हो गए थे। बीचबचाव में करणपाल समेत दो लोगों की हड्डी टूटी थी और अन्य लोगों को गंभीर चोट लगी थी। शोर-शराबा होने पर आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर परिवार की जान बचाई थी। इसके बाद परिवार के लोगों को अस्पताल ले जाया गया था। थानाध्यक्ष सूर्य भूषण नेगी ने बताया कि मनजीत, कमलजीत, सरबजीत, रामचंद्र, लोकेश, सरजीत, परमजीत, कन्हैया कुमार समेत 10 लोगों के खिलाफ तहरीर के आधार पर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## कोर्ट से लौट रहे युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** परिवार न्यायालय में सुनवाई से लौट रहे युवक पर नकाबपोशों ने हमला कर दिया। छह नकाबपोशों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दी। पीड़ित युवक ने अपनी पत्नी सहित तीन लोगों पर आरोप लगाते हुए लक्सर कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लक्सर निवासी राहुल ने तहरीर में बताया कि उनका उनकी पत्नी रितु निवासी आदर्श कॉलोनी रुड़की के साथ विवाद चल रहा है। सात जनवरी को वह रुड़की परिवार न्यायालय में सुनवाई के लिए गए थे। इस दौरान उसकी पत्नी और भाई ने उनकी बाइक के फोटो खींचे व उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। लौटते समय जब वह कुआंखेड़ा मार्ग पर पहुंचा तभी पीछे से दो बाइक पर आए छह नकाबपोशों ने उसकी बाइक को जबरदस्ती रोक लिया और लाठी-डंडों से पिटाई की। राहगीरों की भीड़ जमा होने पर आरोपी अगली बार न्यायालय जाने पर जान से मार देने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि युवक की तहरीर पर आरोपी की पत्नी रितु और पत्नी के भाई सुशील सहित तीन आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## घर में घुसकर ग्रामीण व परिजनों को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** घर के सामने गाली-गलौज करने का विरोध करने पर कुछ लोगों ने एक घर में घुसकर ग्रामीण और उसके परिजन की पिटाई कर दी। पुलिस ने महिला सहित पांच आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। लक्सर कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदपुर बुजुर्ग गांव निवासी अजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 दिसंबर को सुबह के समय उनके पड़ोस में रहने वाले धर्मेंद्र की पत्नी गुड्डी उर्फ खुशी उनके घर के बाहर खड़े होकर गाली-गलौज कर रही थी। उन्होंने इसका विरोध किया। आरोप है कि इस पर धर्मेंद्र, प्रमेंद्र, जोनी और अमृत हाथ में लाठी-डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। हमलावरों ने उनके और उनके माता-पिता, पत्नी व भाभी की पिटाई कर दी। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आकर उन्हें बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। घटना की जांच की जा रही है।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र शाहरूख का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने शाहरूख को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद शाहरूख के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **नौशाद पुत्र इसरार अहमद नि. मौहल्ला मैदानियान, ज्वालापुर जिला हरिद्वार।**

## पेट्रोल पंप स्वामी से मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पुलिस ने पेट्रोल पंप के स्वामी से मारपीट करने के मामले में हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। उप निरीक्षक हेमदत्त भारद्वाज ने मामले की जांच शुरू कर घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगालना शुरू कर दिया है। मंगलौर कोतवाली इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि शिवम मिश्रा निवासी आकाशदीप एनक्लेव कोतवाली मंगलौर ने तहरीर देकर बताया था कि 13 जनवरी को वह गुरुकुल नारसन में स्थित अपने फिलिंग स्टेशन पर थे। तभी दो कारों में सवार होकर हमलावर तमंचे लेकर पेट्रोल पंप पर पहुंचे और भाई कृष्ण मिश्रा के साथ मारपीट की थी। हमलावरों ने पेट्रोल पंप पर रखे गमले भी तोड़ दिए थे और ईंट से परिसर में खड़ी गाड़ी में तोड़फोड़ की थी। शोर-शराबा होने पर हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि शकील अहमद और शमशाद समेत 15 हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### गौतम फार्म हाउस में सांस्कृतिक उत्सव की धूम

## विधायक ने पेश की सामाजिक एकता की मिसाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की-लक्सर मार्ग स्थित ढंडेरा के गौतम फार्म हाउस पर लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लोगों का मन मोह लिया। संस्था के संचालक डॉ. ब्रजमोहन शर्मा, संयोजक अंकुर गौतम और तरुण शर्मा ने बताया की कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना और उन्हें अपनी गौरवशाली संस्कृति से जोड़ना है।

मुख्य अतिथि खानपुर विधायक उमेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने दावा किया कि मैं पूरे हिंदुस्तान का एकमात्र ऐसा विधायक हूँ, जिसने अपने कार्यकाल में 852 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया है। खास बात यह है कि एक ही पंडाल के नीचे 310 मुस्लिम बेटियों का निकाह और हिंदू बेटियों का विवाह कराकर हमने सामाजिक एकता की मिसाल पेश की है।ि उन्होंने कहा कि उनके आयोजनों में कभी जाति या धर्म की दीवारें आड़े नहीं आएगी। वहीं उन्होंने अपने घविकास कार्यों को गिनाया। उन्होंने बताया कि निर्दलीय विधायक होने के बाद भी उन्होंने खानपुर विधानसभा में 100 करोड़ से अधिक की सड़कें बनवाई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सहयोग से खानपुर को पुरकाजी टू-लेन और हरिद्वार फोरलेन एक्सप्रेसवे की सौगात मिली।



खानपुर में जल्द ही सिडकुल की स्थापना की जाएगी ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल सके। उप-जिला अस्पताल का 60% काम पूरा हो चुका है, जिससे अब मरीजों को इलाज के लिए बाहर नहीं भटकना पड़ेगा। मिलाप नगर और मोहनपुरा में अंडरग्राउंड पाइपलाइन के जरिए दशकों पुरानी जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। विधायक शर्मा ने समस्त क्षेत्रवासियों को लोहड़ी व मकर संक्रांति की बधाई देते हुए आपसी प्रेम और भाईचारे के साथ रहने का संदेश दिया।

## खराब दाल व चावल को लेकर डीलरों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सुबह ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन, हरिद्वार के बैनर तले राशन डीलरों ने उप संभागीय अधिकारी हरिद्वार के कार्यालय में चावल एवं खराब दाल व एक्सपायर दाल के वितरण को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान काफी देर तक हंगामे की स्थिति बनी रही।

हंगामे की सूचना पर उप संभागीय अधिकारी श्री प्रमोद सती स्वयं मौके पर पहुंचे और राशन डीलरों को शांत कर उनकी समस्याएं सुनीं। राशन डीलरों ने श्री सती के समक्ष खराब खाद्यान्न के वितरण से आम जनता के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को लेकर अपनी आपत्तियां रखीं। उप संभागीय अधिकारी द्वारा समस्याओं के समाधान हेतु तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

फेडरेशन के प्रदेश विधिक सलाहकार श्री भारत वीर एडवोकेट ने बताया कि यदि जनता के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले दोषी अधिकारियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो माननीय न्यायालय में आपदा प्रबंधन अधिनियम के उल्लंघन को लेकर याचिका दायर की जाएगी। वहीं फेडरेशन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने कहा कि यदि समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो पूरे जनपद



में कोई भी राशन डीलर खराब चावल एवं दाल का उठान नहीं करेगा, तथा आवश्यकता पड़ने पर जिले भर के सभी राशन डीलर हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। विरोध प्रदर्शन में रहेतु मंत्री सुनील शर्मा, धर्मेंद्र कुमार, मैनपाल (लक्सर), राजेश (लक्सर), राधे, सतेंद्र एवं दिनेश कश्यप सहित अनेक राशन डीलर उपस्थित रहे।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम का संबोधन

गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कान्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। इसमें 42 देशों के 61 स्पीकर शामिल हुए हैं। यह सम्मेलन 14 से 16 जनवरी तीन दिन तक चलेगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने भारत के सामने चुनौतियां और उससे निपटने के तौर-तरीकों को लोगों के सामने रखा। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। इतना ही नहीं भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। उनके अनुसार भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर भी है। दुनिया का नंबर 2 स्टील प्रोड्यूसर है और सबसे बड़ी बात पीएम मोदी ने बेबाक अंदाज में कहा कि भारत में लोकतंत्र की पहचान है कि आखिरी व्यक्ति तक फायदे पहुंचें और लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के बिना भेदभाव के काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि जब भारत आजाद हुआ तब आशंका व्यक्त की गई थी कि इतनी विविधता में भारत में लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा, लेकिन आगे चलकर भारत ने यह साबित किया कि उसकी यही विविधता सबसे बड़ी ताकत है। दुनिया ने देखा कि भारत ने अपनी विविधता को अपनी लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया। कोविड 19 का भी जिक्र किया। जब महामारी के दौरान पूरी दुनिया संकट में थी और भारत भी इस चुनौती से जूझ रहा था तब भारत ने उन कठिन परिस्थितियों में भी 150 से अधिक देशों को दवाइयां और वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह भारत के सिद्धांत को दर्शाता है कि पहले लोग पहले मानवता। वह पुरानी संसद का भी जिक्र करने से नहीं चूके, जिसमें यह सम्मेलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के अंतिम सालों में इसी सेंट्रल हॉल में संविधान सभा की बैठक हुई थी। स्वतंत्रता के बाद 75 साल तक यह भारत की संसद रही। उन्होंने याद दिलाया कि यह भारत की लोकतांत्रिक सफलता है। देश के भविष्य से जुड़े कई निर्णय इसी में लिए गए और अब इसी जगह संविधान सदन रखा गया है। उन्होने लोकतंत्र में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर भी बात की और कहा कि हमारे देश की प्रथम राष्ट्रपति महिला हैं, दिल्ली की सीएम महिला हैं और ग्रामीण व स्थानीय निकायों में लगभग 15 लाख महिलाएं निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। ये सारे आंकड़े अपनी जगह पर सही हैं और उसमें कोई दोराय नहीं कि भारत बराबर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि यह विकास जमीनी स्तर पर उस तरह दिखाई नहीं देता, जिस तरह सरकारी आंकड़ों में दिखाई देता है। विपक्ष भी भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार की आलोचना करता रहता है।

## पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है



बसपा आगामी चुनाव किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अकेले दम पर मैदान में उतरेगी, गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, क्योंकि अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है, जब अपर कास्ट का भरोसा पूरी तरह बसपा पर हो जाएगा, तब गठबंधन पर विचार होगा, लेकिन इसमें अभी समय लगेगा, प्रदेश की मौजूदा और पूर्व की सरकारें बसपा सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं, लेकिन उससे आमजन को कोई वास्तविक लाभ नहीं हो रहा, बसपा को रो.कने के लिए भाजपा, कांग्रेस और अन्य जातिवादी दल लगातार भ्रम फैलाकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं,कांग्रेस, बीजेपी सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं, इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। **-सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# बीच चुनाव में बिखर गई नेपाली कांग्रेस





**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक सरकार में रही नेपाली कांग्रेस अंततः दो फाड़ हो गई। पार्टी में व्याप्त असंतोष और अंतर्विरोध का यह परिणाम है। पार्टी के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पर कमजोर नेतृत्व का आरोप लग रहा था। युवाओं की उपेक्षा और दिशा हीन होने का भी आरोप था। उन पर इन सब मसलों के हल और विचार विमर्श के लिए विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन की मांग जोर पकड़ रही थी। देउबा इसके लिए तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि राष्ट्रीय अधिवेशन सहित अन्य मुद्दों पर चुनाव बाद विचार और मंत्रणा होगी।

पार्टी के दो महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा इसके लिए तैयार नहीं थे। इन दोनों ने पिछले रविवार को ही दो दिवसीय विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन आमंत्रित किया था। अधिवेशन की वैधता के सवाल पर गगन थापा का कहना था कि पार्टी विधान की धारा 17/2 के तहत यदि राष्ट्रीय परिषद के 54 प्रतिशत सदस्य और पदाधिकारी सहमत हैं तो विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन कभी भी बुलाया जा सकता है। पार्टी में प्रदत्त इसी विधान के तहत अधिवेशन बुलाया गया। इस अधिवेशन में शेर बहादुर देउबा सहित उनके निकटवर्ती अन्य पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन वे लोग अधिवेशन में नहीं आए।

पूर्व में आयोजित दो दिवसीय यह अधिवेशन चार दिवसीय हो गया जो काठमांडू के भृकुटी मंडप में आयोजित था। शेर बहादुर देउबा की सहमति के बिना आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के विभाजन की आशंका न केवल पार्टी के अन्य तमाम वरिष्ठ नेताओं को थी दूसरे राजनी.तिक दलों को भी ऐसा ही अंदेशा था। देउबा और उनके गुट के वरिष्ठ सदस्यों ने पार्टी को विभाजन से बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन वे असफल रहे। अधिवेशन के चौथे दिन मामला तब बिगड़ गया जब देउबा गुट के कार्यवाहक सभापति पूर्ण बहादुर खड़का ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में में बैठक कर दोनों महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा सहित उप महामंत्री फरकुल्लाह मंसूर को पार्टी से निष्कासित कर दिया। इस निष्कासन के बाद ही पार्टी में विभाजन की रूपरेखा तैयार हुई। बुधवार को देर रात अधिवेशन में ही गगन थापा को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। विश्व प्रकाश शर्मा और कमला भुसाल को उपसभापति और फरकुल्लाह मंसूर को महामंत्री चुना गया। पार्टी के अन्य सदस्यों का चुनाव भी बहुत सोच समझकर किया गया। सभी क्षेत्र,जाति और धर्म का ख्याल रखा गया। पार्टी में विभाजन के बाद देउबा का अपने नेतृत्व वाली पार्टी का असली नेपाली कांग्रेस का दावा है तो गगन थापा का कहना है कि पार्टी विभाजित नहीं हुई,यह और मजबूत और संगठित हुई है। बहरहाल नेपाली कांग्रेस के विभाजन का मामला चुनाव आयोग में जाना तय है और वहीं असली नकली का फैसला भी होगा। हां यह एक मामला जरूर पेचीदा हो गया कि चुनाव में देउबा के चयनित उम्मीदवार मैदान में होंगे या गगन थापा के? उच्च सदन के नामांकन की तिथि समाप्त हो गई है और उसके उम्मीदवार भी तय हो गए हैं जबकि निचले सदन के उम्मीदवारी के नामांकन की तिथि अभी शेष है। चुनाव पांच मार्च को है। इसके पहले यदि देउबा और गगन थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस में फैसला नहीं आया तो देउबा द्वारा चयनित उम्मीदवार और रूख चुनाव चिन्ह पर ही उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। लेकिन पार्टी के विभाजन का दंश उम्मीदवारों को झेलना तय है। नेपाली कांग्रेस में मतभेद और असंतोष नया नहीं है लेकिन पार्टी कभी विभाजन के कगार पर नहीं पहुंची। स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला और केपी भट्टराई के बीच का विवाद किसे नहीं याद होगा। गिरिजा प्रसाद कोइराला ने तब अपने समर्थक पार्टी के 32 सांसदों के समर्थन से कम्युनिस्ट नेता मनमोहन अधिकारी को प्रधानमंत्री बनवा दिया लेकिन पार्टी नहीं टूटी। आज वैसी विकट स्थिति भी नहीं थी फिर भी पार्टी टूट गई। नेपाली कांग्रेस नेपाल की राजनीति में केवल एक पार्टी भर नहीं है। इसके साथ स्वर्गीय वीपी कोइराला, गिरिजा प्रसाद कोइराला, केपी भट्टराई, सुशील कोइराला आदि का नाम जुड़ा होने के नाते इसकी एक विचारधारा है जो समावेशी विकास और जनसरोकार की बात करती है। स्वर्गीय वीपी कोइराला ने राजशाही के वक्त 1960 में ही लोकतंत्र का बिगुल बजा दिया था। इसके लिए उन्हें तत्कालीन राजा महेन्द्र के षड्यंत्रों का शिकार होना पड़ा था। लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा और निर्वसन तक का जीवन जीने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि वीपी कोइराला लो.कतंत्र की जंग जीत नहीं पाए थे। राजा महेन्द्र अपनी कुटिल चालों से नेपाली कांग्रेस में फूट डालकर राजशाही बचाने में सफल रहे थे जो लंबे समय तक चला। राजशाही विरोधी कई दलों के एक जुट विरोध और लंबे आंदोलन के बाद 2008 में नेपाल राजशाही से मुक्त हो पाया और यहां गणतंत्र का उदय हुआ। लोकतंत्र बहाली आंदोलन में नेपाली कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता जिसका नेतृत्व वीपी कोइराला के बाद स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला ने किया था। गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल में गांधी के नाम से जाना जाता है। राजशाही के खिलाफ चले लंबे आंदोलन में जहां कम्युनिस्ट धड़ा हिंसा का रास्ता अख्तियार कर लिया था वहीं नेपाली कांग्रेस शांति पूर्वक आंदोलन का पक्षधर रहा है। इस आंदोलन को जनयुद्ध भी कहा गया क्योंकि इसमें हजारों लोगों की जानें भी गई थी। नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव की सरगर्मी भी है। पार्टियां चुनाव की तैयारी में व्यस्त हैं। प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी तेज है ऐसे में नेपाली कांग्रेस का यह हाल इस पुरानी और भारत समर्थक राजनीतिक दल को कमजोर कर गई। पिछले दिनों नेपाल को जेन जी के हिंसात्मक आंदोलन से गुजरना पड़ा। तब एमाले नेता केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री थे जो नेपाली कांग्रेस के गठबंधन के साथ सरकार में थे। इस हिंसक आंदोलन में सारी दुनिया ने देखा कि आंदोलन कारियों ने किस तरह देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा को दौड़ा दौड़ा कर पीटा था। आंदोलन कारियों के निशाने पर यूं तो लगभग सभी पार्टियों के नेता थे, लेकिन सर्वाधिक नुकसान देउबा और उनकी पत्नी को पहुंचाया गया। पार्टी के भीतर इसे कमजोर नेतृत्व माना गया और तभी से पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन की बात भी उठनी शुरू हुई थी। नेपाली कांग्रेस संघर्ष, त्याग और लोकतांत्रिक आंदोलनों की जीवंत विरासत है। जिस पार्टी ने नेपाल में लोकतंत्र की नींव रखी, राजतंत्र को चुनौती दी और गणतंत्र की स्थापना में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, उस पार्टी का आज यह हाल चिंता जनक है। पार्टी के युवा नेताओं की अपेक्षा पर खरा नहीं उतर पाने वाले देउबा यदि स्वेच्छा से हट जाते तो पार्टी को विभाजन से बचाया जा सकता था। देउबा के नेतृत्व में नेपाली कांग्रेस देश में तेजी से बदलते राजनीतिक हालात के बीच पीछे छूट जा रही था जो एक सच्चाई है। फिलहाल संख्या बल और स्वीकार्यता के लिहाज से गगन थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस का पलड़ा भारी है। आसन्न संसदीय चुनाव में देउबा अथवा थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस में कितना दम है यह देखना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रामबाण है सर्दियों में काली गाजर का सेवन

**काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ये फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं। फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है। काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है।**



सर्दियों के दौरान बाजारों में हरी सब्जियों से भरे हुए है। ठंड के मौसम में मेथी, बथुआ, सरसों का साग और चने के साग खाने का एक अलग ही स्वाद मिलता है और शरीर को भी गर्म रखता है। इसके साथ ही बाजारों में गाजर और मूली भी मिल रही है, इसे कच्ची खाओ या फिर पकाकर खाएं, यह अलग स्वाद ही देती है। कम लोग ही जानते हैं काली गाजर, जिसे अक्सर श्देसी गाजरश कहा जाता है। जबकि लाल गाजर आम हैं। काली गाजर में फाइबर, पोटेशियम, विटामिन ए और विटामिन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, काली गाजर पाचन, हृदय स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए अत्यधिक फायदेमंद बनाता है।

**काली गाजर के खाने के फायदे**

**कैंसर से बचाव**

काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ए फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं।

**बेहतर पाचन**

फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है।

**हृदय स्वस्थ रहता**

काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है।

**बेहतर दृष्टि होती है**

लाल गाजर की तरह, काली गाजर में विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन उच्च मात्रा में होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य में सहायता करता है और रेटिना को अच्छी स्थिति में रखकर .ष्टि में सुधार करता है।

**ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित करता**

कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ, काली गाजर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे यह मधुमेह के रोगियों के लिए उपयुक्त हो जाती है।

**ग्लोइंग स्किन**

काली गाजर के सेवन से झुर्रियां कम होती और सूजन-रोधी लाभ प्रदान करके त्वचा के स्वास्थ्य को बढ़ाती है, जो त्वचा की समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है**

विटामिन सी और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर, काली गाजर प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देती है, सर्दी और संक्रमण से बचाती है।

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्तीः क्या हो समाधान





**रजनीश कपूर**

भारत में आवारा कुत्तों की समस्या एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट बन चुकी है, जो न केवल नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रही है बल्कि पशु कल्याण के सवाल भी उठा रही है। दुनिया के किसी अन्य देश में यह समस्या इतनी विकराल रूप नहीं लेती जितनी भारत में। अनुमानों के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या 3 से 6 करोड़ तक है, जो विश्व में सबसे अधिक है। जबकि अमेरिका, ब्रा.जील और चीन जैसे देशों में कुत्तों की कुल संख्या अधिक है, लेकिन आवारा कुत्तों का अनुपात भारत जितना नहीं। रेबीज से होने वाली मौतों का 36 प्रतिशत हिस्सा भारत में है और हर साल लाखों लोग कुत्तों के काटने से प्रभावित होते हैं। यह समस्या क्यों इतनी गंभीर है? इसका कारण हमारी सांस्कृतिक परंपराएं, अपर्याप्त स्वच्छता व्यवस्था और कानूनी ढांचे की कमी है। लोग धार्मिक भावनाओं से कुत्तों को भोजन देते हैं, लेकिन इससे उनकी संख्या अनियंत्रित रूप से बढ़ती जाती है। अन्य देशों जैसे नीदरलैंड्स में 'कलेक्ट, न्यूटर, वैक्सीनेट एंड रिटर्न' नीति से आवारा कुत्तों को समाप्त कर दिया गया है, बिना किसी हत्या के। भारत में भी ऐसी नीतियां हैं, लेकिन क्रियान्वयन की कमी है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया है। जनवरी 2026 में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकारों को चेतावनी दी कि हर कुत्ते के काटने, मौत या चोट के लिए भारी मुआवजा तय किया जाएगा, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के मामलों में। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारें कुछ नहीं कर रही हैं और पिछले पांच सालों में पशु जन्म नियंत्रण नियमों का पालन नहीं हुआ। इसके अलावा, कुत्तों को भोजन देने वालों को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा। कोर्ट ने सुझाव दिया कि अगर कोई कुत्तों की देखभाल करना चाहता है, तो उन्हें अपने घर ले जाएं, न कि सड़कों पर छोड़कर लोगों को डराएं। कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों को हटाने और शेल्टर में रखने का आदेश दिया है, लेकिन उन्हें वापस उसी जगह न छोड़ने की हिदायत दी। यह सख्ती आवश्यक है क्योंकि कुत्तों के हमलों से हर साल हजारों लोग प्रभावित होते हैं और रेबीज जैसी घातक बीमारी फैलती है। कोर्ट का यह कदम मानव सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल अदालती हस्तक्षेप से समस्या हल हो जाएगी? नहीं, इसके लिए समाज, पशु प्रेमियों और कॉर्पोरेट जगत की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। पशु प्रेमी इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे आवारा कुत्तों की समस्या को खत्म करने के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बनाने में मदद कर सकते हैं। सबसे पहले, जिम्मेदार फीडिंग अपनाएं। सड़कों पर भोजन फेंकने के बजाय, निर्धारित जगहों पर या अपने घरों में कुत्तों को रखकर ही खिलाएं। इससे कुत्ते आक्रामक नहीं बनेंगे और लोगों को डर नहीं लगेगा। दूसरा, एडॉप्शन को बढ़ावा दें। पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को गोद लें, उन्हें घर दें और उनकी देखभाल करें। भारत में कई एनजीओ जैसे वीओएसडी और स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन इंडिया इस काम में लगे हैं। पशु प्रेमी समुदाय बनाकर स्थानीय स्तर पर कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण अभियान चला सकते हैं। तीसरा, शिक्षा और जागरूकता फैलाएं। लोगों को बताएं कि आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने से सभी का लाभ है। पशु प्रेमी सोशल मीडिया और कम्युनिटी ग्रुप्स के माध्यम से यह संदेश फैला सकते हैं कि पशु कल्याण मानव सुरक्षा से अलग नहीं है। यदि पशु प्रेमी इन कदमों को अपनाएं, तो आवारा कुत्तों की समस्या कम हो सकती है और यह सभी के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बन सकता है। अब सवाल है कि कॉर्पोरेट कंपनियां और पशु प्रेमी मिलकर आवारा कुत्तों का प्रबंधन कैसे करें ताकि नागरिकों को नुकसान न हो? कॉर्पोरेट सामा.जिक दायित्व द्धसीएसआरऋ के तहत कंपनियां बड़ा योगदान दे सकती हैं। वे एनजीओ के साथ साझेदारी करके शेल्टर बना सकती हैं, जो सरकारी डॉग शेल्टर से बेहतर बने, जहां आवारा कुत्तों को रखा जाए, उनकी नसबंदी और वैक्सीनेशन किया जाए। मसलन, दिल्ली जैसे शहर में 10 लाख आवारा कुत्तों को शेल्टर में रखने का खर्च करीब 700-800 करोड़ रुपए सालाना हो सकता है, लेकिन कॉर्पोरेट फंडिंग से यह संभव हो सकता है। पशु प्रेमी इन शेल्टर में वॉलंटियर के रूप में काम कर सकते हैं, कुत्तों की देखभाल कर सकते हैं और एडॉप्शन इवेंट आयोजित कर सकते हैं। कंपनियां स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित कर सकती हैं जो कुत्तों के लिए फूड डिलीवरी या हेल्थ सर्विसेस प्रदान करें। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर शिक्षा कार्यक्रम चला सकते हैं, जहां कुत्तों को वैक्सीनेट किया जाए और अनावश्यक कुत्तों को शेल्टर में भेजा जाए। शहरों में, पशु प्रेमी और कंपनियां मिलकर 'ट्रैप, न्यूटर, रिलीज' प्रोग्राम चला सकते हैं, जो कानूनी रूप से अनुमत है। इससे कुत्तों की संख्या नियंत्रित होगी और वे आक्रामक नहीं बनेंगे। कंपनियां अपने कर्मचारियों को एडॉप्शन के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं और पशु प्रेमी क्लब बना सकती हैं जहां अनुभव साझा किए जाएं। इस संयुक्त प्रयास से न केवल आवारा कुत्तों की समस्या हल होगी बल्कि पशु कल्याण भी सुनिश्चित होगा। सरकार को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, लेकिन समाज की भागीदारी के बिना कोई बदलाव संभव नहीं। भारत में यह समस्या इसलिए गंभीर है क्योंकि हम पशु प्रेम और मानव सुरक्षा को अलग-अलग देखते हैं, जबकि दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती एक अवसर है कि हम सभी मिलकर एक ऐसा भारत बनाएं जहां कुत्ते और इंसान शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहें। पशु प्रेमी आगे आएं, कॉर्पोरेट सहयोग दें और सरकार क्रियान्वयन करे। तभी हम इस समस्या से मुक्ति पा सकेंगे।


(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में

## पाकिस्तान पीएम शहबाज का दावा: बांग्लादेश समेत 6 मुस्लिम देशों को जेएफ-17 बेचने की बात चल रही

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का दावा है कि भारत के साथ पिछले साल मई में हुए संघर्ष के बाद पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों की डिमांड बढ़ गई है। रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, उन्होंने कहा किया कि कई देश पाकिस्तानी फाइटर जेट्स खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन फाइटर जेट्स की डिमांड बढ़ी है।

हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कई देश पाकिस्तान जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट्स खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इनमें बांग्लादेश, सूडान, लीबिया, सऊदी अरब, इराक और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं। रायटर्स के मुताबिक, इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री ने 12 जनवरी को पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू से मुलाकात की और करीब 40 जेएफ-17 खरीदने पर बात की। वहीं बांग्लादेश के अखबार डेली स्टार के मुताबिक, पाकिस्तान, बांग्लादेश को भी जेएफ-17 फाइटर जेट बेचेगा। इसको लेकर



■ पाक सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया

दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच बात. चीत हो चुकी है। इसी तरह रायटर्स की रिपोर्ट मे दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने 7 जनवरी को सऊदी अरब को जेएफ-17 बेचने को लेकर बात की है। पाकिस्तान सऊदी अरब से मिले 2 अरब डालर के लोन के बदले यह सौदा कर रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि पाकिस्तानी सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। बांग्लादेश ने भी अभी तक पाकिस्तान के साथ किसी कान्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किए हैं। पिछले 10 सालों में कई देशों ने पाकिस्तान का जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट खरीदने की इच्छा जताई है। नाइजीरिया, म्यांमार और अजरबैजान के मिलिट्री बेड़े में पहले से ही यह जेट शामिल है। अल-जजीरा के मुता. बिक, इसके पहले पाकिस्तान ने दिसम्बर 2025 में लीबिया के विद्रोही गुट, लीबियाई नेशनल आर्मी (एलएनए) को 4 अरब डालर में एक दर्जन से ज्यादा जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने का सौदा किया था। ये पाकिस्तान के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी हथियारों की डील कही जा रही है। रायटर्स की रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि पाकिस्तान सुडान के साथ भी 12500 करोड़ रूपए की डिफेंस डील करने वाला है, जिसमें जेएफ-17 फाइटर जेट भी शामिल हैं। पाकिस्तान सरकार के मुताबिक, जेएफ-17 थंडर एक मल्टी-रोल काम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर जून 2007 में तैयार किया था।

### इसके अलावा भी जेएफ-17 फाइटर जेट में कुछ खामियां हैं

**कम पावर वाला इंजन:** विमान में एक ही आरडी-93 इंजन होने की वजह से इसका थ्रस्ट कम है, जिससे भारी हथियार ले जाते समय स्पीड कम हो जाती है।

**ज्यादा हथियार नहीं ले जा सकता:** जेएफ-17 लगभग 3.6 टन हथियार ही ले जा सकता है। यानी ज्यादा हथियार ले जाना हो, तो फ्यूल कम करना पड़ता है।

**एवियोनिक्स सिस्टम कमजोर:** एवियोनिक्स विमान के वह इलेक्ट्रानिक सिस्टम होते हैं जो उसे उड़ाने, रास्ता तय करने और युद्ध लड़ने में मदद करते हैं।

**इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम सामान्य:** इसका जैमिंग और सेंसर सिस्टम की खतरे को पहचानने और विमान की सुरक्षा करने में क्षमता सीमित है।



ईरान। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के समर्थन में बर्लिन में एक रैली में भाग लेते लोग।

## रोड्रिग्ज, ट्रम्प ने द्विपक्षीय 'अनसुलझे मुद्दों' पर पहली बार बात की

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से तेल, खनिज, व्यापार और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर टेलीफोनिक संवाद करके अपनी सरकारों के बीच 'अनसुलझे मुद्दों' पर चर्चा की। रोड्रिग्ज ने कहा कि उनकी ट्रम्प के साथ लम्बी और सौहार्दपूर्ण माहौल में बात. चीत हुई। उन्होंने कहा कि बातचीत में दोनों देशों के लिए एक सहयोगी एजेंडा के साथ-साथ बकाया द्विपक्षीय मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। गौरतलब है कि रोड्रिग्ज के 5 जनवरी को वेनुजुएला के राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद दोनों नेताओं का यह पहला संवाद है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन ने ऊर्जा क्षेत्र में आपातकाल लागू किया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की ने रूसी हमलों और खराब मौसम की वजह से देश के ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर में आपातकाल लागू करने की घोषणा की है। श्री जेलेंस्की ने बुधवार को टेलीग्राम पर कहा कि इस कदम का मकसद 'बैकअप पावर इक्विपमेंट' को बिजली नेटवर्क से जोड़ने से जुड़ी औपचारिक प्रक्रियाओं को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बिजली आयात बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा सरकार बहुत ज्यादा ठंड के मौसम में निषेधज्ञा नियमों की समीक्षा करेगी और शिक्षा प्रक्रिया के तरीकों पर विचार करेगी। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन की राजधानी कीव, ओडेसा और मध्य यूक्रेन के निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में ऊर्जा की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है।

### उत्तरी कैलिफोर्निया में सड़क हादसे में छह की मौत, एक घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के उत्तरी कैलिफोर्निया में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कैलिफोर्निया की पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार को स्थानीय समय के अनुसार सुबह करीब 10 बजे उत्तरी सैक्रामेंटो घाटी के तेहामा काउंटी में घटित हुई, जहां एक पिकअप ट्रक सेंटर लाइन पार करके सामने से आ रही एक बस को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि बस में पांच यात्री और एक चालक सवार थे। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और दोनों चालक और चार यात्रियों को मौके पर ही मौत हो गई।

### जापान के होक्काइडो में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** जापान के होक्काइडो में बुधवार को 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। जर्मन भूविज्ञानशोध केंद्र (जीएफजेड) ने यह जानकारी दी है। शोध केन्द्र ने बताया कि शुरू में भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर 42.81 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145.36 डिग्री पूर्व अक्षांश पर था।

# ईरान की ओर बढ़ रहा अमेरिकी वॉरशिप

## रिपोर्ट: एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस अब्राहम लिंकन भी शामिल, अमेरिका ने वेनेजुएला में हमले से पहले ऐसे ही घेराबंदी की थी

**वाशिंगटन।** ईरान में जारी सरकार विरा. ेधी प्रदर्शन के बीच अमेरिका ईरान के आस-पास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी में है। अमेरिकी नौसेना का यूएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ साउथ चाइना सी से मिडिल ईस्ट की ओर रवाना हो गया है। यूएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वारशिप में से एक माना जाता है।

अमेरिकी न्यूज वेबसाइट न्यूज नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, ये फैसला ईरानी एयरस्पेस के बंद होने के ठीक एक घंटे बाद लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्राइक ग्रुप को चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए साउथ चाइना सी में तैनात किया था, लेकिन अब इसकी मूवमेंट देखी गई है। इसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में करीब एक हफ्ता लग सकता है। हालांकि, अभी तक अमेरिकी अधिकारियों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिका ने वेनेजुएला में भी हमले से पहले इसी तरह तैनाती बढ़ाई थी। यूएस अब्राहम लिंकन ने साउथ चाइना सी में 12 जनवरी को लाइव फायरिंग अभ्यास किया न्यूज नेशन की व्हाइट हाउस संवाददाता केली मेयर ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह ग्रुप अब साउथ चाइना सी से सेंट्रल कमांड क्षेत्र की ओर जा रहा है। जो मिडिल ईस्ट, उत्तर-पूर्वी अफ्रीका, सेंट्रल एशिया और साउथ एशिया के 21 देशों को कवर करता है। फिलहाल मिडिल ईस्ट में कोई अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप मौजूद नहीं है। इससे पहले यूएस अब्राहम लिंकन साउथ चाइना सी में रूटीन ऑपरेशन कर रहा था। इसमें एक सुपरकैरियर, 3-6 डिस्ट्रायर्स, 1-2 पनडुब्बियां, 7000-8000 सैनिक और 65-70 विमान (एफ-35, एफ/ए-18 आदि) शामिल हैं। यूएस अब्राहम लिंकन अमेरिका के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 (सीएसजी-3) का हिस्सा है, जिसमें एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर के साथ कई युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल होती हैं। अमेरिकी नेवी की आधिक. ारिक वेबसाइट एपरपैक नेवी के मुताबिक, इस ग्रुप में 1 एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस अब्राहम लिंकन के साथ आम तौर पर 3 से 4 गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर्स होते हैं, जो एयर डिफेंस, एंटी-सबमरीन और लैंड-अटैक ऑपरेशन कर सकते हैं। इस ग्रुप में 1 क्रूजर भी शामिल किया जाता है, जो आपरेशंस के दौरान कमांड और कंट्रोल का काम करता है। हालांकि पिछले कुछ सालों में क्रूजर की जगह डिस्ट्रायर्स शामिल किए जाने लगे हैं। इसके अलावा इस ग्रुप में 1 से 2 न्यूक्लियर अटैक सबमरीन तैनात रहती हैं, जो दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों को ट्रैक करने के साथ-साथ 'टोमाहाक' मिसा. इलें दाग सकती हैं। लाजिस्टिक सपोर्ट के लिए सपोर्ट जहाज (जैसे आयलर और सप्लाई शिप) भी साथ चलते हैं। कुल मिलाकर, कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 1 कैरियर, 3-6 सर्फेस वारशिप, 1-2 पनडुब्बियां और सपोर्ट शिप्स के साथ चलता है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान की धार्मिक सरकार गिर सकती है, लेकिन ईरान के आखिरी शाह कहे जाने वाले रेजा पहलवी नई सरकार बनाने जितना समर्थन जुटा पाएंगे, इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार गिरे चाहे न गिरे, ये समय बहुत दिलचस्प होने वाला है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि ईरान की सरकार ने तेजी से मुकदमे चलाने और फांसी देने की योजनाओं को फिलहाल रोक दिया है। ट्रम्प ने कहा कि रेजा पहलवी अच्छे इंसान हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि वह अपने देश में कैसे लौट पाएंगे। मुझे नहीं पता कि उनका अपने देश के लोगों के साथ रिश्ता कैसा है। यह भी नहीं पता कि देश के लोग उनके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे या नहीं। अगर वे स्वीकार कर लेते हैं तो मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं होगी। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने कुछ सैन्य अड्डों से कर्मचारियों को निकालना शुरू कर दिया है। रायटर्स के अनुसार, कतर में स्थित अल उदैद एयर बेस (जो मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा अमेरिकी बेस है और करीब 10,000 सैनिक तैनात है) से कुछ कर्मचारियों को बुधवार शाम तक निकालने को कहा गया है।



■ दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वारशिप में से एक माना जाता है, अब्राहम लिंकन अमेरिकी न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट

### ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को उड़ानों के लिए बंद किया

**तेहरान।** ईरान ने बुधवार रात को हवाई सफर को लेकर अलर्ट जारी किया, जिसमें देश की पहले से अनुमति वाली अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को छोड़कर सभी उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि यह रोक स्थानीय समय अनुसार सुबह 4:00 बजे तक दो घंटे से ज्यादा समय तक लागू रहेगी, लेकिन इसे बढ़ाया भी जा सकता है। ईरान में अमेरिकी वर्चुअल दूतावास ने मंगलवार को अमेरिकी नागरिकों से देश छोड़ने का आग्रह किया था।

# जून में जो गलती की, उसे दोबारा न करे अमेरिका

**तेहरान।** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में एक बयान में प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए उनसे विरोध प्रदर्शन जारी रखने की अपील की थी। उन्होंने ये भी कहा मदद आ रही है। इस पोस्ट के बाद कयास लगने लगे कि शायद अमेरिका, ईरान पर हमला कर सकता है। अब इन कयासों के बीच ईरान की सरकार ने चेतावनी दी है कि पिछली गलती न दोहराएं।

माना जा रहा है कि ईरान ने जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले से जोड़ते हुए ये बात कही। अमेरिकी मीडिया चैनल फाक्स न्यूज के साथ बातचीत में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर तीखा हमला बोला। फाक्स न्यूज के होस्ट ब्रेट बेयर ने जब ये सवाल किया कि क्या उनके पास राष्ट्रपति ट्रम्प के लिए कोई संदेश है, जो प्रदर्शनकारियों की मदद के लिए किसी तरह की कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं? इस पर ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि मेरा संदेश है कि जून में आपने जो गलती की थी, उसे दोबारा न दोहराएं। आप जानते हैं, अगर आप एक असफल अनुभव को दोहराते हैं, तो आपको वही परिणाम मिलेगा। अब्बास अराघची ने कहा कि आपने जून में हमारे परमाणु केंद्रों पर हमला किया, मशीनों को नष्ट कर दिया, लेकिन तकनीक पर बमबारी नहीं की जा सकती और दृढ़ संकल्पों पर भी बमबारी नहीं की जा सकती। विदेश मंत्री अराघची ने आगे कहा कि ईरान हमेशा बात. चीत और कूटनीति के लिए तैयार रहा है, लेकिन उन्होंने अमेरिका पर इससे बचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है। हमने पिछले 20 वर्षों में यह साबित किया है, लेकिन यह अमेरिका है जो हमेशा कूटनीति से बचता रहा, जिसने कूटनीति को खत्म किया और युद्ध को चुना। मेरा संदेश है कि युद्ध और कूटनीति के बीच, कूटनीति एक बेहतर तरीका है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की चेतावनी

# कनाडा की मांग: भारत गोल्ड चोरी के आरोपी को सौंपे

**ओटावा।** कनाडा ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि 2023 में हुई 400 किलो सोने की चोरी के मामले में मुख्य आरोपी सिमरन प्रीत पनेसर को भारत से कनाडा भेजा जाए। पनेसर पर 2023 में टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई सोने के चोरी की साजिश रचने का आरोप है।

कनाडाई अधिकारियों का कहना है कि अपराध करने के बाद वह भारत भाग गया। इसके बाद पनेसर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। 33 साल का पनेसर, पहले एयर कनाडा का कर्मचारी था। पुलिस के मुताबिक, उसने फ्लाइट से शुद्ध सोने की 6600 ईंटें और लगभग 2.5 मिलियन डालर (21 करोड़ रुपये से ज्यादा) की फारेन करेंसी चुराई। सोने का कुल वजन करीब 400 किलो था, जिसकी कीमत 180 करोड़ रुपये थी। अधिकारियों ने कहा कि पनेसर ने एयरलाइन सिस्टम से छेड़छाड़ करके चोरी को संभव बनाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारी इस अनुरोध पर विचार करेंगे और फिर पनेसर को सौंपने का फैसला लेंगे। इस मामले में कनाडा पुलिस ने 12 जनवरी को अर्सलान चौधरी नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक आरोपी के भारत में होने का दावा किया था।

■ दो साल पहले 180 करोड़ का 400 किलो सोना चुराया था
■ अपराध करने के बाद वह भारत भाग गया: कनाडाई अधिकारी

### ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को इजरायल की यात्रा नहीं करने की दी हिदायत

**लंदन।** ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को इजरायल की यात्रा नहीं करने की सहाल दी है। ब्रिटिश सरकार बुधवार को 'बहुत जरूरी यात्रा' को छोड़कर सभी यात्राओं को लेकर चेतावनी जारी की। सरकार ने इसके पीछे क्षेत्र में बढ़ते तनाव का हवाला दिया है, जिससे यात्रा में रुकावट और दूसरे अप्रत्याशित असर हो सकते हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी यात्रा दिशानिर्देश में कहा गया है कि बिगड़ता सुरक्षा माहौल यात्रियों के लिए जोखिम बढ़ा रहा है और क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में सावधानी बरतने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दिशानिर्देश इजरायल और फिलिस्तीनी क्षेत्रों दोनों पर लागू होगी और इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है।

# गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड की जरूरत: अमेरिका

## कुछ न कुछ हल निकालेंगे, ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री बोली: अमेरिका का गुलाम नहीं बनना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि कुछ न कुछ हल निकल आएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है।

गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प का यह बयान व्हाइट हाउस में अमे. रिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों के बीच हुई हाई कमेटी बैठक के बाद आया है। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। बैठक के बाद ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ड ने कहा कि उन्हें अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद है। लेकिन ग्रीनलैंड पर अमेरिका का राज स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ अपने सहयोग को मजबूत करना हमारे लिए ठीक है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम अमेरिका के गुलाम होना चाहते हैं। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्री व्हाइट हाउस में चल रही बातचीत को निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले ही छोड़कर निकल गए। उन्होंने आगे कहा कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया, तो रूस या चीन इसे ले लेंगे और वे ऐसा कभी नहीं होने देंगे। ट्रम्प का कहना है कि नाटो को इस मामले में आगे आना चाहिए और अमेरिका को ग्रीनलैंड दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ग्रीनलैंड अमेरिका के हाथ में होने से नाटो और ज्यादा मजबूत और प्रभावी हो जाएगा। व्हाइट हाउस में हुई बातचीत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ डेनमार्क के विद. ेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ट शामिल हुईं। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है। उन्होंने ट्रम्प के ग्रीनलैंड को खरीदने या कब्जा करने के विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यह डेनमार्क के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश आर्कटिक में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं, जिसमें ग्रीनलैंड में और ज्यादा अमेरिकी सैन्य अड्डे बनाने की संभावना भी शामिल है।



■ गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है, यह प्रोजेक्ट इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है

# ट्रम्प पाक सहित 75 देशों के लिए वीजा सर्विस रोकेंगे

## लिस्ट में बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी, मकसद-अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या घटे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने 75 देशों के लिए 21 जनवरी से वीजा जारी करने की पूरी प्रोसेस रोकने का फैसला किया है। इसमें पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी देश हैं। फाक्स न्यूज के मुता. बिक, यह फैसला अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक मेमो के आधार पर लिया गया है।

इस फैसले का मकसद अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या कम करना है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि अब वह अपनी उस कानूनी शक्ति का इस्तेमाल करेगा, जिसके तहत ऐसे लोगों को वीजा देने से रोका जा सकता है, जिनके बारे में आशंका हो कि वे अमेरिका आकर सरकारी मदद या वेलफेयर योजनाओं पर निर्भर हो सकते हैं। अमेरिकी दूतावासों और कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे वीजा आवेदनों को तब तक खारिज करें, जब तक जांच और सत्यापन की प्रक्रिया की दोबारा समीक्षा नहीं हो जाती। इस रोक को कितने समय तक लागू रखा जाएगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन अमेरिका की इमिग्रेशन व्यवस्था के गलत इस्तेमाल को खत्म करना चाहता है और उन लोगों को रोकना चाहता है जो अमे. रिकी जनता के पैसे का फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इन 75 देशों के लिए इमिग्रेंट वीजा की प्रक्रिया तब तक रोकी जाएगी, जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं। इस नए फैसले का असर टूरिस्ट, बिजनेस या अन्य अस्थायी वीजा पर नहीं पड़ेगा। इसमें इस साल होने वाले फुटबाल वर्ल्ड कप को देखने आने वाले लोग भी शामिल हैं, हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने सभी वीजा आवे. दकों के सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच करने की बात कही है। दुनिया के कई देशों को शामिल करते हुए एक पूरी लिस्ट जारी की गई है। इस लिस्ट में एशिया, अफ्रीका, यूरोप, कैरिबियन और नार्थ-साउथ अमेरिका के देश शामिल हैं। एशिया महाद्वीप के देश- अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, बांग्लादेश, भूटान, बर्मा (म्यांमार), कंबोडिया, ईरान, इराक, जार्डन, कजाकिस्तान, कुवैत, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मंगोलिया, नेपाल, पाकिस्तान, सीरिया, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान और यमन। अफ्रीका महाद्वीप के देश। अल्जीरिया, कैमरून, केप वर्डे, कोटे डी आइवर, कांगो, मिस्र, इरिट्रिया, इथियोपिया, गैम्बिया, घाना, गिनी, हैती, लाइबेरिया, लीबिया, मोरक्को, नाइजीरिया, कांगो गणराज्य, रवांडा, सेनेगल, सिएरा लियोन, सोमालिया, दक्षिण सूडान, सूडान, तंजानिया, टोगो, टयूनीशिया और युगांडा। यूरोप महाद्वीप के देश-रूस, अल्बानिया, बेलारूस, बोस्निया, जार्जिया, कोसोवो, मैसेडोनिया (नार्थ मैसेडोनिया), मोल्दोवा और मोंटेनेग्रो। उत्तर अमेरिका (कैरिबियन सहित) एंटीगुआ और बारबुडा, बहामास, बारबाडोस, बेलीज, क्यूबा, डोमिनिका, ग्रेनाडा, हैती, जमैका, संेट किट्स और नेविस, संेट लुसिया, संेट विसेंट और ग्रेनेडाइन्स। दक्षिण और संेट्रल अमेरिकी देश-ब्राजील, कोलंबिया, उरुग्वे, ग्वाटेमाला और निकारागुआ। ट्रम्प गैर यूरोपीय देशों का इमिग्रेशन कम करना चाहते हैं- मास्को

■ जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर

बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
Google Justdial
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर